सुप्रभात
रांची, बुधवार
15.03.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net चैत्र, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 239



12 सारा अली खान की गैसलाइट का ट्रेलर जारी

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007 BACET
Flagship Courses : B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95% •Bank Education Loan Facility. •Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives. •Thrust on Research & Development. •Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on: 9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## न्यूज डायरी

### लाखों उड़ाने के मामले में मामा-भांजा गिरफ्तार

**गिरिडीह।** हरियाणा के गुरुग्राम जिले की साइबर पुलिस ने मंगलवार को गिरिडीह गपैय के अजय मंडल और जामताड़ा करमाटांड़ के दिनेश को गिरफ्तार अपने साथ ले गयी। दोनों ने एक सीनियर आइपीएस अधिकारी से लाखों की ठगी की थी।

### राजद नेता सुनील राय घर के बाहर से अगवा

**छपरा।** बिहार के छपरा में अहले सुबह साढ़ा बाजार समिति स्थित आवास से राजद नेता सुनील राय का अपहरण कर लिया है। सुबह 4 बजे उन्हें फोन आया। घर से बाहर निकलते ही स्कॉर्पियो सवार चार-पांच लोग उन्हें गाड़ी पर बैठा लिये।

### बीआइटी सिंदरी में छात्रों के बीच मारपीट

**धनबाद।** बीआइटी सिंदरी में किसी विवाद को लेकर सीनियर और जूनियर छात्रों में मारपीट हो गयी। हॉस्टल में तोड़फोड़ के बाद प्रबंधन ने पुलिस को बुलाया। अनुशासन समिति ने एक सीनियर छात्र पर कार्रवाई कर संस्थान के छात्रावास से बाहर निकाल दिया है।

### करदाता राष्ट्र निर्माण में सरकार के साझीदार: मुर्मू

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि देश के करदाता न केवल राजस्व के स्रोत, बल्कि राष्ट्रनिर्माण में सरकार के साझीदार भी हैं। उन्होंने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में भारतीय राजस्व सेवा के 76वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के सहायक कार्यकारी अभियंताओं से मुलाकात की।

### वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रताप वैदिक का निधन

**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ पत्रकार और अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ वेद प्रताप वैदिक (78) का मंगलवार सुबह निधन हो गया। उनके करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी। वे सुबह करीब नौ बजे बाथरूम में संभवत: दिल का दौरा पड़ने से गिर पड़े।

### लोकसभा में नहीं चल सका प्रश्नकाल

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में विदेशों में भारतीय लोकतंत्र को अपमानित करने तथा हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर सत्ता पक्ष एवं विपक्ष का हंगामा मंगलवार को भी जारी रहा और सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित करनी पड़ी इसके कारण प्रश्नकाल नहीं हो सका।

### देश में 24 घंटे में कोरोना से दो लोगों की मौत

**नयी दिल्ली।** देश में कोविड-19 महामारी से पिछले 24 घंटों में दो लोगों की मौत हो गयी और 94 सक्रिय मामले बढ़े हैं।

### फिरोजाबाद : दो वाहनों की भिड़ंत में पांच की मौत

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद के नसीरपुर क्षेत्र में मंगलवार को आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर फोर्स जीप और इको स्पोर्ट्स कार की टक्कर में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि नौ अन्य गंभीर हो गये।

### फरवरी में घट कर 3.85% रही थोक मुद्रास्फीति

**नयी दिल्ली।** थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति फरवरी में मासिक आधार पर लगातार घटते हुए 3.85 प्रतिशत पर आ गयी। यह जनवरी में 4.73 और दिसंबर, 2022 में 5.02 प्रतिशत थी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 54,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 70,000 रु./प्रति किलो |

## हंगामा, वॉकआउट के बीच विधानसभा से कृषि विभाग की अनुदान मांग पास

# राशि रोकने की धमकी देता है केंद्र: बादल

›› विपक्ष का कटौती प्रस्ताव खारिज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारी शोरगुल, हंगामे और विपक्ष का वॉकआउट के बीच सत्र के दूसरे चरण के दूसरे दिन मंगलवार को कृषि विभाग की अनुदान मांग पर चर्चा हुई। विधानसभा से मंगलवार को चर्चा के बाद कृषि, पशुपालन, सहकारिता विभाग के वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 2804 करोड़ रुपये की अनुदान मांग ध्वनिमत से पारित हो गयी। विपक्ष का कटौती प्रस्ताव खारिज कर दिया गया।

अनुदान मांग पर चर्चा का जवाब देते हुए कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि राज्य तो काम करने के लिए तैयार है, लेकिन केंद्र सरकार उनके हिसाब से काम नहीं करने पर राशि रोक देने की धमकी देती है। उन्होंने कहा कि कृषि बाजार समिति के मामले में भी ऐसा ही हुआ। पूर्व की सरकार के समय पीएम ने रघुवर दास को पत्र लिखकर कहा था कि आपको अमुक व्यवस्था के तहत काम करना है। अभी केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर पत्र लिखकर कहते हैं कि फेडरल सिस्टम में सहयोग करें नहीं तो केंद्रीय योजनाओं की राशि रोक दी जायेगी। इसके साथ ही सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। इससे पहले कृषि विभाग की अनुदान मांग पर चर्चा के दौरान सरकार के जवाब के पहले ही 60-40 नीति नाय चलतो का नारा देते हुए भाजपा और आजसू के विधायक सदन से वाकआउट कर गये।

कृषि मंत्री ने कहा कि बाजार समिति शरीर में एक घाव की तरह है। हमारी सरकार इसका इलाज कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को हमने शौक से बंद नहीं किया था। समीक्षा में पाया कि इसमें जो राशि हम दे रहे हैं उसमें 14 प्रतिशत राशि ही किसानों के खाते तक पहुंच रही थी बाकी राशि बीमा कंपनी को जा रही थी। हमारी सरकार ने अपने स्तर से बीमा शुरू किया है और अबतक 10 लाख 56 हजार किसानों के खाते में 367 करोड़ रुपये गये हैं। उन्होंने कहा कि देश का दुर्भाग्य है कि केंद्र सरकार गरीब, किसान, मजदूरों का बैंक में जमा पैसा उद्योगपतियों को दे रही है। कृषि मंत्री ने गोड्डा पावर प्लांट के बहाने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा- बहतो हमर खून पसीना और बिजली ले जातो शेख हसीना, नाय चलतो। (शेष पेज 11 पर)




**विपक्ष का हंगामा :** झारखंड में नियोजन नीति को लेकर सियासत जारी है। मंगलवार को झारखंड बजट सत्र के दौरान विधानसभा परिसर में भाजपा विधायकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। 60-40 नाय चलतो और सीएम हाय हाय के विपक्ष के नारों से पूरा विधानसभा परिसर गूंज उठा। भाजपा विधायक 60 40 नाय चलतो लिखे भगवा रंग की टी शर्ट पहन कर आये थे। वे मुख्यमंत्री से सदन में इस मुद्दे पर वक्तव्य देने की मांग कर रहे थे। भाजपा विधायकों ने अनोखे अंदाज में सरकार को घेरने की कोशिश की।



कृषि मंत्री ने गोड्डा पावर प्लांट के बहाने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा- *बहतो हमर खून पसीना और बिजली ले जातो शेख हसीना, नाय चलतो।*

### झूठ बोलने में विपक्ष माहिर

श्री बादल ने कहा कि विपक्ष झूठ प्रचारित करने में माहिर है। विपक्ष का आरोप है कि कृषि विभाग में 18 फीसदी राशि ही खर्च हुई है, जबकि सच्चाई इसके विपरीत है। कृषि विभाग के सहकारिता क्षेत्र में 75 प्रतिशत, मत्स्य में 79 प्रतिशत, पशुपालन में 61 प्रतिशत, दुग्ध उत्पादन में 75 फीसदी राशि खर्च हो चुकी है। पूर्व की सरकार के समय प्रतिदिन दूध का उत्पादन प्रतिदिन 97 हजार लीटर था आज यह बढ़कर एक लाख 45 हजार लीटर है। सरकार मवेशी पालन में सब्सिडी दे रही है।

## पहली मंगलवारी पर राममय हुई रांची



फोटो : समीर

## सीएम ने की कांटा टोली और सिरम टोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य की समीक्षा

# समय पर पूरा करें काम : हेमंत

■ निर्माण स्थल के पास ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ रखें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को राजधानी रांची में बन रहे कांटा टोली फ्लाईओवर और सिरम टोली फ्लाईओवर के कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि दोनों ही फ्लाईओवर का निर्माण तय समय तक हर हाल में हो जाना चाहिए। उन्होंने विशेषकर कांटाटोली फ्लाईओवर और सिरम टोली फ्लाईओवर के जंक्शन पर ट्रैफिक सिस्टम व्यवस्थित रखने की दिशा में उठाये जा रहे तकनीकी पहलुओं की जानकारी जुडको और पथ निर्माण विभाग के अभियंताओं से ली। कहा कि दोनों फ्लाईओवर के जंक्शन पर स्मूथ ट्रैफिक के लिए सभी आवश्यक कदम उठायें, ताकि आम लोगों को परेशानी न हो। सीएम ने दोनों फ्लाईओवर के निर्माण के क्रम में यूटिलिटी शिफ्टिंग को लेकर भी जानकारी ली और कई निर्देश भी दिये।

**यूटिलिटी शिफ्टिंग को लेकर निर्देश :** समीक्षा के दौरान सीएम को दोनों फ्लाईओवर के निर्माण की जानकारी पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार ने दी। मुख्यमंत्री ने दोनों फ्लाईओवर निर्माण को लेकर यूटिलिटी शिफ्टिंग को लेकर विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण सचिव और अभियंताओं को फ्लाईओवर निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। (शेष पेज 11 पर)



अधिकारियों से जानकारी लेते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

### कोई बाधा हो तो शीघ्र हल करें : मुख्यमंत्री

सीएम ने अभियंताओं से कहा कि अगर फ्लाईओवर को लेकर किसी तरह की तकनीकी अड़चन आ रही है तो उसका अविलंब समाधान निकालें। अधिकारियों ने बताया कि कांटा टोली और सिरम टोली फ्लाई ओवर निर्माण में आधुनिकतम तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है। मौके पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, सीएम की प्रधान सचिव वंदना डाडेल और पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार मौजूद थे।

## राजीव अरुण एक्का ने इडी से 24 तक का समय मांगा

**रांची (खबर मन्त्र)।** भ्रष्टाचार के मामले में झारखंड के आइएएस बदनाम हो रहे हैं। रांची के पूर्व डीसी डॉ प्रदीप कुमार, पूजा सिंघल के बाद इडी की तलवार अब आइएएस राजीव अरूण एक्का पर लटक रही है। उन्हें इडी ने सम्मन जारी कर बुधवार को पूछताछ के लिए अपने दफ्तर बुलाया। पर सीएम के पूर्व प्रधान सचिव ने विधानसभा सत्र का हवाला देकर इडी को पत्र लिख 24 मार्च तक का वक्त मांगा है। उन्होंने ईडी से कहा है कि 23 मार्च तक विधानसभा सत्र चलेगा, उसके बाद ही ईडी के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं। फिलहाल, श्री एक्का पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव पद पर पदस्थापित हैं।

**क्या है मामला :** पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी की तरफ से वीडियो जारी करने के बाद हाईकोर्ट के चर्चित अधिवक्ता राजीव कुमार ने अरगोड़ा थाने में एफआइआर दर्ज करने का आवेदन सात मार्च को दिया है। जिसमें आइएएस राजीव अरुण एक्का और पावर ब्रोकर विशाल चौधरी पर एफआईआर का अनुरोध किया गया था। अरगोड़ा थाना ने इस आवेदन पर कार्रवाई नहीं की। (शेष पेज 11 पर)

# शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो फिर अपोलो चेन्नई एयरलिफ्ट

■ तबीयत बिगड़ने पर पारस अस्पताल में किये गये थे भर्ती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की तबीयत मंगलवार को अचानक बिगड़ गयी। इसके बाद उन्हें पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उनकी हालत को देख उन्हें एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए अपोलो चेन्नई ले जाया गया। उनके साथ उनके पुत्र राजू और हेल्थ टीम भी गयी है। राजू के मुताबिक मंत्री चेन्नई की मेडिकल टीम के लगातार संपर्क में रहते हैं। निर्धारित गाइडलाइन का पालन करते हैं। जरूरत पड़ने पर चेन्नई जाकर भी चेकअप कराते हैं। चेन्नई ले जाने से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनसे मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। शिक्षा मंत्री को पारस अस्पताल से ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एयरपोर्ट लाया गया। आने से पहले सारे इमरजेंसी गेट खोल दिये गये थे ताकि उन्हें सीधे चार्टर्ड प्लेन के लिए हवाई अड्डे के अंदर ले जाया सके। (शेष पेज 11 पर)



# अवैध माइनिंग की जांच करने के लिए हाइकोर्ट ने बनायी कमेटी

■ तीन सदस्यीय कमेटी में एक आइजी रैंक के अधिकारी

■ पलामू, गढ़वा और लातेहार डीसी को जांच में कमेटी करेगी मदद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले को लेकर पंकज यादव की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में आइजी रैंक के अधिकारी समेत माइनिंग विभाग के दो सीनियर अधिकारियों की तीन सदस्यीय कमेटी बनाने का निर्देश दिया है। इन अधिकारी को जियोलॉजी और माइनिंग की जानकारी होना जरूरी है। गृह सचिव इन तीन सदस्य वाली कमेटी चुनेंगे। इस 3 सदस्य वाली कमेटी को लातेहार, गढ़वा और पलामू के डीसी जांच में सहयोग करेंगे। कमेटी तीनों जिलों में अवैध माइनिंग की जांच कर रिपोर्ट कोर्ट को सौंपेगी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 4 सप्ताह बाद निर्धारित की है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि झारखंड में राजस्व का प्रमुख सोर्स माइनिंग है, इसके बाद भी यहां अवैध माइनिंग हो रही है। (शेष पेज 11 पर)




# इमरान की गिरफ्तारी से पहले पाक में गृह युद्ध

■ कमांडो ऑपरेशन पर खान समर्थक बोले- अब लाशें गिरेंगी

■ झड़प में डीआइजी समेत कई घायल, लाइव कवरेज पर रोक

**एजेंसी**

**लाहौर, इस्लामाबाद।** सोमवार को हुए ड्रामे के बाद इस्लामाबाद पुलिस और रेंजर्स कमांडो मंगलवार को एक बार फिर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को गिरफ्तार करने लाहौर वाले घर पहुंच गये। इमरान खान ने एक बार फिर समर्थकों के नाम सोशल मीडिया पर अपील जारी की। कहा- आपके नेता की जान को खतरा है। हमें एकजुट रहना है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर जल्द से जल्द लाहौर में जमान पार्क वाले घर आने को कहा। इमरान की गिरफ्तारी से पहले ही सड़कों पर संग्राम शुरू हो गया। लाहौर स्थित उनके घर पहुंची पुलिस को समर्थकों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। लाहौर की सड़कों पर पीटीआई समर्थकों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पें भी हुई हैं। समर्थकों ने पुलिस पर पत्थरबाजी की, जिसके जवाब में पुलिस ने लाठी चार्ज किया और पानी की बौछार कर भीड़ को खदेड़ा। इन झड़पों के दौरान डीआइजी समेत कई पुलिस अधिकारी घायल हो गये। हिंसा की आशंका देख पुलिस बख्तरबंद गाड़ियों के साथ इमरान के घर पहुंची। लाहौर के कुछ इलाकों में इमरान समर्थकों ने पेट्रोल बम फेंके हैं। इसके बाद सभी टीवी चैनलों से कहा गया कि वो घटना की लाइव कवरेज बंद कर दें। (शेष पेज 11 पर)



### इमरान ने हत्या की आशंका जतायी

इस बीच इमरान खान ने वीडियो जारी कर अपनी हत्या की आशंका जतायी है। इमरान ने वीडियो बयान जारी कर कहा- पुलिस को लगता है कि वो मुझे गिरफ्तार करके अवाम को चुप करा देंगे। हो सकता है वो मुझे मार डालें, लेकिन आपको ये जंग लड़ते रहना है। उन्होंने कहा कि अगर मैं जेल गया तो मेरी हत्या कर दी जायेगी। सरकार को लगता है कि मेरे जेल जाने से अवाम सो जायेगी। लेकिन, अवाम को बाहर निकलना होगा और बताना होगा कि यह जिंदा कौम है। इमरान की बहन अलीमा बोलीं- पुलिस ने हमारे घर पर गोलियां चलायी। बंगले के लॉन में आंसू गैस के कुछ गोले भी फेंके। हमें सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

## फिर बदल रहा झारखंड में मौसम का मिजाज

# आज से फिर ठनका और बारिश के आसार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने की संभावना है। मौसम केंद्र, रांची ने 15 मार्च से वज्रपात के साथ बारिश की संभावना जतायी है। इस दौरान तेज हवा भी चलने की बात कही है। इसको देखते हुए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। (शेष पेज 11 पर)

### मौसम केंद्र की चेतावनी

मौसम केंद्र ने 15 से 17 मार्च तक राज्य में कहीं-कहीं वज्रपात के साथ तेज हवा चलने की चेतावनी जारी की है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना जतायी है। वहीं, 18 मार्च को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन/वज्रपात के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना जतायी।

# पारदर्शिता पर बल

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों द्वारा उठाये जा रहे सवालों के क्रम में शीर्ष अदालत ने मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों की नियुक्ति के लिये नई व्यवस्था दी है। जो इस बाबत संसद द्वारा कानून बनाये जाने तक लागू रहेगी। इस तदर्थ व्यवस्था के बाबत शीर्ष अदालत ने कहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त व दूसरे आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, प्रधान न्यायाधीश व विपक्षी नेता की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जायेगी। यदि संसद में विपक्षी नेता न हो तो सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को यह अधिकार दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि अब तक यह कार्य सरकार द्वारा ही किया जा रहा था। लेकिन पिछले दिनों पंजाब के एक पूर्व नौकरशाह को जिस तरह आनन-फानन में चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया, उसे कोर्ट ने बिजली की तेजी से नियुक्त बताते हुए इसकी प्रक्रिया पर सवाल उठाये थे। दरअसल, इस बाबत अतीत में दायर याचिकाओं पर सुनवाई के लिये सुप्रीम कोर्ट ने पांच सदस्यीय संविधान पीठ गठित की थी। जिसने अपना फैसला बीते नवंबर माह में सुरक्षित कर लिया था। कमोबेश इसी तरह का टकराव न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर भी जारी रहा है।दरअसल, संविधान में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर स्पष्ट प्रक्रिया की व्याख्या नहीं की गई है जिसका लाभ केंद्र में सत्तारूढ़ सरकारें मनमाने व्यवहार करके उठाती रही हैं। वह अपनी सुविधा के अनुरूप अधिकारियों की नियुक्ति करती रही हैं। जिसके चलते आयोग की कारगुजारियों को लेकर गाहे-बगाहे सवाल उठाये जाते रहे हैं। देश में लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए निष्पक्ष चुनाव अनिवार्य है। सरकारें चाहे जो भी रहें उन्हें इस शुचिता का पूरा ख्याल रखना चाहिए।

# डूबते अमेरिकी बैंक

अमेरिकी में स्टार्टअप परिवेश के लिए सबसे बड़े बैंक सिलिकॉन वैली बैंक (एसवीबी) के दिवालिया होने से क्षेत्र में रातोरात ही अनिश्चितता के हालात बन गए हैं और इससे भारत के स्टार्टअप परिदृश्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। सिलिकॉन वैली में वेंचर कैपिटलिस्ट एवं आरंभिक चरण के निवेशक आशु गर्ग ने कहा, ह्यहम आशा करते हैं कि यह मामला जल्द सुलझ जाएगा। लेकिन मेरा मानना है कि इससे भारतीय स्टार्टअप बहुत अधिक प्रभावित होंगे।' दुनिया के जानेमाने प्रौद्योगिकी स्टार्टअप और उद्यम पूंजी कंपनियां सिलिकॉन वैली बैंक (एसवीबी) को अच्छी तरह से जानती हैं। एसवीबी के दिवालिया होने के बाद इसके नियामक ने बैंक की संपत्ति को जब्त कर उसे बंद कर दिया है। बैंक में खाता रखने वाले कुछ स्टार्टअप को अपने कर्मचारियों को भुगतान करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें डर है कि अगल वे अपने धन का इस्तेमाल नहीं कर सके, तो उन्हें अपनी परियोजनाओं को रोकना पड़ सकता है। सिलिकॉन वैली बैंक भारतीय स्टार्टअप के लिए एक वास्तविक समर्थक रहा है और उसने उन्हें बैंकिंग सेवाएं दी हैं। अमेरिका में कारोबार करने वाले ज्यादातर भारतीय स्टार्टअप इसी बैंक की सेवाएं लेते हैं। यह उन चुनिंदा संस्थानों में से है जो भारतीय बैंकों के साथ काम करने का इच्छुक है। अन्यथा बड़ी संख्या में बैंकिंग संस्थान विदेशी ग्राहकों के साथ काम नहीं करना चाहते।' एसवीबी के पतन का भारतीय-अमेरिकी लोगों और उनकी कंपनियों पर बहुत गंभीर असर होने वाला है। जो कुछ भी हुआ है वह बहुत ही निराशाजनक और चिंता पैदा करने वाला है। निश्चित ही अमेरिकी बैंक के डूबने से बैंकिंग सेक्टर की चिंता बढ़ गयी है।

# कृषि सुधार को लेकर सरकार गंभीर नहीं



स्वतंत्र भारत में लघु और सीमांत किसानों की माली हालत किसी से छुपी नहीं है। मोदी सरकार किसानों की आय दोगुना करने का प्रयास कर रही है। इससे कुछ बदलाव भी दिख रहा है। बावजूद इसके देश का पेट भरने वाला अधिसंख्य किसान खुद भूखा, नंगा और फटेहाल है। भारत में कृषि सुधार एक अंतहीन बहस का मुद्दा रहा है। इस पर कब पूर्णविराम लगेगा, यह अबूझ पहेली है।

आजादी के बाद श्वेत और हरित क्रांति के नारे बुलंद किए गए,लेकिन जमीनी स्तर पर उसका लाभ किसानों को नहीं मिला। तत्कालीन सरकारों की नीतियों की वजह से किसान आत्महत्या करने को मजबूर हुआ। बैंकों के कर्ज तले उसकी पीढ़ियां दबती चली गईं। किसानों की समस्याओं को लेकर एक स्वतंत्र आयोग का गठन नहीं किया जा सका जो किसानों की समस्याओं की निगरानी रखता।

आधुनिक विकास में लघु और सीमांत किसानों के लिए कृषि लाभकारी साबित नहीं हो पाई। अगर ऐसा होता तो किसान आत्महत्या सरीखा कदम कभी नहीं उठता। देश की जीडीपी में कृषि कि हिस्सेदारी तकरीबन 20 फीसदी है। बावजूद किसान की हालत किसी से छुपी नहीं है। महाराष्ट्र में 512 क्विंटल प्याज बेचने के बाद किसान को सिर्फ दो रुपये का मुनाफा मिलता है। यह खेती और किसान साथ भद्दा मजाक नहीं तो और क्या है। सरकारों ने किसानों को सिर्फ लालीपॉप दिया उनकी माली हालत सुधारने का प्रयास नहीं किया।

केंद्र की मोदी सरकार ने सूरत बदलने की कोशिश की। कृषि कानून लाया गया पर आंदोलन की वजह से कुछ नहीं हो पाया। किसानों की उपज और मंडी के बीच आर्थिक संतुलन बढ़ाने और लागत घाटा कम करने की ठोस नीति की जरूरत इस समय महसूस की जा रही है। भारत का किसान दुनिया का पेट भर सकता है, लेकिन हमारी सरकारों के पास ऐसी नीति नहीं है जिससे उसकी माली हालत में सुधार हो। किसनों की उपज और उससे जुड़े रासायनिक उर्वरक कृषि संयंत्र बेंच कर लोग मालामाल हो गए। लेकिन किसान जहां का तहां रह गया। किसान अपना धान और गेहूं 2200 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर बेचता है। किसान उसी फसल का बीज महंगा लेता है।



- प्रभुनाथ शुक्ल

> किसानों को गन्ना, कपास, ज्वार, बाजरा, तिलहन, दलहन,मोटे अनाजों के लिए उचित बाजार नहीं मिल पाता है। जिन राज्यों में सरकारी सुविधाएं उपलब्ध हैं वहां सरकारी खरीद की नीतियां और अफसरशाही के बर्ताव बिचौलिये चांदी काटते हैं। देश के लघु, सीमांत और मध्यम किसानों के लिए कृषि में बेहतर सुधार की आवश्यकता है। किसानों की फसलों का उचित समर्थन मूल्य मिलना चाहिए।

देश के लघु, सीमांत और मध्यम किसानों के लिए कृषि में बेहतर सुधार की आवश्यकता है। किसानों की फसलों का उचित समर्थन मूल्य मिलना चाहिए। फसलों के तैयार होने के बाद तत्काल उन्हें बाजार उपलब्ध कराना होगा। सस्ते दर पर कृषि संयंत्र की उपलब्धता होनी चाहिए। सिंचाई के लिए बिजली, नहर, ट्यूबेल, तालाब और बावड़ी की जरूरत है। सूखा प्रभावित राज्यों में इसके लिए विशेष वित्त की जरूरत है। इसके साथ रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक, खाद-बीज पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

किसानों को गन्ना, कपास, ज्वार, बाजरा, तिलहन, दलहन,मोटे अनाजों के लिए उचित बाजार नहीं मिल पाता है। जिन राज्यों में सरकारी सुविधाएं उपलब्ध हैं वहां सरकारी खरीद की नीतियां और अफसरशाही के बर्ताव बिचौलिये चांदी काटते हैं।

महाराष्ट्र में नासिक और पुणे जैसे जिले प्याज उत्पादन को लेकर बेहद अग्रणी है। देश की खपत का 42 फीसदी उत्पादन महाराष्ट्र में होता है। लासलगांव एशिया की सबसे बड़ी प्याज मंडी है। बारिश और दूसरे प्राकृतिक प्रकोप की वजह से प्याज उत्पादक किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। प्याज बाजार में 15 से 20 रुपये प्रति किलो बिक रही है। केंद्र सरकार को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि उत्पादन के बाद किसानों को फसल का हर स्तर पर उचित मूल्य मिले। लागत मूल्य से किसान को दो गुना फायदा होना चाहिए। महाराष्ट्र और देश के अन्य हिस्सों में किसान उपज के लिए बाजार भाव उपलब्ध न होने पर अपनी खड़ी फसल को नष्ट कर देता है। लॉकडाउन में ऐसा हो भी चुका है। भारत का किसान दुनिया का पेट भर सकता है, लेकिन हमारी सरकारों के पास ऐसी नीति नहीं है जिससे उसकी माली हालत में सुधार हो। किसनों की उपज और उससे जुड़े रासायनिक उर्वरक कृषि संयंत्र बेंच कर लोग मालामाल हो गए। लेकिन किसान जहां का तहां रह गया। किसान अपना धान और गेहूं 2200 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर बेचता है।

महाराष्ट्र की मौजूदा सरकार किसानों को लेकर अपने बजट को ऐतिहासिक बता रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि अभी तक तौकते तूफान से प्रभावित किसानों को मुआवजा तक नहीं मिल पाया है। राज्य में प्याज की अच्छी कीमत न मिलने पर किसान अपनी फसल की जुताई करने को मजबूर है। महाराष्ट्र सरकार ने भी पीएम किसान की तर्ज पर यहां किसानों को 6000 रुपये देने का फैसला किया है और कई लाभकारी योजनाओं की घोषणा की है। किसानों को कितना लाभ होगा यह तो भविष्य बताएगा।

महाराष्ट्र सरकार ने एक रुपये में फसल बीमा उपलब्ध कराने का वादा किया गया है। लेकिन जमीनी बात यह है कि फसल बीमा की नीतियां ही कारगर नहीं हैं। उसका अच्छा लाभ किसानों को नहीं मिल पाता है। सरकारें भी यह बात अच्छी तरह जानती हैं। बीमा कंपनियों के नियम इतने उलझन भरे हैं कि किसान खुद उलझ जाता है। फसलों पर प्राकृतिक मार का आकलन सामूहिक रूप से किया जाता है, जबकि किसान व्यक्तिगत रूप से भी प्रभावित होता है।

## खास बात
### सांसों की डोर

**सहीराम**

**सांस** अटक रही है, सांस घुट रही है, बल्कि अब तो सांस टूटती जा रही है। नहीं, कहीं आग नहीं लगी है और न ही कहीं सिगड़ी जल रही है जनाब कि दम घुट रहा हो, कहीं टैंक नहीं फटा है, कहीं जहरीली गैस लीक नहीं हुई है, कोई औद्योगिक हादसा नहीं हुआ है कि दम घुट रहा हो। कहीं स्मॉग भी नहीं है, कहीं पराली भी नहीं जलायी जा रही है कि दम घुट रहा हो। अब जो सचमुच दोषी हैं और जिन पर दोष डाला जा सकता है, उन पर दोष डालना, सांप की बाम्बी में हाथ डालना है। जरा दोष देकर देखो, पता चल जाएगा। देशद्रोही कहलाओगे। भक्तजन आप पर टूट पड़ेंगे।

बल्कि अब तो ऑटोमोबाइल को भी दोषी नहीं ठहराया जा सकता। देखो आसमान कितना साफ है। लॉकडाउन का यही तो फायदा है। फिर भी सांस अटकती जा रही है, घुटती जा रही है, टूटती जा रही है और ऑक्सीजन कहीं नहीं है। न अस्पतालों में, न उद्योगों में, न बाजार में। आदमी हैं, बीमार हैं, लेकिन ऑक्सीजन नहीं है। वैसे तो पर्याप्त नहीं हैं, पर कहने को अस्पताल भी हैं, लेकिन वहां ऑक्सीजन नहीं है। सरकारी की तो छोड़ो, प्राइवेट अस्पतालों में भी ऑक्सीजन नहीं है। पैसे खर्च करके भी नहीं है। ऑक्सीमीटर तो चलो आप ब्लैक में खरीद लोगे, पर ऑक्सीजन तो कहीं नहीं है।

ऑक्सीजन की लूट है, पर ऑक्सीजन नहीं है। ऑक्सीजन के लिए दंगे हो रहे हैं। कहां तो कायदे से दूसरे दंगे होने चाहिए थे। बेचारे मीडिया ने उसके लिए कितनी मेहनत की थी, चैनलों ने बाकायदा मंच सजाए थे, मुर्गे लड़ाए थे। पर, अब देखो दंगे हो रहे ऑक्सीजन के लिए। बताओ इस देश में धर्म ध्वजा कैसे फहराएगी। ऑक्सीजन के लिए छीन झपट है। यह राज्य उस राज्य पर और वह राज्य इस राज्य पर आरोप लगा रहा है कि हमारे हिस्से की ऑक्सीजन ले गया। यह आरक्षण का मामला नहीं है। यह धर्म का मामला नहीं है। यह कोई दो राज्यों के बीच जल विवाद भी नहीं है कि वह राज्य इस राज्य पर और यह राज्य, उस राज्य पर यह आरोप लगाए कि देखो वह हमारा पानी ले गया।

अब तो झगड़ा ऑक्सीजन का है और ऑक्सीजन कहीं नहीं है। लेकिन लोग मर रहें हैं।

# परस्परोपग्रहों जीवनाम

## विचार-प्रवाह

**निशांत जैन**

**साथ निभाएं**

जैन ग्रंथ ह्यतत्वार्थ सूत्रह्ण का यह वाक्य जैन धर्म का सूत्रवाक्य माना जाता है। इसका अर्थ है कि सभी जीवित प्राणी एक-दूसरे के सहयोग से जीवन में आगे बढ़ते हैं। इस तरह महावीर युवाओं को साथ मिलकर एक-दूसरे से सीखते हुए ज़िंदगी की राह पर आगे कदम बढ़ाने का संदेश देते हैं।

**सबको क्षमा**

यह जैन दर्शन का एक अनूठा सिद्धांत है। महावीर सार्वभौमिक क्षमा की बात करते हैं। जैन समाज के लोग हर साल भादों के महीने में ह्यपर्यूषणह्ण का पर्व मनाते हैं, जिसके तहत आत्मशुद्धि पर बल दिया जाता है। इसी दौरान एक दिन ह्यक्षमावाणीह्ण के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सभी लोग अपनी सालभर की गलतियों के लिए एक-दूसरे से क्षमा मांगते हैं। यहां तक कि मानव ही नहीं, प्रत्येक जीवित प्राणी के प्रति क्षमाभाव रखा जाता है।

**शाकाहार और स्वस्थ जीवन शैली**

जैन धर्म अहिंसा और शाकाहार पर बहुत अधिक बल देता है। महावीर का मत है कि हमारा आहार हमारी जीवन शैली और हमारे विचारों पर गहरा प्रभाव डालता है। चूंकि जैन धर्म हिंसा का विरोध करता है, इसलिए यहां पशुवध और मांस-अंडे का सेवन निषेध है। जैन लोग सदियों से रात को खाना नहीं खाने और पानी छानकर पीने के नियम का पालन करते आ रहे हैं। आज वैज्ञानिक युग में डॉक्टर और डायटीशियन बेहतर जीवन शैली के लिए ये दोनों सलाहें देते हैं। जैन फूड आजकल एक लोकप्रिय फूड ऑप्शन है। काश हम इसे गंभीरता से समझ पाते तो बेहतर होता।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### मदद का तंत्र

**किसान** कीमतों में भारी गिरावट के बाद आलू-प्याज आदि फसल खुद ही नष्ट करने लगे हैं। इस समस्या पर कोई ध्यान देने को राजी नहीं। किसानों की दुर्दशा पर चिंता भी दिखाई नहीं देती है। मांग-आपूर्ति असंतुलन के नाम पर किसान को घाटा बर्दाश्त करना पड़ता है। ऐसा तंत्र विकसित करना होगा कि दाम लागत से कम होने पर किसानों की मदद की जा सके।

– राजीव गोस्वामी, रांची

### बिचौलियों पर लगाम

**सरकारों** का दायित्व है कि वे अन्नदाता की मदद करने के साथ-साथ बंपर पैदावार का भी सदुपयोग करने का तंत्र विकसित करें। किसान को लाभकारी मूल्य मिले और उपभोक्ता को सस्ता मिले इसके लिए बिचौलियों को नियंत्रित करने की आवश्यकता है। सरकार किसान से लाभकारी मूल्य पर फसल खरीदे और उपभोक्ता को उचित मूल्य पर वितरित करवाए।

– आनंद कुमार, हजारीबाग

**राहुल** गांधी ने लंदन में जाकर भारत को बदनाम करने की कोशिश की है। भारत की गरिमा पर, भारत की प्रतिष्ठा पर गहरी चोट पहुंचाने की कोशिश की है।पूरे सदन के द्वारा उनके इस व्यवहार की निंदा की जानी चाहिए और संसद के फोरम पर उन्हें क्षमा याचना करनी चाहिए।

– राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

## आपके ट्वीट

**नाटू-नाटू** गाणा और फिल्म द एलिफेंट डिसअपेयर को ऑस्कर का श्रेष्ठ पुरस्कार मिलने पर बधाई। हम भारतीयों का इस सम्मान से श्रेष्ठता सिद्ध हुई। पूरी टीम को बधाई।

– राहुल गांधी





**कांग्रेस** के नेता क्रिकेट मैच से तुलना करते हुए कह रहे हैं कि फलाँ एंड से बोलिंग हो रही है, ये एंड तो अपने भारत में है लेकिन राहुल गांधी को सात समंदर पार के वेस्टर्न एंड से भारत के खिलाफ बोलिंग कर रहे हैं उसमें भी नो बाल।

– सुधांशु त्रिवेदी

# महिला सशक्तिकरण : अभी तो बस शुरुआत है



**सत्यनारायण गुप्ता**

**अंतर्राष्ट्रीय** महिला दिवस से ठीक 4 दिन पहले महिला आईपीएल शुरू हुआ है। जिसमें यह नारा लगा यह तो बस शुरूआत है। लेकिन शुरूआत तो बहुत पहले से हो चुकी थी। रजिया सुल्तान (महिला शासिका )झांसी की रानी लक्ष्मीबाई (स्वतंत्रता सेनानी )देविका रानी( फिल्मों में अभिनय) इंदिरा गांधी (राजनीति) शकुंतला देवी (गणितज्ञ )पीटी उषा( एथलिट) कल्पना चावला( अंतरिक्ष )रीता फारिया और सुष्मिता सेन (सौंदर्य प्रतियोगिता) की उपलब्धियों से आज की भारतीय महिला बहुत आगे निकल चुकी हैं।

पिछले वर्ष जब देश में अमृत महोत्सव वर्ष की शुरूआत हुई देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति मिली।खेल के मैदान में पीवी सिंधु, रिचा घोष, मीराबाई चानू ,निखत जरीन ,प्रियंका नूटक्की (शतरंज ग्रैंडमास्टर )प्रियंका मोहिते (800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली पांच पर्वत चोटियों पर चढ़ने वाले पर्वतारोही) ने देश का गौरव बढ़ाया। साथ ही पीटी ऊषा का भारतीय ओलंपिक संघ का पहली महिला अध्यक्ष बनना भी मील का पत्थर रहा। वर्ष 2022 में हिंदी लेखिका गीतांजलि श्री को रेत समाधि के लिए बुकर पुरस्कार मिला ।वहीं भारतीय लेखिका मीनाकंडा सामी को इंटरनेशनल हर्मन कैस्टन पुरस्कार 2022 पुरस्कार प्राप्त हुआ।

वर्ष 2023 में उमी कमानी और

## समाज

अनुपमा रामचंद्रन की जोड़ी ने स्नूकर विश्व कप जीतकर तथा शेफाली वर्मा की कप्तानी में अंडर -19 टी 20 महिला विश्वकप जीतकर खेल जगत में भारत का परचम लहराया। वहीं भारत में जन्मी गीता गोपीनाथ आईएमएफ में चीफ इकॉनोमिस्ट के पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला बनीं। केरल की सोम क्रिश्चियन कैलिफोर्निया कम्युनिटी कॉलेज सिस्टम का 11वां स्थाई चांसलर चुनी गईं। अमेरिका के अगले राष्ट्रपति चुनाव में दो भारतीय मूल की महिलाओं में ही भिड़ंत हो।निकी हिली और कमला हैरिस के बीच। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुरूआत आज से 115 वर्ष पहले 1908 में हुई। 1908 मैं 8 मार्च के दिन अमेरिका में महिलाओं ने एक परेड का आयोजन किया था ।उनकी मांग थी कि महिलाओं के काम के घंटे कम हो , वेतन अच्छा मिले और महिलाओं को वोट डालने का हक भी मिले। इसके एक वर्ष बाद अमेरिका की सोशलिस्ट पार्टी ने पहला राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का ऐलान किया। इसे अंतरराष्ट्रीय बनाने का ख्याल सबसे पहले क्लारा जेटकिन नाम की एक महिला के ध्यान में आया था। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का सुझाव 1910 में डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन में कामकाजी महिलाओं के सम्मेलन में दिया था। पहला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2011 में मनाया गया। 2017 में रुस की महिलाओं के प्रदर्शन के बाद वहां के जार को पद से हटना पड़ा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को औपचारिक मान्यता संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1975 में दी गई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पहचान जामुनी रंग से होती है इसे इंसाफ और सम्मान का प्रतीक माना जाता है । चीन में महिलाओं को 8 मार्च के को आधे दिन की छुट्टी दी जाती है । इटली में महिलाओं को 8 मार्च को सीमौसा फूल देकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है ।अमेरिका में मार्च का महीना महिलाओं का महीना होता है। राष्ट्रपति की तरफ से घोषणा जारी की जाती है जिसमें अमेरिकी महिलाओं की उपलब्धियों का बखान किया जाता है । वर्ष 2023 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के लिए संयुक्त राष्ट्र की थीम है: एम्ब्रैस इक्विटी जिसका अर्थ है लैंगिक समानता पर ध्यान देना।

# और वो सुबह आ ही गयी... ऑस्कर में जीते पुरस्कार

**मुकुंद**

**द एलिफेंट व्हिस्परर्स** और नाटु-नाटु ने ऑस्कर ही नहीं करोड़ों प्रशंसकों का दिल भी जीता।

अमेरिका के लॉस एंजिल्स में भारतीय समयानुसार आज की सुबह कभी न भूलने वाली रही। हॉलीवुड के मशहूर डॉल्बी थियेटर में आयोजित ऑस्कर अवार्ड समारोह में भारत का नाम ऊंचा हो गया। भारतीय वृत्तचित्र 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' ने 'डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट' श्रेणी में ऑस्कर जीतकर इतिहास रच दिया। इसे भारतीय सिनेमा के अमृतकाल का सबसे खास उपहार ही माना जाना चाहिए। यह तमिल भाषा में बनाया गया वृत्तचित्र है। इस दौड़ में और भी दिग्गज खिलाड़ी रहे। मगर कार्तिकी गोंजाल्विस निर्देशित ओटीटी मंच 'नेटफ्लिक्स' के इस वृत्तचित्र ने इस श्रेणी में सबको मात दी।

यह वृत्तचित्र अपने प्रतिद्वंद्वियों हॉलआउट, हाउ डू यू मेजरमेंट ए ईयर?, द मार्था मिशेल इफेक्ट और स्ट्रेंजर एट द गेट को मात देकर सबसे आगे रहा। कार्तिकी पर नाज इसलिए भी है कि उन्होंने इस पुरस्कार को अपनी मातृभूमि भारत को समर्पित किया। उन्होंने बहुत ही खूबसूरत संदेश दिया है। उन्होंने कहा-'मैं आज यहां हमारे और प्रकृति के बीच के पवित्र बंधन, मूल निवासी समुदाय के लोगों के सम्मान और अन्य जीवित प्राणियों के प्रति सहानुभूति और

## सिनेमा

अंततः सह-अस्तित्व की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी।'

इस वृत्त चित्र के निमार्ता गुनीत मोंगा हैं। बड़ी बात यह है कि नेटफ्लिक्स ने इस वृत्तचित्र पर भरोसा जताते हुए अपना मंच प्रदान किया।ह्यद एलिफेंट व्हिस्परर्सह्ण हाथियों और उनकी देखभाल करने वालों के बीच के अटूट बंधन पर आधारित है।इसे सही मायने में हाथी मेरे साथी भी कहा जा सकता हैवहीं इस बार का ऑस्कर समारोह भारतीय फिल्म 'आरआरआर' के गीत 'नाटु नाटु' के लिए भी खासे महत्व का रहा। 'नाटु नाटु' ने भी ऑस्कर जीतकर इतिहास में नाम दर्ज करा लिया।

'नाटु नाटु' ने अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ मूल ( तेलुगु मूल) गीत की श्रेणी में यह अवार्ड जीतकर फिल्म 'टेल इट लाइक अ वुमन' के गीत 'अपलॉज', 'टॉप गन: मावेरिक' के गीत 'होल्ड माई हैंड', 'ब्लैक पैंथर: वाकांडा फॉरएवर' के 'लिफ्ट मी अप' और 'एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स' के 'दिस इज ए लाइफ' को शिकस्त दी।

तेलुगु गीत 'नाटु नाटु' के संगीतकार एमएम कीरावानी गदगद हैं। इसे सुरों से पिरोने वाले काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज भी खुशी से नाच रहे हैं। 'नाटु नाटु' का मतलब ही होता है 'नाचना'। इस गाने को अभिनेता राम चरण और जूनियर एनटीआर पर फिल्माया गया है। पहले चर्चा थी कि अवार्ड समारोह में यही दोनों इसी गीत पर परफार्मेंस देंगे। लेकिन काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ने समारोह में अपने इस गीत की बेहतरीन प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को खड़े होकर तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

इस प्रस्तुति के दौरान आयोजकों ने मंच पर गीत के सेट को दिखाने की कोशिश की। बहुत कम लोगों को इसकी जानकारी है कि इस गीत की शूटिंग यूक्रेन की राजधानी कीव स्थित राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में हुई थी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# रामनवमी में अस्त्र-शस्त्र व लाठी संचालन पर प्रतिबंध

## भाजपा ओबीसी मोर्चा ने डीसी-एसपी को राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को उपायुक्त नैंसी सहाय और एसपी मनोज रतन चौथे से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में कहा गया है कि 13 मार्च को सदर एसडीओ द्वारा हजारीबाग निषेधाज्ञा पत्र के तीन बिंदुओं पर रामनवमी प्रेमियों में निराशा और रोष व्याप्त है।

पहले बिंदु के अनुसार जुलूस पर पारंपरिक हथियार एवं लाठी पर प्रतिबंध लगाया गया, जिसका विरोध करते हुए कहा गया कि पौराणिक परंपरा के अनुसार सभी समितियों के सदस्य अस्त्र शस्त्र एवं लाठी चालन से कला कौशल एवं खेल का प्रदर्शन करते हैं इसलिए इस पर लगा प्रतिबंध को हटाया जाए। मंगला, रामनवमी, विजयादशमी और एकादशी जुलूस के दौरान रामनवमी रूट की बिजली नही काटी जाए। एसपी ने इस बावत सकारात्मक विचार करने की बात कही। एसडीओ के आदेश पत्र में कोविड-19 गाइडलाइन का भी पालन करने का निर्देश दिया गया है जो स्पष्ट नही है। यह आश्चर्यजनक है क्योंकि कोविड-19 गाइडलाइन केंद्र और राज्य सरकार पहले ही वापस वापस ले चुकी है अभी महामारी नहीं है लेकिन इस प्रकार का निर्देश देना अखाड़ेधारियों में दुविधा उत्पन्न करती है इसे तुरंत हटाया जाए। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि ध्वनि प्रदूषण (विनिमय एवं नियंत्रण) नियम, शर्तों और मानकों के साथ औद्योगिक, वाणिज्य, आवासीय एवं शांत क्षेत्र का निर्धारित डेसिबल (अधिकतम एवं न्यूनतम) मानक के अनुसार जुलूस में डीजे बजाने की अनुमति प्रदान करें क्योंकि केवल रामनवमी में डीजे पर रोक एवं अन्य निजी पारिवारिक एवं सार्वजनिक आयोजनों में डीजे पर कोई रोक नहीं करना यह प्रशासन की रामनवमी के प्रति पक्षपातपूर्ण निर्णय को दशार्ता है। ज्ञापन देने के दौरान ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी, कुणाल कुमार केसरी, रामजी कुशवाहा, रामजी गुप्ता महेंद्र ठाकुर समेत कई लोग थे।

## विधायक अंबा प्रसाद ने लीवर की बीमारी से पीड़ित के परिजन को दिया 50 हजार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बड़कागांव।** विधायक सह सदस्य सरकारी आश्वासन समिति एवं निवेदन समिति ने 50 हजार का चेक लिवर के रोग से पीड़ित के परिजनों को सौंपा। यह राशि बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के ग्राम अंबाजीत निवासी रूपेश कुमार पिता बंधु भुईयां के इलाज के लिए दी गई। उक्त चेक को बड़कागांव में सौंपा गया वही अंबा प्रसाद ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की। मालूम हो कि उक्त लिवर रोग से पीड़ित के परिजन आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनके परिजनों ने विगत दिनों बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से मुलाकात कर समुचित इलाज में सहयोग की मांग की थी।

परिजनों ने उन्हें बताया कि रूपेश कुमार के इलाज में काफी रुपए खर्च होने की संभावना है जिसकी व्यवस्था करने में पूरी तरह से असमर्थ हैं। समय रहते इलाज कराना अति आवश्यक हो गया है। इसी आलोक में अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री राहत कोष से सहयोग करने का आग्रह किया था जिसके आलोक में विधायक द्वारा सहयोग राशि उपलब्ध कराए जाने पर परिजनों ने अंबा प्रसाद का आभार व्यक्त किया।

मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री विशेश्वर नाथ चौबे, मुखिया गणेश साव, चंद्रिका साव, दिनेश प्रसाद, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता समेत कई महिला-पुरुष मौजूद थे।

## नाबालिग छात्रा का युवक पर अश्लीलता का आरोप

**हजारीबाग।** चौपारण थाना क्षेत्र के सुदूर गांव की एक नाबालिग छात्रा ने अपने गांव के समीप रहनेवाले रामपुर नावागढ़ के युवक नीरज सिंह पिता राजेन्द्र सिंह पर मारपीट कर मोबाइल छिनने का आरोप लगाया है। सदर थाने को दिए आवेदन में युवती ने बताया कि वह संत कोलंबा की छात्रा है। वह केबी वीमेंस कॉलेज में परीक्षा देने आई थी। युवक अपने किसी दोस्त के साथ आया और गाली-गलौज करते हुए गँदी हरकत की और मोबाइल छीन लिया। साथ ही उसपर तेजाब छिड़कने की बात करने लगा। दिए आवेदन में छात्रा ने यह भी बताया कि युवक ने उसकी तस्वीर को काट छांट कर अश्लील तस्वीरें बनाई फिर उसे ब्लैकमेल कर रहा था। इस बाबत युवती के पिता ने 13 मार्च 2023 को चौपारण थाने में आवेदन भी दिया है। युवती की पिटाई के क्रम में ही उसके पिता और चाचा गए। जिसे देख कर वह भाग खड़ा हुआ लेकिन बाद में उसने युवती की मां और पिता को कई बार फोन किया और जान से मारने की धमकी दी। छात्रा का आरोप है की नीरज सिंह की मां ने भी उसके पिता को धमकी देते हुए औकात बता देने की बात कही। यह भी कहा कि वह अपने लोगों के साथ उनके गांव आएगी और घर में आग लगा देगी। सदर थाने मैं इस बाबत रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

## रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव 2 अप्रैल को, अधिसूचना जारी



**रामगढ़।** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के 15 कार्यकारिणी सदस्य के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी । चुनाव समिति के अध्यक्ष बंशीधर गुप्त ने बताया कि 2 अप्रैल को चेंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव होगा। उन्होंने बताया कि 20से 23 मार्च तक चेंबर कार्यालय से नामांकन फॉर्म फॉर्म संध्या 6:00 से रात्रि 8:00 तक ले सकते हैं। नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 23 मार्च को रात्रि 8:00 बजे तक होगी, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 23 मार्च को रात्रि 8:00 बजे के बाद कर ली जाएगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 24 मार्च को संध्या 6:00 से रात्रि 8:00 बजे तक होगी। प्रत्याशियों की सूची एवं मतदाता सूची का प्रकाशन 25 मार्च को किया जाएगा चुनाव समिति के के अध्यक्ष बंशीधर गोप ने बताया कि आवश्यकता होने पर 2 अप्रैल दिन रविवार को चेंबर भवन में पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहन 4:00 बजे तक मतदान किया जाएगा जबकि मतगणना उसी दिन संध्या 5:00 बजे से शुरू की जाएगी चुनाव के दौरान प्रत्येक दिन संध्या 6:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक चेंबर चुनाव कार्यालय खुला रहेगा।

## शारीरिक विकास के लिए बच्चों को सिखाएं योगा : कंचन दास



**भदानीनगर (रामगढ़)।** मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डू फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा शाखा के प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास बच्चों को कराटे व योग का प्रशिक्षण देकर उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से मजबुत करने में जुटे हैं। इसी क्रम में कंचन दास ने बताया कि जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी सूरज कुमार व पूनम देवी की तीन वर्षीय पुत्री श्रृष्टि बौध भारती कराटे व योग में अव्वल दर्जे का प्रदर्शन कर रही है। श्रृष्टि का योग व कराटे देख अभिभावक दंग रहे जाते हैं। श्री दास का कहना है कि मात्र 3 वर्ष के उम्र में श्रृष्टि का कराटे व योग का अभ्यास देख बहुत गर्व होता है। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में वर्ष 1992 से सिहोन जीबी थापा के देख-रेख में बच्चों को कराटे व योग का प्रशिक्षण दे रहा हूं। ताकि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ हर क्षेत्र में अव्वल बन सके। सेंसाई कंचन दास व सितोरियू कराटे के सचिव राकेश एक्का ने बताया कि महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में सप्ताह में तीन बच्चों को योग व कराटे का गुर सिखाया जाता है। अभिभावक अपने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य व शारीरिक स्तीफूर्ति के लिए योग व कराटे जरूर सिखाएं। अनमीता कुजूर व श्रृष्टि कुजूर ने बच्ची श्रृष्टि के योग व कराटे के प्रशिक्षण से उत्साहित होकर बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## चीफ हाउस पंचायत में विशेष शिविर शुरू

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज एनएसएस ईकाई एक के तत्वावधान में रीवर साइड बुधबाजार चीफ हाउस पंचायत में मंगलवार से सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू हुआ। शिविर का उद्घाटन चीफ हाउस पंचायत के मुखिया विकास पांडेय, चोरधारा पंचायत के मुखिया राम नारायण सिंह, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शीला सिंह, स्वयंसेवक महेश महतो, गुलनाज, राहुल प्रसाद, लक्ष्मीकांत सिंह और बंटी कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर को संबोधित करते हुए चीफ हाउस पंचायत के मुखिया विकास पांडेय ने कहा कि स्वयंसेवको कार्य ही जागरूकता फैलानी है। उन्होंने कहा कि सात दिनों के कार्यक्रम में हर संभव सहयोग करने की बात कही। मुखिया राम नारायण सिंह ने एनएसएस का महत्व और अपने महाविद्यालय जीवन के बारे में स्वयंसेवको को बताया।

## प्रदूषण के लिए जंगल को बचायें :विजय मुंडा

**बलकुदरा पंचायत में अधिसूचित व सीमांकित वनभूमि के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र नहीं देने का निर्णय**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बलकुदरा पंचायत भवन में सोमवार को ग्रामसभा का हुआ। इसकी अध्यक्षता स्थानीय मुखिया विजय मुंडा ने की। ग्रामसभा में मुख्य रूप से पतरातू सीओ शिव शंकर पांडेय उपस्थित थे। ग्रामसभा में पीवीयूएनएल द्वारा ऐश कोरिडोर एवं ऐश माउण्ट निर्माण हेतु मौजा बलकुदरा, थाना नं. 26 अंतर्गत अधिसूचित एवं सीमांकित वन भूमि खाता नंबर, प्लॉट नं. 814, रकबा 11.15 एकड़, प्लॉट नं. 16, रकबा 0.75 एकड़ तथा प्लॉट नं. 1685, रकबा 06.70 एकड़ कुल रकबा 18.60 एकड़ के अपयोजन को ले अनापत्ति प्रमाण-पत्र देने अथवा न देने पर विचार-विमर्श किया गया। कहा गया कि बलकुदरा, जयनगर एवं रसदा की अधिकांश जमीन पूर्व में ही विभिन्न परियोजनाओं सीसीएल, बासल, पीटीपीएस, डीवीसी, रेलवे, टावर लाइन व जिंदल कंपनी द्वारा अधिग्रहित की जा चुकी है। बाकी बचे भूमि पर ग्रामीणों का घर-मकान है और शेष पर खेती-बारी कर आदिवासी-मूलवासी किसी तरह अपने परिवार का भरण-पोषण करते आ रहे हैं। जो उपरोक्त अधिसूचित एवं सीमांकित वनभूमि है वह जानवरों का चारागाह एवं सूखी लकड़ी जलावन के काम आता है। साथ ही चोरो तरफ स्थित विभिन्न कल-कारखानों के प्रदूषण से होने वाले संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए उक्त वन-जंगल को बचाना जरूरी है। ग्रामसभा में पीवीयूएनएल द्वारा ऐश कोरिडोर एवं ऐश माउण्ट निर्माण के लिए उक्त वर्णित अधिसूचित एवं सीमांकित वनभूमि के अपयोजन हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र नहीं देने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। मौके पर मुखिया विजय मुंडा, राजकुमार मुंडा, झरी मुंडा, आदित्य नारायण प्रसाद, राजाराम प्रसाद, ननकू मुंडा, नागेश्वर मुंडा, सुरेश साव, अमर यादव, अब्दुल क्युम अंसारी, असिम अंसारी, पंचम साव, शंभु साव, नकुल साव, रफीक अंसारी, मनीजर साव, देवानंद प्रसाद, विजय प्रसाद, मनोज मुंडा, बिजेंद्र मुंडा, सुरेश मुंडा, रोहित प्रसाद, जुगेश्वर मुंडा, सरोज देवी, मुंगी देवी, दशमी देवी, गितानंद देवी, मीना देवी, सुवासो देवी, जगनी देवी, जयंती देवी, रीना देवी, आषो देवी, ननकी देवी, पवन प्रजापति, विनोद मुंडा आदि ग्रामीण मौजूद थे।

---

## स्पीड न्यूज

### पूर्व वार्ड सदस्य राजेंद्र नायक का गांधी घाट पर हुआ अंतिम संस्कार



**रामगढ़।** छावनी परिषद के वार्ड नंबर 3 के पूर्व सदस्य राजेंद्र नायक का मंगलवार को गाँधी घाट पर अंतिम संस्कार किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए. गांधी घाट पर स्वर्गीय राजेंद्र नायक के पुत्र ने उन्हें मुखाग्नि दी. घाट पर कई राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, आम लोग एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित होकर स्वर्गीय राजेंद्र नायक को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इससे पूर्व उनके आवास से शव यात्रा निकली गई। इस दौरान स्व नायक के शव को एक वाहन पर रखा गया। इसके उपरांत शव यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए गांधी घाट पहुंची । जहाँ उनका अंतिम संस्कार किया गया.शव यात्रा के क्रम में उनके समर्थक राजेंद्र नायक अमर रहें के नारे लगते बढ़ रहे थे।

### टैक्सी मेंस यूनियन ने जताया शोक



रामगढ़। छावनी परिषद के वार्ड नंबर 3 के पूर्व सदस्य राजेंद्र नायक का 13 मार्च को निधन हो गया। उनके निधन पर 14 मार्च को सुभाष चौक के समीप रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन द्वारा शोक सभा का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज सेवी अमित सिन्हा मौजूद थे। मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की. शोकसभा में मो कैसर अली. मो राजू खान, नंदू मण्डल, राहुल सिंह, सल्लउद्दीन अंसारी आदि शामिल हुए।इधर, राजेंद्र नायक के निधन को लेकर वाहन चालकों ने मंगलवार को उनके सम्मान में वाहनों का परिचलन बंद रखा. वाहन चालकों ने कहा की स्व नायक मदद के लिए हमेशा तैयार रहते थे। उनके इन्हीं योगदानों को ध्यान में रखकर आज हमलोगों ने उनके सम्मान में वाहनों का परिचलन बंद रखा है। रामगढ़ टैक्सीमेंस यूनियन के सचिव अरुण कुमार सिन्हा ने स्व राजेंद्र नायक के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा की वे जरूरतमंद लोगों की हमेशा मदद किया करते थे। साथ टैक्सी मेंस यूनियन से भी वे काफी समय तक जुड़े रहे औराालकों की मदद की।

### प्रदूषण पर लगाएं रोक : डॉ आशीष



**बासल (रामगढ़)।** प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग को ले ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र प्रेषित किया है। भेजे गये पत्र में में डॉ आशीष कुमार ने घुटवा हेहल स्थित छिन्नमस्तिका स्पंज आयरन से निकलने वाले जहरीले धुआं से अवगत कराते हुए कहा है कि आलोक रुंगटा कंपनी एवं रामचंद्र रुंगटा द्वारा मजदूरों का शोषण किया जाता है। न्यूनतम वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी 24000 किया गया है लेकिन छिन्नमस्तिका स्पंज आयरन में काम करने वाले मजदूरों और सिरका-अरगड्डा स्थित झारखंड इस्पात स्पंज आयरन प्राइवेट लिमिटेड के मालिक द्वारा मजदूरों का शोषण किया जाता है। साथ ही कंपनी के अंदर में प्रदूषण नियंत्रण यंत्र भी नहीं लगाया गया है। जिसके कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही ग्रामीण कई संक्रामक बीमारियों का शिकार भी हो रहे हैं। वहीं जहरीले धुआं के कारण कईयों की मौत भी हो चुकी है। यहां तक की जहरीले प्रदूषण के कारण फसल बर्बाद हो रही है और जमीन बंजर होता जा रहा है। श्री कुमार ने पत्र में कहा है कि हमारे संगठन द्वारा प्रदूषण को ले पत्र भी भेजा गया है लेकिन उपायुक्त व जिला प्रशासन उदासीनता के कारण अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### नवरात्र व रामनवमी को ले बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़ )।** श्री श्री चित्रगुप्त मंदिर में चैत्र नवरात्र एवं रामनवमी धूमधाम से मनाने को ले बैठक हुई, जिसमे सर्वसम्मति से पूजा को धूमधाम से मनाने कि सहमति प्रदान की गई। बैठक की अध्यक्षता मुन्ना श्रीवास्तव तथा संचालन विकासकांत सिन्हा द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से लक्ष्मीनारायण प्रसाद, बीरेंद्र सिन्हा, हेमंत सिन्हा, सुनील कुमार सिन्हा, उमेश सिन्हा, सुमित अंबास्ता, कुंवर बक्शी, प्रशांत कुमार, दिनकर सिन्हा, अनूप बक्शी, संजीव अम्बास्ता, समीर वर्मा आदि उपस्थित हुए।

### भामसं के केंद्रीय उपाध्यक्ष बने विशाल



**रजरप्पा।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध श्रमिक संगठन सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ का 27वां द्विवार्षिक एक दिवसीय अधिवेशन पिपरवार क्षेत्र के अधिकारी क्लब में संपन्न हुआ। जिसमें पुरानी कमिटी भंग करके नई कमिटी का गठन किया गया।रजरप्पा क्षेत्र के विशाल कुमार को केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अधिवेशन में मुख्य रूप से जेबीसीसीआई सदस्य कोल प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी एवं जेबीसीसीआई सह अखिल भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के महामंत्री सुधीर घुरडे, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, महामंत्री बृज बिहारी शर्मा उपस्थित रहे।

---

## एक नजर में

### बरसोत पंचायत में लगा रोजगार मेला



**बरही।** बरसोत पंचायत भवन में डीडीयू जीकेवाई के तहत जेएसएलपीएस के द्वारा प्रखंड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार सृजन मेला का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, प्रखण्ड प्रमुख मनोज रजक, स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी, दुलमाहा मुखिया नारायण यादव, सहकारिता विभाग के सचिव प्रयाग प्रसाद, बरसोत पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुजीत कुमार, मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार, डीएम रमन सर, बीपीएम दीपक कुमार, अम्बर भारद्वाज के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।रोजगार सृजन मेला में सैकड़ों लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि मेहनत और लगन के बूते महिलाएं अपनी तकदीर खुद लिख रही हैं। आत्मनिर्भर बनकर घर परिवार चला रही हैं। स्वरोजगार योजना महिलाओं के लिए अभय वरदान साबित हो रहा है। इस मेले में प्रखंड के सभी पंचायत के दीदी एवं सीसी चंदन, राखी, नगीना, आईपीआरपी संजू, महालखी, पुष्पा, नलिता, बीआरपी एसडी सिद्दिका, क्रांति, किरण, लीलावती, प्रियंका, आरती, बैंक सखी प्रियंका, उषा, रिंकू सहित अन्य दीदी ने भाग लिया।

### चरही : सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**चरही।** मंगलवार को चरही थाना क्षेत्र के 45 कांटा के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार हाइवा नंबर जेएच02एएस/2443 सीसीएल कोलियरी से कोयला लोडकर तेज रफ्तार में रेलवे साइडिंग चरही की ओर जा रहा था।इसी बीच चरही थाना क्षेत्र के बहेरा निवासी के राजेश टुडू पिता झरी मांझी पैदल सड़क को पार कर रहा था।तेज रफ्तार में आ रहे हाइवा वाहन ने अपने चपेट में ले लिया।जिसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई।चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों को जानकारी मिलते ही दर्जनों की संख्या में घटना स्थल पर पहुंचकर चरही-घाटो जाने वाले मार्ग को जाम कर दिया गया।चरही पुलिस को सूचना मिलते ही जाम स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने-बुझाने की प्रयास कर रही है।लेकिन ग्रामीण नौकरी और मुआवजे की मांग कर रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि हाइवा वाहन के ऐसे चालक हैं जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं हैं।और वाहन मालिक अपने फायदे के लिए भारी भरकम वाहन को चलाने के दे दिया जाता है।अगर जांच किया जाय तो कई चालक और मालिक कस कानून के फंदे में होंगे।चरही पुलिस ने ग्रामीणों के आशवासन के बाद सड़क से शव को उठाने दिया गया। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।

### सरस्वती उच्च विद्यालय में 40 छात्रों ने दी परीक्षा

**दारू।** सरस्वती उच्च विद्यालय दारू में मंगलवार को मैट्रिक की परीक्षा कदाचार मुक्त सम्पन्न हुई।इस केंद्र में चार अलग अलग विद्यालयों के कुल चालीस छात्रों ने आईआईटी और वोकेशनल विषय की परीक्षा दी। इस दौरान विद्यालय में परीक्षा को लेकर चाक चौबंद ब्यवस्था की गई थी। दारू थाना पुलिस और उनके जवान मुस्तैदी से निगरानी कर रहे थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामेश्वर प्रसाद ने बताया कि इस विद्यालय में दारू और टाटीझरिया प्रखंड के चार विद्यालयों के कुल 287 छात्र छात्राएं परीक्षा देंगे जिसकी लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### जाति और आय प्रमाण पत्र के लिए भटक रहे छात्र

**विष्णुगढ़ ।** जाति आवासीय आय प्रमाण पत्र के लिए अंचल कार्यालय में विद्यार्थि हर दिन चक्कर काट रहें हैयहां बालक बालिकाओ द्वारा हर दिन कर्मचारी और सिओ को ढूढ़ते नजर आते है तीन दिनों पूर्व स्कूल के बच्चियां अपने जाती प्रमाण पत्र के लिए सुबह से हीं इधर उधर भटकते फिर रहें थे। सोमवार को कार्यालय में अधिकारी और कर्मचारी नहीं होने से छात्र छात्रावों की भीड़ थी। मंगलवार को भी काफी संख्या में विद्यार्थि अंचल में इधर उधर चक्कर काटते फिर रहें थे वहीं विद्यार्थियों ने बताया की तीन चार दिनों से हम लोग यहां आ रहें है कभी सिओ नहीं मिलते तो कभी कर्मचारी नहीं, मिलते है तो सिओ कर्मचारी के पास और कर्मचारी सिओ के पास भेजते है स्कॉलरशिप फार्म भरने के लिए 17 तारीख अंतिम तिथि है. जिसमें आवासीय जाती की जरुरत होती है। जानकारी के अनुसार जनवरी फरवरी महीने का ऑनलाइन किया हुआ जाती आवासीय आय अभी बाकी है तो ऐसे हालात में पिछला को छोड़ने के पहले इनलोगो का जाती आवासीय कैसे छूटेगा अंचल के हीं एक स्टॉफ बोल रहें थे।

### दारु : भक्ति जागरण में रात भर झूमे श्रोता



**दारू।** दारू थाना के पास निर्मित शिव मंदिर में भगवान कि प्रतिमा स्थापित कर की पूणार्हुति के साथ तीन दिवसीय यज्ञ का समापन हुआ। इस अवसर पर सोमवार की रात्रि को रजरप्पा रामगढ़ की पवन सारे गामा की भक्ति जागरण कार्यक्रम की बेहतरीन प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया।कार्यक्रम की शुरूआत में म्यूजिकल ग्रुप के निदेशक पवन दांगी ने गणेश वंदना के साथ किया उसके बाद माँ दुर्गा का गीत *निमिया की दाढ़ मइया* के गाने में दर्शक जमकर झूमे।वीना कुमारी ने हर भागड़ भोला ...गीत जाकर दर्शकों को जमकर नचाया वहीं स्वीटी ने हर हर शंभु.. गीत गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्ति गीतों के साथ एक बढ़कर एक झांकी की प्रस्तुति की गई जिसने मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में उद्घोषक की भूमिका समरेश ने निभाई। कार्यक्रम की शुरूवात से पूर्व दारू थाना प्रभारी अमित कुमार ने यज्ञ को सफल बनाने में सहयोग देने वाले यज्ञ समिति और दारू थाना के कर्मियों को धन्यवाद देते हुए उनका हौसला बढ़ाया। प्रखंड क्षेत्र के हरली पंचायत की मुखिया फरजाना खातून,जिनगा मुखिया पिंकी देवी, इरगा मुखिया अनिता देवी, मेड़कुरी मुखिया भोला तुरी को उनके सहयोग के लिए अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया।

### नगर निगम की तकनीकी कोषांग की बैठक

**हजारीबाग।** नगर आयुक्त नगर निगम की अध्यक्षता में तकनीकी कोषांग की बैठक कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। नगर निगम की 129 विभिन्न विकास योजनाओं में 56 योजना पूर्ण पाई गई।शेष योजनाएं प्रगती पर है।नगर आयुक्त के द्वारा इन्हें ससमय गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का निदेश दिया गया।इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त ने टैक्सी स्टैंड में बन रहे मार्केट कम्प्लेक्स के कार्य प्रगति तथा उसकी गुणवत्ता को देखने के लिए निरंतर पर्यवेक्षण का निदेश सहायक अभियंता तथा संबंधित कनीय अभियंता को निदेश दिया।इसके अतिरिक्त शहर में बन रहे छह स्थानों पर वैलनेस सेन्टर को ससमय तथा गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का निदेश नगर आयुक्त ने दिया।ये स्थान है कोलघट्टी ,कूद,कोहिनूर गली,शिवपुरी तथा पतरातू। उक्त बैठक में कार्यपालक अभियंता रमेश सिंह,सहायक अभियंता आनंद भूषण ,कनीय अभियंता श्री संजय सिंह तथा श्री रामचन्द्र उपस्थित थे।

### मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण शुरू

**बरही।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटर की परीक्षा प्रखंड के छह परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त परीक्षा शुरू हुआ। मैट्रिक परीक्षा प्रथम पाली में शुरू हुई। वोकेशनल विषय की परीक्षा होने के कारण काफी कम संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर पहुंचे।करियातपुर उच्च विद्यालय में 37 छात्र-छात्राओं ने वोकेशनल विषय की परीक्षा दी। जबकि एक छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं इंटर कॉलेज में 22 छात्र उपस्थित रहे और 2 अनुपस्थित रहे। आरएनवाईएम कॉलेज में 24 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिया। वहीं मैट्रिक की परीक्षा में करियातपुर उच्च विद्यालय में 93 छात्रों ने परीक्षा दी जबकि 2 छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं आरएनवाईएम कॉलेज में 109 छात्र उपस्थित रहे, जबकि एक छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं मध्य विद्यालय बरही 41 छात्र उपस्थित रहे और एक अनुपस्थित थे। इसके अलावा अन्य परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों की संख्या काफी कम थी। अनुमंडल पदाधिकारी पूनम कुजुर, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर केंद्राधीक्षक एवं स्टैटिक दंडाधिकारी को निर्देश दिया कि हर हाल में शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने में सहयोग करें। द्वितीय पाली में इंटर की परीक्षा शुरू हुई निर्धारित समय के अनुसार परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में प्रवेश किए।

### प्रखंड सभागार में लंबित योजनाओं को ले बैठक

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड सभागार में विभिन्न योजनाओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर अधूरा 26 आवास में एक सप्ताह के अंदर 16 आवास पूरा करने, प्रधानमंत्री 244 आवास में 27 मार्च तक 130 आवास पूर्ण करने एवं मनरेगा योजना से संचालित 2020-21 के पूर्व लंबित योजनाओं को 30 मार्च तक पूर्ण करने, श्रम बजट के अनुसार मानव दिवस सृजित करने का निर्देश मुखिया, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक को दिया गया। इसके अलावा प्रति ग्राम मनरेगा के 5 योजनाओं को लगातार जारी रखने, आधार सीडिंग शत-प्रतिशत करने, 15वें वित्त के पुराने जल मीनार को मरम्मती करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में प्रखंड आवास कोऑर्डिनेटर रिंकू कुमार, मनरेगा बीपीओ हीरो महतो,अरुण पासवान, मुखिया रंजीत कुमार,पारस नाथ महतो, मोहम्मद तकरीमूला खान, अनिकेत नायक,करम राम,प्रभु महतो,विमला देवी,कविता देवी,बेबी कुमारी,लीलावती कुमारी,सुलेखा कुमारी सहित संबंधित पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं अन्य मुखिया शामिल थे।

## लूटपाट व हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास व बीस हजार जुर्माना

**गुमला।** एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने हत्या के एक मामले में 17 माह बाद सुनवाई करते हुए डुमरी थाना क्षेत्र के करनी गांव निवासी प्रतीक किंडो को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक साल अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा मुकर्रर की है। ज्ञात हो कि उक्त मामले का निष्पादन 17 माह के अंदर किया गया है। विगत तीन मार्च को अदालत द्वारा आरोपी को दोषी करार दिया गया था। वहीं इस पूरे मामले में कुल 9 लोगो की गवाही कराई गई। जिसमें डॉक्टर व पुलिस भी शामिल है। जबकि पूरे मामले में अभियोजन पक्ष से मो जावेद हुसैन ने पैरवी की। पूरा मामला 10 अक्टूबर 2021 का है। डुमरी थाना क्षेत्र के बड़ा करनी गांव निवासी संजय एक्का की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने संजय के शव को एक झाड़ी से बरामद किया था। जिसके बाद संजय की पत्नी फलको एक्का ने थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात अपराधी के विरुद्ध लूटपाट की नीयत से हत्या किए जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस प्राथमिकी दर्ज का कांड के उदभेदन को लेकर अनुसंधान प्रारंभ किया था। अनुसंधान के दौरान ही हत्या में प्रतीक किंडो की संलिप्ता सामने आई थी। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### गर्मी के आते ही पानी के लिए हाहाकार, जगह-जगह बने जलमीनार पड़े हैं बेकार

# एक चापाकल के भरोसे सैकड़ों परिवार

मृत्यंजय तिवारी


पानी के लिए चापानल पर लगी लाइन।

**केरो।** इंसानी जीव सहित पृथ्वी में रहने वाले सभी जीवों व पेड़ पौधों के लिए सबसे मूलभूत आवश्यकताओं में पानी का स्थान सबसे ऊपर है। किंतु अफसोस कि बात यह है कि गर्मी के आते ही इंसानों को पीने के पानी के लिए दर दर भटकना पड़ता है। और इसका एक जीता जागता उदाहरण प्रखण्ड के खरता गांव में इन दिनों दिखाई पड़ रहा है। जहाँ करीब तीन सौ से भी ज्यादा परिवार निवास करते हैं और दो दर्जन से ज्यादा टाना भगत व एक सौ पचास से ज्यादा आदिवासी व बाकी अन्य जात्ति के लोग निवास करते हैं। और अकेले अखड़ा टोली स्थित एक चापाकल में करीब पचास से ज्यादा परिवार पानी के लिए निर्भर हैं।

कहने को तो गांव में दक्षिणि कोयल नदी, छोटी नाला और नाले में बिना वजह के दर्जनों चेकडेम का निर्माण, एक बांध और दो तालाब हैं किंतु बिजली के आने के बाद सैकड़ो मोटर पम्प से सिंचाई के नाम पर पानी का दुरुपयोग होने से नदी तालाब व बांध सुख चुके हैं जहाँ मवेशी को पानी उपलब्ध हुआ करता है। दूसरी तरफ गांव में पांच स्थानों टाना भगत टोली, अम्बाबारी, साहू टोली, पुखकी गढ़ा चौक, निचेटोली में जलमिनार का निर्माण अलग अलग विभागों से किया गया है और कोई जलमिनार निर्माण की राशि 3 लाख से कम की नही है जिसमें जमीनी खर्च देखिए तो शायद 1 लाख भी लग जाए तो बहुत है चूंकि जलमिनार का टंकी 15 से 20 हजार समरसेबल मशीन 10 से 15 हजार खुला बाजार मूल्य होगा अनुमानित दर पर और टंकी रखने के लिए लोहे का पाइप या सिमेंटेट पिलर सहित कुछ अन्य खर्च आते हैं। भले ही सरकारी हिसाब से जो भी खर्च का भाऊचर बन जाए यह अलग बात है। किंतु अफसोस कि बात यह है कि कमीशन के चक्कर में गुणवत्ता और उचित मानदंड को दरकिनार करते हुए सिर्फ जलमिनार एक दिखावे के साधन बनकर रह गया है। किसी मे बोरिंग सफल नही है तो किसी मे पहले से बने चापाकल में मसीन डाला गया जिसमें पानी ही नही है तो किसी का सोलर खराब है, ऐसे में जिस उद्देश्य से जलमिनार का निर्माण किया गया वह पूर्णत विफल हो चुका है।

इधर संसद से लेकर विधानसभा में कहने को कहा जाता है कि आज भी 70 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है और किसी भी चुनाव के समय या सरकार के अधिकांश योजनाओं में ग्रामीणों का अहम योगदान होता है, किन्तु जब मूलभूत सुविधाओं की बात आती है चाहे पीने योग्य सुद्ध पानी की या सड़क की या स्वास्थ की तो गांव के लोगों की स्थिति अत्यंत चिंतनीय है। दूसरी तरफ संबंधित अधिकारी हो या चुनकर जाने वाले जनप्रतिनिधियों की बात हो सबकी उदासीनता के कारण ग्रामीणों को भगवान भरोसे जीना पड़ता है। अखड़ा टोली के रमेश दुबे, बहादुर उरांव, खुदी उरांव, सावित्री कुमारी, रेणु कुमारी, सुनीता कुमारी सहित दर्जनों ग्रामीणों का कहना ही कि पीने के पानी के किये सुबह तीन बजे से ही चापाकल में आना पड़ता है ऐसे में पढ़ाई से लेकर काम सब मार खा जाता है।

मामले पर प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव का कहना ही कि प्रखंड क्षेत्र जितना खराब है सबके लिए सम्बन्धी विभाग को लिखा जाएगा और बनवाने पर पहल की जाएगी। वहीं पेयजल एवं स्वक्षता विभाग के ज.ई सुमन खलखो का कहना है कि पिछले वर्ष से ही विभाग को इसकी जानकारी दी जा रही है किंतु फंड नही होने की बात कहकर अबतक नही बनाया जा सका है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या विभाग को सिर्फ योजना को बनाने और कमीशन खाने तक का ही जिम्मेवारी है या उसकी उपयोगिता की भी जिम्मेवारी है।

## 22 मार्च को कलश स्थापन के साथ चैती दुर्गा पूजा शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** चैती दुर्गा पूजा समिति की बैठक स्थानीय देवी मंडप परिसर में सुरेश मंत्री की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में आगामी चैत्र नवरात्र में मूर्ति स्थापना, पंडाल के साथ-साथ साज सज्जा एवं विसर्जन के दौरान शोभायात्रा निकालने पर चर्चा की गई। चैत्र नवरात्र 22 मार्च दिन बुधवार से कलश स्थापन के साथ आरंभ होगा। पूजा समिति के द्वारा प्रातः 8:50 से कलश स्थापन कार्य आरंभ किया जाएगा। इस वर्ष माता का पंडाल को भव्य रुप से फूलों से सजाया जाएगा एवं पूरे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे लाइटों से सजाया जाएगा एवं शोभायात्रा में झांकी के साथ-साथ भक्ति मय गीत संगीत देखने एवं सुनने को मिलेगा जो दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। प्रातः कालीन एवं संध्या बेला में महाआरती का भी आयोजन होगा। चैती दुर्गा पूजा समिति सभी सनातन धर्मावलंबियों माताओं बहनों से आग्रह एवं निवेदन करती है कि समय पर मंदिर परिसर में आकर महा आरती में भाग लेकर मां का आशीर्वाद प्राप्त करें। इस बैठक मे अध्यक्ष श्री सुरेश मंत्री सचिव सरजू प्रसाद साहू, राजेश गुप्ता, निर्मल अग्रवाल, रितेश कुमार, सुदेश सौरभ, मोहित कुमार गुप्ता, निर्मल गोयल, राजीव कुमार, दीपू खंडेलवाल, रंजन सोनी, महेश गुप्ता, नितेश लाल, पूर्व अध्यक्ष श्री संजीव उर्वशी, प्रेमसागर जयसवाल, द्वारिका मिश्र, शंभू नारायण चौरसिया, किशोर फोगला अजय मंत्री आदि सदस्य उपस्थित थे।

## शांति नगर मिशन कब्रिस्तान में विद्युत व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग

**गुमला।** मिशन बदलाव महिला टीम के सदस्यों ने विद्युत कार्यपालक अभियंता को ज्ञापन सौंपकर शांतिनगर मिशन बस्ती के कब्रिस्तान में बिजली व्यवस्था चालू करने की मांग की। मिशन बदलाव के सैयदा खातुन, ज्योति कुमारी वर्मा, ज्योति ग्लोरिया कुजूर और चंदकला टोप्पो के नेतृत्व में कुछ दिनों पूर्व शांतिनगर मिशन बस्ती में महिलाओं के साथ बैठक की थी। जिसमें महिलाओं ने कब्रिस्तान में बिजली एवं पोल खुटा की आवश्यकता बतायी थी। बिजली नहीं होने के वजह से मुहल्ले एवं आम लोगों को आने जाने में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। कभी कभी नशाखोरी एवं मनचलों के द्वारा अड्डा भी बन गया है और मुहल्ले के लोगों को भी परेशानी होती है। ये सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक देखते हुए मिशन बदलाव महिला टीम के नेतृत्व में विद्युत कार्यपालक अभियंता के नाम मांग पत्र दिया और सभी समस्याओं के समाधान के लिये आग्रह किया गया।

## अरमई के अधूरे पड़े विद्यालय भवन का निर्माण का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता


अरमई स्कूल का निरीक्षण के दौरान शिक्षक से जानकारी लेते उपायुक्त।

- निरीक्षण के क्रम में जिले में अधूरे पड़े सभी विद्यालय भवन का निर्माण कार्य कराने का दिया निर्देश

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय अरमई का मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त की नजर विद्यालय के पीछे बने अधूरे विद्यालय के स्ट्रक्चर पर पड़ी। विद्यालय का स्ट्रक्चर बन कर तैयार है। जिसका कार्य पिछले 10 साल पहले प्रारंभ किया गया था। जानकारी के अनुसार विद्यालय निर्माण करने वाले कॉन्ट्रैक्टर की आकस्मिक मृत्यु हो जाने के कारण कार्य अधूरा रह गया है। उपायुक्त ने अरमई स्थित अधूरे स्ट्रक्चर वाले विद्यालय का निरीक्षण किया एवं प्रत्येक कमरों में बचे हुए कार्य का आकलन किया। उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में विद्यालयों के ऐसे सभी भवन जिनका कार्य किसी कारणवश अधूरा रह गया है उन सभी अधूरे कार्य को पूर्ण किया जाएगा। जिसके लिए सभी अंचल अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी एवं इस प्रकार के स्ट्रक्चर के कार्य को अविलंब पूर्ण किया जाएगा। अरमई स्थित अधूरे विद्यालय के निर्माण कार्य को अगले 10 दिनों में प्रारंभ करते हुए कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही बाउंड्री मापी करते हुए अरमई उत्क्रमित उच्च विद्यालय एवं निर्माणाधीन विद्यालय का बाउंड्री निर्माण करने की भी बात कही। इससे पूर्व उपायुक्त ने अरमई उत्क्रमित उच्च विद्यालय का दौरा किया एवं वहां की व्यवस्थाओं से प्रभावित हुए। विद्यालय में बने स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, साइंस लैब, कंप्यूटर लैब सहित बेहतरीन क्वालिटी के बेंच टेबल के उपयोगिता को देखते हुए उपायुक्त ने हर्ष प्रकट किया। विद्यालय में किचन गार्डन में फूल पौधे भी लगाए गए हैं जो विद्यालय को और अधिक सुंदर बनाने का कार्य कर रहे है। उपायुक्त ने इस दौरान छोटी मोटी समस्याओं के निवारण एवं बदलाव करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी, विद्यालय के प्रिंसिपल एवं शिक्षकों के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## गिरिवर शिशु सदन में गणित विषय पर कार्यशाला

खबर मंत्र संवाददाता




**लोहरदगा।** भास्कर एस्ट्रो एसोसिएशन एवं भारती विज्ञान क्लब के संयुक्त तत्वाधान में गिरिवर शिशु सदन उच्च विद्यालय में गणित के मनोरंजक पहलू विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय की प्राचार्य जयमंती कुमारी द्वारा अतिथियों के परिचय एवं विषय प्रवेश से हुआ। प्राचार्य द्वारा गणित का जीवन में महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि गणित एक आवश्यक और अभिन्न अंग की तरह है। कार्यशाला का आयोजनकर्ता एसोसिएशन के सचिव वैद्यनाथ मिश्र द्वारा बच्चों को गणित के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि कोई ऐसा प्राणी चाहे वह मनुष्य हो या पशु पक्षी हो सब जीवन में गणित का प्रयोग करते हैं। वे मनुष्य जो कभी किसी विद्यालय में नहीं पढ़े हो वे भी गणित का उपयोग अपने दैनिक जीवन के कार्यक्रम में करते हैं। इसके बाद श्री मिश्र द्वारा बच्चों को पहाड़ा के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि वास्तव में पहाड़ा 5 तक ही जानने की आवश्यकता है। इसके बाद मे अंको का पहाड़ा जोड़, घटाव, गुणा भाग के संबंध में बताया गया। इसके बाद श्री मिश्र ने जोड़ की जांच की विधि बताई। विद्यार्थियों के लिए गणित का यह बिल्कुल ही नया, सरल और मनोरंजक विधि थोकार्यक्रम का संचालन अनामिका भारती तथा धन्यवाद ज्ञापन सरस्वती सिंह द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में विद्यालय के अपर्णा सिन्हा, सिद्दीका प्रवीण, सविता कुमारी, डोरोथी खलखो, संगीता वर्मा, उमा मिश्रा, सुमन लकड़ा, काजल साहू, आभा कुजुर, आशा दास, कंचन मेहता आदि शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

## रामनवमी त्योहार व मैट्रिक-इंटर परीक्षा में विधि व्यवस्था बनाये रखने का एसपी ने दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



- एसपी की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी संपन्न, उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 पुलिस पदाधिकारी व कर्मी सम्मानित

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक डॉ. ऐहतेशाम वकारिव की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन पुलिस केन्द्र गुमला में किया गया। मौके पर एसपी ने कहा कि पुलिस के बेहतर रणनीति से कार्य करने पर जिले में हत्या, अपराधिक मामलों में काफी कमी आई है। नक्सल गतिविधियों कम हुई है। पिछले दो वर्ष से अधिक समय से लंबित कांडों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा यथाशीघ्र निष्पादित करने तथा आप्रकृतिक मृत्यु के मामलों को 24 घंटे के अन्दर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। सभी थाना प्रभारी को जगह-जगह पर शहरी एवं ग्रामीण संवेदनशील स्थानों पर कोड बास्ट बीट पेट्रोलिंग प्रारंभ करने तथा सुचारू रूप से जारी रखने हेतु निर्देशित किया गया। आगामी रामनवमी तथा मंगलवारी जुलूस तथा वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडियट परीक्षाओं को लेकर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था तथा सड़क सुरक्षा व वाहन जांच से संबंधित बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही अनुसंधान, विशेष छापामारी अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को पुरस्कृत किया गया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), पुलिस उपाधीक्षक (अभियान), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बसिया, पुलिस निरीक्षक गुमला, बसिया अंचल, प्रभारी एसआईपीयू, सभी थाना प्रभारी तथा शाखा प्रभारियों उपस्थित थे।

## अवैध ईट भट्टे पर जिला खनन पदाधिकारी ने की कार्रवाई

### भट्ठा में कच्चे व पक्के ईट जब्त, संचालक पर प्राथमिकी दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता


जांच करते हैं खनन पदाधिकारी।

**घाघरा।** घाघरा प्रखण्ड के सेहल बरटोली गांव में मंगलवार को अवैध रूप से संचालित फिक्स चिमनी ईट भट्ठा पर जिला खनन पदाधिकारी ने कार्यवाई किया। इस क्रम में जिला खनन पदाधिकारी रामनाथ राय और अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज, घाघरा सशस्त्र पुलिस बल के साथ उक्त इट भट्ठा पहुचे। जहा देखा कि भट्ठा की चिमनी से धुवा निकल रहा था। प्रथम कार्यवाई करते हुए उक्त भट्ठा में लगे आग को जेसीबी के माध्यम से बुझाया गया। इस बाबत जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि बरटोली गांव में अवैध रूप से ईट भट्ठा चला रहा है। जिसका सत्यापन के लिए उक्त गांव जाया गया। जहां पता चला कि उक्त अवैध भट्ठा का संचालन नितेश प्रजापति करता है जो उक्त सेहल बरटोली गांव का ही रहने वाला है। जिसके पास ईट भट्ठा से संबंधित कोई भी दस्तावेज नही है। ईट भट्ठा पूर्णत अवैध है। जिसके खिलाफ माइनिंग एक्ट के तहत अवैध ईट भट्ठा के संचालक नितेश प्रजापति पर घाघरा थाने में माइनिंग एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और दो लाख 70 हजार कच्चा और 1 लाख 30 हजार पके हुए ईट को जब्त किया गया है।

## भारतीय जनता पार्टी विशुनपुर विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** छठ नगर घाघरा में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में बिशुनपुर विधानसभा के बूथ सशक्तिकरण प्रभारी अमित चरण और जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर चर्चा की गई। साथ ही प्रत्येक बूथ में 11 पदाधिकारी और 20 सदस्य पन्ना प्रमुख बनाने का निर्देश उपस्थित बिशुनपुर विस बूथ सशक्तिकरण प्रभारी अमित चरण ने दिया। साथ ही बताया कि अप्रैल माह में प्रधानमंत्री के सौ वां मन की बात कार्यक्रम होगा। जिसको अधिक से अधिक लोग सुनें।

# प्रत्येक बूथ में 11 पदाधिकारी, 20 सदस्य और पन्ना प्रमुख बनायें : अमित चरण



इसके साथ ही शक्ति केंद्रों में संयोजक सहसंयोजक प्रभारी भी बनाएं और उसके नेतृत्व में 11 पदाधिकारी के साथ 20 पन्ना प्रमुख भी बनाना है। उसके साथ ही सरल ऐप इंस्टॉल कर पूरी चीजों की जानकारी डालें। नमो ऐप इंस्टॉल कराएं ताकि आप लोगों के कार्यों को प्रदेश से लेकर केंद्र के पदाधिकारियों द्वारा देखा जा सके। मोदी सरकार ने जो वादा अयोध्या काशी में मंदिर बनवाने का किया वो अब पूरा हो रहा है और धारा 370 भी हटाया है। पार्टी की नींव कार्यकताओं के कारण ही है। आप इसे और सशक्त समृद्ध बनाएं। केंद्र सरकार के द्वारा चल रही महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं और पार्टी के नीति और सिद्धांत को बतायें। जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री की मन की बात आती है। जिससे लोगों को बताएं दिखाएं व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर लोगों को जोड़ें।

वही श्री अधिकारी ने यह भी कहा कि झारखंड में रघुवर दास कि सरकार ने जो विकास किया वह देखने की चीज है। प्रखंड में एक ट्रैक्टर बालू घर बनाने के लिए लोगों का नहीं मिल रहा है। वही हाईवा से कई जगह पर बालू भेजा जा रहा है। हेमंत सोरेन की सरकार यहां के लोगों को सिर्फ ठगने का काम किया है। मौके पर भिखारी भगत, अशोक उराव, राम प्रसाद बड़ाइक, तेम्बू उराव, बिपिन बिहारी सिंह, श्याम किशोर पाठक, आशीष सोनी, अमित ठाकुर, अरुण जयसिंह गोपाल गोप, पप्पू गुप्ता, जगत ठाकुर, सोला सिंह, सुसित गोस्वामी, पप्पू सिन्हा, सतवंती देवी, अलका देवी, सोनी देवी, सलावन्ति देवी, सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

## एक नजर में

### डायन बिसाही को लेकर मारपीट, थाना में की शिकायत

**गुमला।** डायन बिसाही का आरोप लगाकर मारपीट किये जाने को लेकर मंगलवार को सिसई प्रखंड के भुरसो लावागांई चेगरी टोली निवासी रमापति देवी ने एसपी को मिशन बदलाव सदस्यों के साथ ज्ञापन सौंपा। रामपति देवी ने बताया कि गांव के कुछ लोगों के द्वारा डायन कहकर उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। इतना ही नहीं उसके साथ मारपीट भी किया गया और जान मारने की भी कोशिश की गई। उसने एसपी से मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस अवसर पर मिशन बदलाव के जिला सचिव सैयदा खातुन और नगर अध्यक्ष बिनय गोप उपस्थित थे।

### शराब लेकर अस्पताल पहुंचे दो व्यक्ति ने किया हो हल्ला, सुरक्षाकर्मियों ने बाहर खदेड़ा

**गुमला।** सदर अस्पताल में भर्ती मरीज को देखने आये दो व्यक्ति शराब लेकर अस्पताल परिसर में इधर-उधर घूमने लगे। दोनों व्यक्ति शराब के नशे में थे और नशे में जोर-जोर से हल्ला कर रहे थे। जिससे इलाज करवाने आये मरीजों को दिक्कत हो रही थी। दोनों की हो-हल्ला सुनकर अस्पताल में तैनात सुरक्षाकर्मी वहां पहुंचे और दोनों व्यक्तियों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन वे दोनों सुरक्षाकर्मियों से ही उलझ पड़े। वहीं कई लोगों के द्वारा भी शराबी को समझाने का प्रयाश किया परंतु नहीं माने, तब जाकर सुरक्षाकर्मियों ने दोनों के ऊपर बल प्रयोग करते हुए सदर अस्पताल परिसर से बाहर भगा दिया।

### ऑटो से गिरकर वृद्ध गंभीर रूप से हुआ घायल

**गुमला।** गुमला थाना अंतर्गत सदर अस्पताल गेट के सामने ऑटो में पीछे बैठकर जा रहे वृद्ध व्यक्ति गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से गुमला सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में घायल व्यक्ति का इलाज जारी है। घटना में व्यक्ति के सर पर गंभीर चोट लगी है। जानकारी के अनुसार हरिओम कॉलोनी निवासी 60 वर्षीय शंकर गोप ऑटो में पीछे बैठ कर जिला मुख्यालय की ओर आ रहा था। उसी दरमियान सदर अस्पताल गेट के सामने गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया।

### हनुमान की जन्मस्थली में मनेगी रामनवमी पर्व

**गुमला।** हनुमान की जन्मस्थली आंजन धाम में मंगलवार को आंजन धाम मंदिर विकास समिति की बैठक अध्यक्ष सरोज कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में धूमधाम से रामनवमी महापर्व मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में आंजन से गुमला तक झांकी निकालने का निर्णय लिया गया। वहीं नवरात्रा में कलश स्थापन के साथ नौ दिनों तक विशेष पूजा करने का भी सदस्यों ने निर्णय लिया। वहीं नवरात्रा के सप्तमी, अष्टमी व नवमी को आंजन में महा भंडारा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में पिछले वर्ष के आय-व्यय की प्रस्तुती सदस्यों ने की। बैठक में श्रीदेव सिंह, अमन आंनद, सुशील तिवारी, राजेश चीक बड़ाईक, मुकेश कुमार सोनी, शिव प्रसाद बड़ाईक, अंशु राज, अनमोल कुमार लाल, राजेंद्र कुमार, गंगा सिंह, अनूप लाल, चडरा भगत आदि उपस्थित थे।

- नवरात्रा में कलश स्थापन कर नौ दिनों तक होगा पूजा, आंजन से गुमला तक निकाली जायेगी झांकी
- सप्तमी, अष्टमी व नवमी को होगा विशेष महा भंडारे का आयोजन

### महिलाएं आजिविका महिला मंडल से जुड़ बन रही हैं स्वावलंबी: अंचलाधिकारी गौतम कुमार

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के लुथरन बगान में जेएसएलपीएस के द्वारा मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस काफी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चैनपुर अंचलाधिकारी गौतम कुमार एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा उपस्थित थे। मुख्य अतिथि सीओ गौतम कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिला पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपने परिवार समाज और देश के विकास में सहयोग कर रही है। महिला आज हर क्षेत्र में राष्ट्र के महत्वपूर्ण पदों पर विराजमान है। आज महिलाएं आजिविका महिला मंडल से जुड़ कर खुद को और अपने परिवार को स्वावलंबी बना रही है। विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने नारी शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि महिला समाज की वो आईना है जो अच्छी शिक्षा के साथ परिवार व समाज में परिवर्तन ला सकती हैं। आज महिलाएं चैनपुर प्रखंड में संचालित जेएसपीएस संस्था से जुड़कर गांव गांव में महिलाओं को जागरूक कर उन्हें स्वावलंबी बना रही है वहीं कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर,उप प्रमुख प्रमोद खलखो चैनपूर मुखिया शोभा देवी पंचायत समिति सदस्य आशा लकड़ा एस आई राजेश कुमार जीसेलपीएस की अल्पना खलखो, सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड स्थित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी गई। इस मेले में टीवी बीमारी से संबंधित जानकारी देते हुए उसके उन्मूलन का संकल्प लिया गया। मेला में टीबी बीमारी से बचाव, उपचार व रोकथाम के लिए सरकार के द्वारा किये जा रहे प्रयास के बारे में लोगों को बताया गया। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर टोंगो एवं बेंदोरा में विशेष कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्ञान विज्ञान समिति समता के अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति कच्छप थी। उन्होंने कहा की स्वास्थ व सुंदर समाज से ही सामाजिक उत्थान संभव है। स्वास्थ व्यक्ति ही किसी भी कार्य को सुचारू रूप से कर सकता है। स्वास्थ रहने से ही पढ़ाई लिखाई के अलावा कोई भी मेहनत के काम किया जा सकता है। इसीलिए व्यक्तित्व के विकास के साथ-साथ सामाजिक उत्थान के लिए स्वास्थ समाज जरूरी है । इस स्वास्थ्य मेले में गुमला यक्ष्मा केंद्र के चिकित्सा पर्यवेक्षक रणधीर, टीवी चैंपियंस शंकर उरांव के द्वारा स्वास्थ्य मेले के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस अवसर पर सेंटर के सीएचओ, एएमएम, सहिया एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर समाज से टीवी बीमारी उन्मूलन का संकल्प लिया।

### सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय में तंबाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में तंबाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाने की आवश्यकता है। तंबाकू व्यक्तिगत स्वास्थ्य की दुर्गति के साथ-साथ परिवार के लिए भी तबाही लेकर आता है। स्वास्थ्य विभाग के एमपीडब्ल्यू मनीष कुमार ने बताया कि तंबाकू का सेवन जानलेवा है उन्होंने बताया कि नो तंबाकू डे 31 मई को मनाया जाता है। तंबाकू के दुष्प्रभाव को उन्होंने स्पष्ट कियो तंबाकू के खिलाफ भैया बहनों को जागरूक किया ताकि वे समाज में जाकर इसका प्रसार करें। उन्होंने बताया कि केरल एक ऐसा राज्य है जो सबसे साक्षर है और यहां ऐसा कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं है जो तंबाकू या कोई नशीली पदार्थो का प्रयोग करता है। एमपीडब्ल्यू आलोक कुमार ने कहा कि तंबाकू के प्रति जानकारी सभी के लिए बहुत आवश्यक है क्योंकि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों की क्विज प्रतियोगिता में सुषमा अभिषेक लकड़ा ने प्रथम स्थान, निशा उरांव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सत्यम कुमार,अपूर्वा शाहदेव, आदित्य कुमार, अंकित कुमार साहू और आशुतोष कुमार को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कुल 40 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर स्वास्थ विभाग के एमपीडब्ल्यू तनवीर जकी अशरफ, महाविद्यालय की आचार्य यशोदा कुमारी, रश्मि साहू, ऋद्धि मिश्रा और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### बुटी ब्रांच स्थान्तरण पर रोक को लेकर ग्राम प्रधान के अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक

**सेन्हा-लोहरदगा।** बैंक स्थान्तरण को लेकर बुटी पंचायत ग्राम में ग्राम प्रधान बालकु उराँव के अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक आयोजित हुआ। किया गया विचार विमर्श सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत ग्राम में बैंक ऑफ इंडिया शाखा बुटी का स्थान्तरण को लेकर ग्रामीण खाता धारकों ने ग्राम प्रधान बलकु उराँव के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुआ। आयोजित बैठक पंचायत मुखिया पार्वती कुमारी उपमुखिया सुनील उरांव पंचायत समिति सदस्य सुमंती उरांव एवं पुलिस पदाधिकारी गणेश यादव शस्त्र बल के साथ मौजूद थे। बताया जाता है कि बैंक ऑफ इंडिया शाखा बुटी पंचायत में 30 वर्ष पूर्व से गांव के बीच में संचालित है। परंतु कुछ बिचौलिया के कारण शाखा का स्थान्तरण किया जा रहा है, जो गांव से बाहर संचालित किया जाने की बात ग्रामीणों के बीच में आते ही ब्रांच अधिकारी के विरुद्ध रोष प्रकट किया। इस संदर्भ में ग्रामीण महिला सह पूर्व उपमुखिया शिला देवी ने कहा कि बुटी शाखा स्थान्तरण को लेकर 2017 में आवाज उठाया गया था। जिसपर गांव के अफजल अंसारी ग्रामीणों के साथ ब्रांच के आलाधिकारी को अप्रिय घटना होने की संभावना से अवगत कराते हुए स्थगित किया गया था। लेकिन आज उसी व्यक्ति के द्वारा ब्रांच मैनेजर के साथ मिली भगत कर स्थान्तरण किया जा रहा है। बताते हुए कहा कि इस संदर्भ में सांसद सुदर्शन भगत के माध्यम से जोनरल मैनेजर तथा जिला उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण को समस्या से अवगत कराया गया था। जिसपर उपायुक्त द्वारा जायजा लेने की बात सांसद सुदर्शन भगत से हुई थी। परंतु इस मामला को लेकर किसी प्रकार से विभागीय कार्रवाई नही किया गया। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

# स्पीड न्यूज

## प्रशासन, पत्रकारों व स्थानीय लोगो ने कराया लावारिश वृद्धा के शव का अंतिम संस्कार

**चंदवा।** प्रखंड के टोरी रेलवे फाटक के समीप स्थिति होटल के झोपड़ी में एक लावारिश वृद्धा की मौत हो गयी। वृद्धा के मौत के बाद उसका शव काफी देर तक पड़ा रहा। स्थानीय लोगो के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, टोरी आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार व पत्रकारों के सार्थक पहल के बाद स्थानीय लोगो के द्वारा वृद्धा का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार वृद्धा आसपास रेलवे फाटक के आसपास खान मांग कर जीवकोपार्जन करती थी, होली के दौरान रेलवे फाटक के समीप के कई दुकानें बंद रही जिस कारण वृद्धा के वृद्धा को खाना सही से नही मिल पाई व उसकी मौत हो गयी।

## झुलसने से युवक घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत साल्वे ग्राम में एक युवक खाना बनाने के लिए पेट्रोल से चूल्हा जला रहा था। जिससे झुलकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चरकू भुईयां 45 वर्ष ग्राम साल्वे थाना बारियातू निवासी अपने घर में खाना बनाने के लिए पेट्रोल से चूल्हा जला रहा था। जिससे आग की लपटों की चपेट में आकर वह झुलस गया। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर सुरेश राम की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया।

## निर्वाचन संबंधित कार्यों के निष्पादन को लेकर बैठक का

**मनिका।** मनिका प्रखंड कार्यालय के सभागार में निर्वाचन संबंधित कार्यों के निष्पादन को लेकर दिन मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। जहां पर निर्वाचन कार्यो में तेजी लाने के लिए विशेष चर्चा की गई। वहीं बैठक में उपस्थित कर्मियों ने बताया कि अक्सर देखा जा रहा है की वैसे शिक्षक जो बीएलओ के कार्य के अलावा विद्यालय के कार्यो का भी निष्पादन करते है। ऐसे मे न तो विद्यालय का कार्य सही समय पर हो पाता है और ना ही निर्वाचन संबंधी कार्य। आगे बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव के दिशा निर्देश के अनुसार अब निर्वाचन कार्यो मे विद्यालय के शिक्षक के अलावा ऑगनबाड़ी सेविका, अमीन, लेखापाल, पंचायत सचिव, ग्राम संगठनकर्मी, पोस्टमैन, स्वास्थ्य कर्मी, सर्किल स्टाफ, सहित कई अन्य विभाग के कर्मियो को भी निर्वाचन संबंधी कार्य को सौंपा जायेगा। जो बीएलओ की भुमिका मे प्रखंड के निर्वाचन क्षेत्र मे कार्य करेंगे। जिसे लेकर 1 अप्रैल के बाद फिर से बैठक आयोजित की जाएगी और सभी को निर्वाचन संबंधित कार्यों के लिए प्रशिक्षण देने हेतु चर्चा किया जाएगा। मौके पर सैकड़ों आंगनबाड़ी सेविकाएं समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक बच्ची समेत दो घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ चतरा मुख्य पथ पर मंगलवार देर शाम सड़क दुर्घटना में एक बच्ची समेत दो लोग घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोनी कुमारी 12 वर्ष पिता हरि गंझू ग्राम रिचाएहरा थाना बगरा जिला चतरा निवासी अपने फूफा सीटा गंझू ग्राम शेरगड़ा थाना बालूमाथ निवासी के साथ बाइक से अपने घर रिचाएहरा रही थी इसी दौरान राजगुरु ग्राम के पास एक अनियंत्रित बाइक ने टक्कर मार दीया। जिस से गिरकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉ सुरेश राम की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया।

## आग की चपेट में आने से महिला झुलसी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बसिया पंचायत अंतर्गत नगड़ा ग्राम में मंगलवार को आग की चपेट में आने से महिला झुलस कर घायल गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीना देवी 30 वर्ष पति मिथुन गंझू ग्राम नगडा थाना बालूमाथ निवासी खाना बनाने के लिए कोयला से चूल्हा धराई हुई थी। चूल्हा को घर के अंदर ले जाने के क्रम में दुपट्टे में आग लग गई जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार की देखरेख में महिला का प्राथमिक ईलाज किया गया वहीं बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## सरयू में पहली बार परीक्षा केंद्र बनने से, परीक्षार्थी में खुशी


परीक्षा देते छात्र।

**सरयू।** नव सृजित प्रखंड सरयू में इस वर्ष पहली बार मैट्रिक और इंटर के लिए एक-एक परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। प्रखंड में पहली बार परीक्षा केंद्र बनाये जाने से परीक्षार्थी और अभिभावकों में काफी हर्ष देखा गया है। अभिभावकों ने कहा की परीक्षार्थियों को 20 किलोमीटर की दूरी तय कर जिला मुख्यालय व गारू जाना पड़ता था। लेकिन इस बार सरयू प्लस टू उच्च विद्यालय में केंद्र बनने से खुशी है। जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर जिले में शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर परीक्षा सेल कक्ष की स्थापना की गयी है। साथ ही प्रभारियों की नियुक्ति की गयी है। इसके अलावा उड़न दस्ता दल का भी गठन किया गया है। मौके पर केंद्रा अधीक्षक, संतोष तिर्की, डंडा अधिकारी निर्मल कुमार मोदी, सरयू टिओपी प्रभारी घनस्याम उरांव, दीक्षा सचिन कुजूर, अमल कुजूर, दिलिप कुमार तिग्गा, अनुप बिरेंद्र टोपो, फिरोज आलम, संयुक्त रूप से उपस्थित थे।

---

### महापर्व रामनवमी के सफल आयोजन को लेकर रामनवमी पूजा महासमिति मुख्य अखाड़ा की बैठक संपन्न

# शांति, सद्भाव, प्रेम व भाईचारा को बढ़ाना ही उदेश्य : प्रभात

➲ मुख्य संरक्षक बनाये गये विधायक बैद्यनाथ राम, प्रभात कुमार अध्यक्ष व अंकित पांडेय बने महामंत्री


बैठक में उपस्थित लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** महापर्व रामनवमी के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को थाना चौक स्थित महावीर मंदिर के प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। महासमिति के लोगों ने बताया कि महापर्व के सफल आयोजन को लेकर महासमिति के द्वारा यह बैठक की गई है। बैठक में सर्वसम्मति से महा समिति के मुख्य संरक्षक बैद्यनाथ राम को बनाया गया। मुख्य पुजारी त्रिभुवन पांडेय को बनाया गया। इसके साथ ही महासमिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार, महामंत्री अंकित पांडेय, कोषाध्यक्ष गौरव दास, उपाध्यक्ष रविंद्र प्रजापति, मनीष पाठक, अमित पांडेय, अश्वनी सिंह, उज्जवल साहू, विवेक चंद्रवंशी, राज कुमार दास, अमर विश्वकर्मा, सौरभ कुमार साह, उत्तम कुमार, जुगेश कुमार, मंत्री मोनू सिंह, नितेश यादव, चंदन कुमार, सौरव पाठक, शुभम गुप्ता, सोनू कुमार, अभिनाश विश्वकर्मा, शैलेश ठाकुर, अशोक यादव, पंकज दास, नीरज कुमार रजक बनाया गया। तथा सह कोषाध्यक्ष अमरदीप मोदनवाल, गजेंद्र प्रसाद, सागर कुमार, बबलू प्रजापती, विशाल विश्वकर्मा, गौरव महालका, निर्मल कुमार, राहुल प्रजापति, संरक्षक राजधानी यादव, अरुण दुबे, राजमणि प्रसाद, शुशील अग्रवाल, सरयू प्रसाद सिंह, रामहरि प्रसाद, जय कुमार सिंह, नवीन कुमार सिन्हा, विशाल भास्कर, लक्ष्मी प्रसाद, अभिनंदन प्रसाद, विनोद प्रसाद,भोला प्रसाद, संतोष पासवान, राजन तिवारी, नरेश पाठक, राकेश दुबे, महेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, प्रदीप कुमार पाण्डेय, सुनील प्रसाद, प्रमोद प्रसाद सिंह, उमेश प्रसाद, बीरेंद्र पाठक, दीपक विश्वकर्मा, अनिल सिंह, पंकज सिंह, कन्हाई पासवान, आनंद सिंह, पंकज तिवारी, ध्रुव पांडेय, मुकेश पाण्डेय, अमरजीत सिंह, विनीत मधुकर, सुरेंद्र सिंह, श्रवण पासवान, राजू प्रसाद को बनाए गया है। इसके साथ ही सदस्य- पिंटू प्रसाद, रंजीत प्रसाद, सतीश प्रसाद, गुंजन कुमार, बिपिन प्रसाद, मोनू सिंह, अमरनाथ दास, चंदन यादव, आयुष गुप्ता, मनीष दास, आयुष मोदनवाल समेत 151 सदस्य मंडली बनाया गया। महासमिति के मुख्य संरक्षक बैद्यनाथ राम ने कहा कि रामनवमी का त्योहार हमें शिक्षा देता है कि यदि कोई भगवान की पूरी मन से भक्ति करें तो, वह भी भगवान के साथ पूजनीय हो जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान राम की जयंती में हम पूजा करते हैं भगवान हनुमान की। ऐसा इसलिए क्योंकि भगवान हनुमान ने प्रभु श्री राम की भक्ति की है।

## भाईचारा को बढ़ाना कमिटि का उदेश्य है: प्रभात कुमार

वही महासमिति के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रभात कुमार ने कहा कि यह आयोजन शांति, सद्भाव, प्रेम व भाईचारा के उद्देश्य से किया जाता है। रामनवमी महापर्व सनातन की अनमोल धरोहर है। वही लोगों को अगामी रामनवमी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि लातेहार का इतिहास हमेशा ही सौहार्द पूर्ण त्योहार मनाने का रहा है। उन्होंने कहा कि लातेहार जिला मुख्यालय समाज के लिए एक मिसाल है। यहां सभी समुदाय एक साथ मिलकर त्योहार को मनाते हैं। महामंत्री अंकित पांडेय ने बताया की भगवान राम के चरित्र के साथ-साथ रामायण के अन्य पात्रों का चरित्र मानव जीवन के लिए हमेशा से प्रेरणा स्रोत रहे हैं। सभी लोगों को प्रयास करना चाहिए कि भगवान राम के चरित्र को अपने जीवन में आत्मसात करें।

---

# जंगली हाथी का आतंक, एक को उतारा मौत के घाट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** महुआडांड़ में हाथियों का आतंक थमने का नाम ही नहीं ले रहा है कल रात नेतरहाट में हाथी का आतंक देखने को मिला इस दौरान जंगली हाथी ने एक ग्रामीण को कुचल कर मार डाला और कई घरों को भी ध्वस्त कर डाला है। महुआडाड़ प्रखंड के नेतरहाट इलाके में जंगली हाथी ने आतंक मचा रखा है नेतरहाट इलाके के कोरगी बटुआ टोली में बीती रात जंगली हाथी ने हमला कर रितु किसान पिता स्वर्गीय चमरू किसान 70 वर्ष ग्राम कोरगी बटुआ टोली को कुचल कर मार डाला एवं घर को भी ध्वस्त कर अनाजों पर भी हमला बोला। वहीं बबलू किसान के घर को भी जंगली हाथी के द्वारा ध्वस्त कर दिया गया है। इस दौरान कई ग्रामीण इधर उधर भाग कर अपनी जान बचाए और हल्ला मचा कर व आग जला कर हाथी को भगाने का प्रयास किया गया। जिसके बाद ग्रामीण जंगली हाथी को भगाने में सफल हुए। जिसके बाद सुबह मंगलवार को स्थानीय


हांथियों द्वारा ध्वस्त किया गया घर।

ग्रामीणों ने इसकी सूचना नेतरहाट थाना पुलिस तथा वन विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। जिसके बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है। वहीं वन विभाग की टीम भी गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ली और वहां जंगली हाथी के द्वारा नुकसान का जायजा लिया। वहीं मृतक के परिजनों को बारेसांढ़ रेंजर तरुण कुमार प्रभारी वनपाल सलमान कुल्लू के द्वारा तत्काल सहायता राशि के रुप में 25000 की राशि उपलब्ध कराई गई। आगे रेंजर तरुण कुमार ने बताया कि जंगली हाथी के द्वारा जो नुकसान किया गया है उसकी क्षतिपूर्ति की जाएगी और जो मृतक है उसके परिजनों को प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत सरकारी प्रधान के तहत चार लाख की राशि वन विभाग की ओर से मोआवजा दी जाएगी। मौके पर बिरसा उरांव, मिथिलेश ठाकुर, सुनील उरांव, पलक पाठक, श्याम राम, हरकेश कोरवा, नसरुल, अशोक, चंद्रदेव बड़ाईक, राजेश किसान, इन्द्रजीत, नेतरहाट थाना पुलिस वन विभाग की टीम समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## मैट्रिक व इंटर की पहली परीक्षा सपन्न


केंद्र का जायजा लेते इंस्पेक्टर।

**चंदवा।** झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा पहले दिन कदाचार मुक्त वातावरण में सपन्न हुई। पहली पाली में आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में विद्यार्थियों ने आईआईटी व अन्य वोकेशनल विषय की परीक्षा दिया। उक्त विषय के चंदवा से कुल 52 विद्यार्थियों थे, जिसमें खीस्त राजा में 36 में 36 विद्यार्थी उपस्थित रहे वहीं ग्रीन फील्ड में 16 में 12 विद्यार्थी उपस्थित व 4 अनुपस्थिति पाए गए। वहीं दूसरी पाली में इंटरमीडिएट में विद्यार्थियों ने वोकेशनल विषय की परीक्षा में भाग लिया। खीस्त राजा विद्यालय में 46 में 43 उपस्थित, 3 अनुपस्थिति, बालिका उच्च विद्यालय में 7 से 7 उपस्थित व मवि चंदवा में 2 में 2 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए। इधर परीक्षा को कदाचार मुक्त व शांति पूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर प्रखण्ड प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद देखी गयी। बीडीओ सह सीओ विजय कुमार व पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षक कर विधि व्यवस्था की जानकारी ली। परीक्षा को सपन्न कराने में केंद्राधीक्षक, वीक्षक, मजिस्ट्रेट ने अपना योगदान दिया।

## समाहरणालय सभागार में उपायुक्त द्वारा गठित समिति के समक्ष की जाएगी नीलामी

**लातेहार।** उपायुक्त सह दंडाधिकारी के निर्देश के आलोक में जिला खनन विभाग के द्वारा जप्त वाहनों की नीलामी 18 मार्च को समाहरणालय सभागार में 1:00 बजे गठित समिति के समक्ष की जाएगी। यह जानकारी जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि नीलामी में भाग लेने वाले निविदादाता को सुरक्षित जमा का दस प्रतिशत राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में जिला खनन पदाधिकारी के नाम बैंक डाप्ट, आयकर रिटर्न की छायाप्रति, पासपोर्ट साईज फोटो की दो प्रति, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पहचान पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ मूल शपथ-पत्र जमा करना होगा वही अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण आदि में कही मामला दर्ज ना हो एवं किसी भी विभाग द्वारा उनका नाम संस्था का नाम काली सूची में दर्ज नहीं हो। उन्होंने कहा कि निविदादाता को निविदा की शर्तो को पूरा करना अनिवार्य होगा।

**इन वाहनों की होगी नीलामी**

वाहन की निबंधन संख्या जेएच19बी-2277 ट्रक हाईवा, वाहन निबंधन सख्या 18जेएच01बीए 9784 ट्रक हाईवा, वाहन की निबंधन संख्या- बीआर02जेसीबी-9140- मॉडल संख्या-432 जेडएक्स पल्स पेलोडर, जेसीबी

# मंगला हाट का खुली डाक कराने की मांग की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** नगर पंचायत के द्वारा प्राचीन शिव मंदिर परिसर, बाजारटांड़ में लगने वाले मंगला हाट सैरात की खुली डाक नहीं कराने का स्थानीय लोगो ने विरोध किया है। बानपुर, बाजारटांड़ निवासी नागेंद्र पाठक ने इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन की प्रतिलिपि उपायुक्त, लातेहार को प्रेषित करते हुए श्री पाठक ने कहा है कि वर्ष 2023 का शिवरात्रि मेला उनके नाम से आवंटित था। गत दिन नगर पंचायत के द्वारा विभिन्न सैरातो की खुली डाक हेतु सूचना प्रकाशित की गयी है। लेकिन इस सूची मे बाजारटांड़ में लगने वाले मंगला हाट का नाम नहीं है। श्री पाठक ने कहा कि जब इस संबंध में उन्होने कार्यपालक पदाधिकारी से बात की तो उन्होने बताया कि मंगला हाट का बगैर खुली डाक कराये सोसायटी को दी जा रही है। इस पर श्री पाठक ने कहा कि वे मंगला हाट के डाक की प्रत्याशा मे थे और खुली डाक में भाग लेने की इच्छा रखते हैं। श्री पाठक ने कहा कि बगैर खुली डाक कराये मंगला हाट सैरात किसी सोसायटी को दे देना राजस्व की क्षति है। उन्होने कहा कि खुली डाक होने से नगर पंचायत को अधिक राजस्व मिल सकता था। उन्होने मंगला हाट, बाजारटांड़ का खुली डाक कराने की मांग की है। बता दें कि नगर पंचायत के द्वारा गत दिनों बस स्टैंड लातेहार, गुरूवार साप्ताहिक हाट डुरूआ, कांजी हाउस, मुख्य सब्जी बाजार धर्मपुर, नगर पंचायत में चलने वाले रिक्शा, साईकिल व ठेला पर कर टोकन लगाने हेतु और कन्या मध्य विद्यालय, लातेहार के चहारदिवारी के बगल में दो व चार पहिया वाहन पार्किंग में राजस्व संग्रहण के लिए खुली डाक आमंत्रित की गयी है। लेकिन मंगला हाट को इस खुली डाक में शामिल नहीं किया गया है। इसे लेकर लोगों ने आपित्त जाहिर की है।

## मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण तरिके से संपन्न

**बारियातू।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्र राजकीय आदर्श मध्य विधालय बारियातू में मैट्रिक की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा केंद्र में मैट्रिक की परीक्षा ऑटोमोबाइल में 11 परीक्षार्थी मे सभी शामिल रहे। एग्रीकल्चर की परिक्षा में 38 परीक्षार्थी मे सभी उपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र का प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने औचक निरक्षण किया। जहा अनुशासनबद्ध तरीके से कदाचार मुक्त पाया। बनाए गए परीक्षा केंद्र मे दंडाधिकारी प्रभात उरांव, केंद्राधीक्षक अनिता देवी, वीक्षक संजिव कुमार, यमुनाधर मिश्र, जयप्रकाश प्रसाद, नागेन्दर प्रसाद सहित कई वीक्षक अहम भूमिका निभा रहे थे।

## हाथियो ने मचाया उत्पात, वन विभाग से मुआवजे की मांग


हाथियों द्वारा पहुंचाये गये क्षति को दिखाते ग्रामीण।

➲ मुखिया ने भुक्तभोगी ग्रामीणों से की मुलाकात, हर संभव विभागीय मदद दिलाने का दिया भरोसा।

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती मरमर गांव में विगत 2 दिनों से जंगली हथियो का उत्पात बदस्तूर जारी है। जंगली हाथियों के झुंड ने लगभग एक दर्जन किसानों के रबी फसल को नष्ट कर दिया व एक ग्रामीण के घर को भी ध्वस्त कर दिया। जंगली हाथियों में द्वारा उत्पात मचाये जाने की सूचना के बाद पंचायत के मुखिया मरमर गांव पहुंचकर भुक्तभोगी ग्रामीणों से मुलाकात कर हाथियों द्वारा पहुंचाये गए क्षति की जानकारी ली व हर संभव मदद का भरोसा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के आतंक से ग्रामीण पूरी-पूरी रात अपने गांव की पहरेदारी कर रहे हैं, सोमवार की रात्रि मरमर गांव में एक दर्जन गजराजों का झुंड ने किसान धनेशर मुंडा, भोला मुंडा, राहुल मुंडा, नागु मुंडा, रामकिशुन मुंडा, जतरू लोहरा, करीमन मुंडा, दशरथ मुंडा, बीरबल मुंडा, चरका मुंडा समेत कई किसानों के गेंहू, चना, मटर, टमाटर व आलू के फसल को खाया एवं फसल को नुकसान किया वहीं मरमर भोला मुंडा के घर को ध्वस्त कर दिया है। ग्रामीणों ने नुकसान की जानकारी लेने के बाद मुखिया जतुरु मुंडा ने विभागीय अधिकरियों को अवगत कराया व तत्काल मुआवजा देने व हाथियों को क्षेत्र से दूर भगाने की गुहार लगायी है। मौके पर धनेसर मुंडा, जलेंद्र मुंडा, राहुल मुंडा, भोला मुंडा, दीनू मुंडा मनोज मुंडा, प्रदीप मुंडा, विजय मुंडा, बालकिशुन मुंडा, हुलासो देवी, मीना कुमारी, करीमन मुंडा, लालो कुमारी व दर्जनों लोग उपस्थित थें।

## एक नजर में

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति भरने की अंतिम तिथि 25 मार्च तक

**लातेहार।** कल्याण विभाग के द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना 2022-23 के लिए नये शैक्षणिक संस्थान के द्वारा ई कल्याण पोर्टल में पंजीकरण, झारखण्ड राज्य या राज्य के बाहर पढ़ने वाले अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति के छात्र-छात्राओं के द्वारा आवेदन जमा करने तथा आवेदन के सत्यापन की अंतिम तिथि को संशोधित करते हुये निम्नवत विस्तारित किया गया है। संशोधन के उपरांत नये शैक्षणिक संस्थान के द्वारा ई-कल्याण पोर्टल में पंजीयन की अंतिम तिथि 20.03.2023 निर्धारित की गयी है। शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु छात्र-छात्राओं के द्वारा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 24.03.2023 निर्धारित की गयी है। शैक्षणिक संस्थान के द्वारा छात्र-छात्राओं के आवेदन के सत्यापन की अंतिम तिथि 25.03.2023 निर्धारित की गयी है। जिले का कोई भी सुयोग्य लाभुक पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति से वंचित नहीं हो इसके लिए उपायुक्त लातेहार भोर सिंह यादव ने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को जाति/स्थानीय/आय प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया है।

### गारू में शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न


परीक्षा देते छात्र।

**लातेहार।** परीक्षा केंद्र उत्क्रमित उच्च विद्यालय गारू में झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में व्यवसायिक शिक्षा अंतर्गत दो ट्रेड आईटीएस एवं हेल्थ केयर की परीक्षा संपन्न कराई गई। केंद्र अधीक्षक उमा कुमारी द्वारा बताया गया कि आज की परीक्षा में प्रथम पाली में मैट्रिक की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें आईटीएस के 32 छात्र-छात्राओं में सभी उपस्थित रहे। वहीं हेल्थ केयर ट्रेड में 34 छात्र छात्राओं में 32 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। इंटर की परीक्षा में द्वितीय पाली में आईटीएस में 24 में 24 बच्चे उपस्थित रहे और हेल्थकेयर ट्रेड में 27 में 25 बच्चे उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 66 में 64 तथा द्वितीय पाली में 51 में 49 बच्चों ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान सभी सुविधाओं का ख्याल रखा गया। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में शांतिपूर्ण कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हुई। मौके पर दंडाधिकारी सुधीर कुमार रवि मौजूद रहे।

### पिकअप वैन के धक्के से बच्चा घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ स्थित शहीद चौक के समीप एक अनियंत्रित पिकअप वैन ने एक नौ बच्चे को धक्का मार दिया। जिससे बच्चा गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रेम गंझु 8 वर्ष पिता नान्हू गंझु ग्राम जोगियाडीह थाना बालूमाथ निवासी अपनी मां के साथ बालूमाथ बाजार आया हुआ था। जहां बच्चे को सड़क के किनारे छोड़कर उसकी मां दुकान में ठंडा लेने गए हुई थी। इसी दौरान बच्चा सड़क की ओर चला गया। जहां एक अनियंत्रित साउंड लदे पिकअप वैन ने धक्का मार दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. सुरेश राम की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### बीडीओ की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक


बारियातू प्रखंड कार्यालय मे बैठक करते।

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर में बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में संचालित योजनाओं को लेकर मंगलवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक की गई। बैठक में बीडीओ कुमारी ने प्रखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा योजना, 15वीं वित्त सहित अन्य संचालित योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान वीर शहीद पोटो खेल मैदान व अमृत सरोवर योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द कार्य पुर्ण करने का दिशा निर्देश दिया। वहीं बीपीओ रवि कुमार यादव ने प्रखंड के सभी पंचायतों में चल रहे मनरेगा योजना के तहत विकास योजनाओं की जानकारी दिया। बैठक उपस्थित सभी कर्मियों को बीडीओ ने युद्ध स्तर पर कार्य में गति लाते हुए लंबित योजना कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, महेंद्र बिधिकर, शशि कुजुर, अई इशांत कुमार, जई प्रदीप भगत, पंचायत सेवक प्रकाश कुमार, पंकज पांडेय, रामदेव नगेशिया, आलोक दुबे,अरविंद पांडेय, नईम खान, आजाद वर्मा, संतोष यादव, शिव कुमार, राजदेव सिंह, रेखा कुमारी सहित कई प्रखंड कर्मी मौजुद थे।

---

### भाजपा का बूथ निर्माण एवं सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला का हुआ समापन

# सशक्त और प्रभावी बूथ सरंचना से हासिल होगी विजय: हरिकृष्ण सिंह

➲ सत्ता के माध्यम से देश की सेवा करना भाजपा का उद्देश्य: मनोज सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** भारतीय जनता पार्टी ने 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। मंगलवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी की बूथ सशक्तिकरण अभियान की महत्वपूर्ण कार्यशाला सम्पन्न हुई। जिसमें लातेहार जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिंह और पलामू प्रमंडल प्रभारी मनोज सिंह सहित भाजपा के कई वरिष्ट नेता शामिल और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत जनसंघ के संस्थापक रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। जिसके उपरांत अतिथियों का स्वागत फूलमाला और अंगवस्त्र भेंटकर किया गया। जहां जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथों को मजबूत करना भारतीय जनता पार्टी के हर एक कार्यकर्ता का दायित्व है। बूथ स्तरीय कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ है। उन्होंने कार्यकताओं को बूथ सशक्तिकरण अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।



कार्यशाला में उपस्थित जिला अध्यक्ष व अन्य।


उपस्थित कार्यकर्ता।

## बूथ सशक्तिकरण के सभी बिंदुओं की दी जानकारी

प्रमंडल प्रभारी मनोज सिंह ने बूथ सशक्तिकरण अभियान के सभी बिंदुओं को कार्यकताओं के समक्ष रखने का काम किया। उन्होंने कहा कि बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुख प्रत्येक मतदाता से संवाद व संपर्क का माध्यम है। बूथ को मजबूत करके ही हम हर चुनाव में विजय हासिल कर सकते है। उन्होंने यह भी कहा कि सत्ता के माध्यम से देश की सेवा करना भाजपा का मुख्य उद्देश्य है।

## कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता और कार्यकर्ता

इसके अलावा अन्य वक्ताओं ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। वहीं कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री पंकज सिंह ने किया। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, आशुतोष सिंह चेरो, नीरज सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विश्वनाथ राय, अजय प्रसाद सोनी, दिलीप यादव, विवेक सिंह, जिला परिषद सदस्य स्टेला नगेसिया, प्रमुख सुशीला देवी, प्रतिमा देवी, बिरेंद्र जयसवाल, महेश सिंह, बंशी यादव, देवमोहन सिंह, रामदेव सिंह, लव कुमार दुबे, भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, धुर्व कुमार पाण्डेय, ईश्वरी सिंह, सखीचंद प्रसाद, अशोक प्रसाद, संभू प्रसाद, पंकज यादव, सुनील सिंह, अजय प्रसाद, सतीश यादव, प्रदीप सिंह, भीमानंद गिरी, मनोज प्रसाद, ओमप्रकाश, मनोज यादव, हेमंत कुमार कश्यप, पवन चौधरी, प्रवीण कुमार, राजू सिंह, उपेंद्र प्रसाद, मुखिया बुद्धेश्वर सिंह, कालो देवी, पारस जयसवाल, बबन पासवान, नरेश सिंह, दिलीप सिंह, और मुंद्रिका सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।





## महिला मुक्केबाजों का चयन न होने पर एचसी का हस्तक्षेप से इनकार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को तीन राष्ट्रीय चैंपियन मुक्केबाजों मंजू रानी, शिक्षा नरवाल और पूनम पूनिया का विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए चयन नहीं किए जाने के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों के पदकों की संख्या और मूल्यांकन प्रमाणपत्रों को देखने बाद इस खेल प्रतियोगिता के लिए चुने गए मुक्केबाजों की सूची में हस्तक्षेप करने का कोई मामला नहीं बनता है और याचिकाकर्ता चैंपियनशिप के लिए रिजर्व खिलाड़ियों की सूची में बने रहेंगे। न्यायाधीश ने कहा, अदालत ने नोटिस किया कि इस रिट याचिका में हस्तक्षेप का दायरा सीमित है। अदालत ने मूल्यांकन प्रमाणपत्रों और पदक तालिका का भी अवलोकन किया। यह अनुच्छेद 226 के तहत हस्तक्षेप का मामला नहीं है। जिस टीम का चयन किया गया है उसे भारत का प्रतिनिधित्व करने की अनुमति है। विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 15 से 31 मार्च तक दिल्ली में होनी है।

## मनिका की महिला और मिश्रित युगल में हार

**सिंगापुर।** मनिका बत्रा की महिला और मिश्रित युगल दोनों मुकाबलों में हार के साथ मंगलवार को यहां सिंगापुर स्मैश टेबल टेनिस टूनार्मेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। मनिका और जी साथियान को हिना हयाता और टोमोकाजु हारिमोतो की जापान की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता जोड़ी के खिलाफ मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। मनिका और साथियान की छठी वरीय जोड़ी को चौथी वरीय विरोधी जोड़ी के खिलाफ अंतिम आठ के मुकाबले में 52 मिनट में 2-3 (9-11 9-11 11-8 11-5 7-11) से हार झेलनी पड़ी। मनिका और साथियान ने जियान झेंग और च्यु झी यू क्लेरेंस की सिंगापुर की जोड़ी को प्री क्वार्टर फाइनल में 3-1 (11-7, 12-10, 9-11, 11-3) से हराया था।

# डब्लयूटीसी फाइनल में भारत के सामने तीन चुनौतियां



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम लगातार दूसरी बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। फाइनल मुकाबला 7 से 11 जून के बीच लंदन के ओवल में खेला जाएगा। फाइनल में टीम इंडिया के सामने एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया की टक्कर की होगी। भारतीय सरजमीं पर खेले गए चार टेस्ट मैचों की सीरीज में दोनों टीमों के स्पिन गेंदबाजों का दबदबा रहा लेकिन डब्लयूटीसी का फाइनल इंग्लैंड के तेज पिचों पर खेला जाएगा जो कि तो गेंदबाजों के लिए मददगार होगी। वहीं भारत के कुछ ऐसे खिलाड़ी जिनका विदेशी धरती पर रिकॉर्ड शानदार रहा है वह चोटिल हो रखे हैं। ऐसे में फाइनल में कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ के सामने बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई। ऐसे में आइए जानते हैं डब्लयूटीसी फाइनल में टीम इंडिया के सामने कौन-कौन सी चुनौती होगी।

### इंग्लैंड का कंडीशन

डब्लयूटीसी के फाइनल इंग्लैंड में खेला जाना है। इंग्लैंड के पिचों पर खेलना टीम इंडिया के लिए हमेशा से एक चुनौती रही है। तेज गेंदबाजों के मददगार ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को इंग्लैंड का कंडीशन भी काफी सूट करेगा। क्योंकि यहां उनके मुताबिक पिच होने की संभावना रहेगी। क्योंकि कंगारू टीम के पास पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क जैसे तेज गेंदबाज हैं जो तेज पिचों पर किसी भी मजबूत बल्लेबाजी आक्रमण के लिए भी काल बन सकते हैं। ऐसे में डब्लयूटीसी के फाइनल में टीम इंडिया के सामने सबसे बड़ी और पहली चुनौती यहां का कंडिशन होगा जिससे निपटना बहुत जरूरी होगा। हालांकि भारतीय टीम के पास इतनी क्षमता है कि वह इंग्लैंड के कंडिशन में ऑस्ट्रेलिया को हरा सकती है लेकिन कप्तान रोहित शर्मा किसी तरह से कंगारूओं को हल्के में नहीं लेना चाहेंगे।

### बुमराह और पंत की कमी खलेगी

टीम इंडिया के दो बेहतरीन खिलाड़ी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत चोटिल हैं। पिछले कुछ सालों में बुमराह और पंत विदेशी सरजमीं पर टीम इंडिया की सबसे बड़ी ताकत रहे हैं। हालांकि चोट के कारण ये दोनों खिलाड़ी बाहर बाहर चल रहे हैं। वहीं रिपोर्ट की माने तो बुमराह अगस्त से पहले पूरी तरह से फिट नहीं होंगे। ऐसे में टीम मैनेजमेंट किसी तरह का जोखिम नहीं उठाना चाहेगी। बुमराह पिछले साल सितंबर में आखिरी बार इंटरनेशनल मैच में मैदान पर उतरे थे। इसके बाद से वे एशिया कप, टी20 विश्व कप और बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज में भी नहीं खेल पाए। वहीं डब्लयूटीसी के फाइनल में भी उनके खेलने की संभावना ना के बराबर ही है। दूसरी तरफ पंत पिछले साल दिसंबर में कार एक्सीडेंट में बुरी तरह से घायल हो गए थे। उन्हें ठीक होने में अभी लंबा वक्त लग सकता है जिसके कारण टीम इंडिया कोडब्लयूटीसी के फाइनल में उनकी कमी जरूर खलेगी।

### शमी और सिराज पर बढ़ेगा दबाव

जसप्रीत बुमराह के टीम में नहीं होने से मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज पर काफी दबाव बढ़ गया है। हालांकि इन दोनों ही गेंदबाजों को जब जब मौका मिला है इन्होंने दमदार खेल का प्रदर्शन किया। ऐसे में उम्मीद ये की जा रही है कि डब्लयूटीसी के फाइनल में ये दोनों ही पेस बैटरी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा लेगा। हालांकि इसके बावजूद इंग्लैंड की तेज पिचों पर टीम इंडिया के सामने लेफ्ट आर्म पेसर की कमी जरूर खलेगी। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शमी और सिराज के अलावा उमेश यादव भी टीम के सदस्य थे। ये तीनों ही खिलाड़ी दाएं हाथ के गेंदबाज हैं। ऐसे में डब्लयूटीसी के फाइनल में लेफ्ट आर्म बॉलर की कमी जरूर खलेगी।

## वनडे सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका, फिर बदलेगा कप्तान

**अहमदाबाद।** स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करना जारी रखेंगे क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस भारत नहीं लौट रहे हैं। बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के शुरूआती दो टेस्ट के बाद कमिंस मां की बीमारी के कारण स्वदेश लौट गए थे। स्तन कैंसर से जूझने के बाद उनकी मां मारिया का हालांकि पिछले सप्ताह निधन हो गया था। तीन मैचों की इस सीरीज का पहला मैच शुक्रवार को मुंबई में खेल जाएगा।

## बांग्लादेश ने किया चैंपियन इंग्लैंड का सूपड़ा साफ



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज लिटन दास के अर्धशतक के बाद मुस्ताफिजुर रहमान की अगुवाई में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से बांग्लादेश ने मंगलवार 14 मार्च को तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में विश्व चैंपियन इंग्लैंड को 16 रन से हराया है। इस जीत के साथ बांग्लादेश ने तीन मैचों की सीरीज में वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड को 3-0 से क्लीन स्वीप किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास ने 57 गेंदों पर 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 73 रन बनाए। उन्होंने रोनी तालुकदार (24) के साथ पहले विकेट के लिए 55 और नजमुल हसन शंटो (नाबाद 47) के साथ दूसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की जिससे बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 158 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इंग्लैंड के ओपनर बल्लेबाज डाविड मलान (53) और कप्तान जोस बटलर (40) के बीच दूसरे विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी के दौरान मेहमान टीम जीत की स्थिति में दिख रही थी लेकिन इन दोनों के 14वें ओवर में लगातार गेंदों पर आउट होने से उनकी पारी लड़खड़ा गई और आखिर में वह छह विकेट पर 142 रन ही बना पाए।मुस्ताफिजुर ने चार ओवर में 14 रन देकर मलान का महत्वपूर्ण विकेट हासिल किया जबकि बटलर अगली गेंद पर रन आउट हो गए। इसके बाद बांग्लादेश के गेंदबाजों ने शिकंजा कस दिया। तास्किन अहमद बांग्लादेश की ओर से सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 26 रन देकर दो विकेट झटके।आपको बता दें कि बांग्लादेश ने पहले मैच में छह विकेट और दूसरे मैच में चार विकेट से इंग्लैंड पर जीत दर्ज की थी।

## पेज एक का शेष

### समय पर...

गौरतलब हो कि कांटा टोली फ्लाईओवर 224 करोड़ की लागत से बन रहा है, जबकि सिरम टोली फ्लाईओवर की लागत 337 करोड़ है। सिरम टोली फ्लाईओवर फोर लेन होगा, जिसकी लंबाई 1632 मीटर होगी। यह फ्लाईओवर सिरम टोली चौक से राजेंद्र चौक होते हुए मेकॉन गोलंबर तक बन रहा है। इसका काम एलएंडटी कंपनी को दिया गया है। सिरमटोली फ्लाईओवर को इस साल अक्टूबर तक पूरा करने का लक्ष्य सरकार के द्वारा तय किया गया है।

### अवैध माइनिंग...

इस पर अंकुश लगाने की जरूरत है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। दरअसल, यह मामला एक संचालक से माइनिंग चलाने के लिए माइनिंग विभाग के अधिकारी द्वारा 20 लाख रुपए की मांग से जुड़ा है। इस मामले में डिप्टी डायरेक्टर रैंक के एक अधिकारी की भूमिका बताई गई है, लेकिन उनके खिलाफ जो जांच हुई उसे बाद में जांच को बंद कर दिया गया था। प्रार्थी का कहना था पलामू सहित कुछ जिलों में अवैध माइनिंग में अरबों का पैसों का खेल चलता है। इसकी रोकथाम होनी चाहिए। सरकार के जो अधिकारी इस अवैध माइनिंग में संलिप्त हैं उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

### शिक्षा मंत्री...

एंबुलेंस में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो होश में लेटे हुए थे, वह अपने आसपास हर गतिविधि को देख रहे थे। मंगलवार को मंत्री बजट सत्र में शामिल होने विधानसभा गये थे, परंतु पेट दर्द की शिकायत पर उन्हें विधानसभा के पिछले गेट से बाहर ले जाया गया, ताकि सत्र में बाधा न आये। उन्हें धुर्वा स्थित पारस अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों की टीम ने जरूरी जांच की और सुझाव दिये। इससे पहले भी एक अगस्त को विधानसभा सदन के दौरान ही उनकी तबीयत बिगड़ी थी, जिसके बाद उन्हें धुर्वा स्थित पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कोरोनाकाल में भी बीमार पड़ने पर उन्हें एयर एंबुलेंस से चेन्नई ले जाया गया था। वहां लंग्स संबंधी और अन्य परेशानियों का लंबे समय तक इलाज चला था। **फेफड़े को किया गया है ट्रांसप्लांट :** कोरोना महामारी के दौरान जगरनाथ महतो के फेफड़ों में संक्रमण हो गया था। रांची के मेडिका अस्पताल में उनका इलाज चला। फिर चेन्नई एमजीएम में उनके फेफड़े को ट्रांसप्लांट किया गया। पारस अस्पताल के डॉक्टर नीतीश ने बताया कि उनकी हालत अभी स्थिर है और उन्हें फॉलोअप के लिए चेन्नई एमजीएम भेजा जा रहा है, क्योंकि उनके फेफड़े का ट्रांसप्लांटेशन वहीं हुआ है।

### आज से फिर...

मौसम केंद्र, रांची के मुताबिक, 15 मार्च को राज्य के मध्य भाग यानी रांची समेत बोकारो, हजारीबाग, गुमला, खूंटी और रामगढ़ के साथ पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना जतायी है। वहीं, 16 से 20 मार्च तक राज्य के कुछ स्थानों में गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। **तापमान में आयेगी गिरावट :** इधर, 15 से 19 मार्च तक जमशेदपुर में रोजाना बारिश होने के आसार हैं, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। इससे तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकता है। वहीं, सोमवार को लोगों को गर्मी से दो-चार होना पड़ा। दोपहर में गर्म हवा भी चली। दिन के साथ ही रात के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गयी। सोमवार को दिन का तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। रात का तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। हवा में आर्द्रता की अधिकतम मात्रा 68%, न्यूनतम मात्रा 32% दर्ज की गयी।

### इमरान की...

क्यों किया जा रहा है गिरफ्तार : इमरान खान के खिलाफ इस्लामाबाद कोर्ट ने दो मामलों में गैर जमानती वारंट जारी किया है। पहला मामला तोशाखाना केस से जुड़ा हुआ है। वहीं, दूसरा मामला जज को धमकाने का है। दोनों की केस से जुड़ी तारीखों पर इमरान खान कोर्ट में पेश नहीं हुए थे। इमरान खान ने कोर्ट में पेशी से छूट की अपील भी की है, जिस पर सुनवाई होना बाकी है। इमरान खान के वकील का दावा है कि कोर्ट में पेशी से उनकी जान को खतरा है। ऐसे में उन्हें वर्चुअली पेश होने की छूट दी जाये। इमरान के नाम से दो अलग-अलग मामलों में गैर जमानती वारंट जारी हैं। डीआइजी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि लोग कानून अपने हाथ में नहीं लेंगे। अगर स्थिति अराजकता में बदली तो हम कानून के अनुसार कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि ये उनके अपने ऑपरेशन टेस्टिक्स हैं, जिसकी जानकारी नहीं दी जा सकती है। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने जियो न्यूज के प्रोग्राम कैपिटल टॉक को दिए इंटरव्यू में कहा- हमने खान पर कोई केस दर्ज नहीं किया। अब अगर अदालत के आदेश का पालन भी नहीं करेंगे तो क्या होगा। इमरान कहते हैं कि वो 72 साल के बुजुर्ग हैं तो शांति से गिरफ्तारी क्यों नहीं देते?

### राजीव अरुण एक्का ने...

अधिवक्ता राजीव कुमार ने फिर से 13 मार्च को ऑनलाइन आवेदन देकर मामला दर्ज करने का अनुरोध किया है। राज्यपाल से भी भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल मिलकर जांच की मांग की थी। मामला उजागर होने के बाद इडी ने आइएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का को समन जारी किया। **पत्रकार रविंद्र नाथ तिवारी से भी पूछताछ की :** इडी की टीम ने पत्रकार रविंद्र नाथ तिवारी से भी मंगलवार को पूछताछ की। पूछताछ में रविंद्र नाथ तिवारी ने इडी को बताया कि पंकज मिश्रा को एक्सपोज करने रिम्स पहुंचे थे। रिम्स में पंकज मिश्रा से कई लोग मिलने जा रहे थे। खबर के सिलसिले में रिम्स गये थे। ईडी ने पत्रकार को सम्मन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था। यह सम्मन 1 मार्च को जारी किया गया था।

### राशि रोकने की...

**कटौती प्रस्ताव :** कृषि विभाग के अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव लाते हुए भाजपा विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि इस सरकार का काम सिर्फ पूर्व से चली आ रही योजनाओं को बंद करना है। प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना को बंद किया। मुख्यमंत्री कृषि सम्मान योजना को बंद किया। उन्होंने कहा कि बजट तो विधानसभा से पारित होता है। लेकिन खर्च में यह सरकार फिसड्डी है। अबतक कृषि विभाग का मात्र 18 प्रतिशत राशि ही खर्च हो पाया है। **शिक्षकों के कई पद खाली :** सदन में सरकार ने माना है कि राज्य के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के 40 फीसदी से ज्यादा पद खाली हैं। माले विधायक विनोद सिंह ने अनुसूचित प्रश्न के जरिए राज्य के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की कमी का मामला उठाया था। **सत्ता पक्ष का विपक्ष पर पलटवार :** विपक्ष के सवालों पर सत्ता पक्ष ने पलटवार किया। उनका कहना है कि भाजपा युवाओं को दिग्भ्रमित कर इसे उलझाना चाहती है जिसे यह सरकार होने नहीं देगी। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि सदन में जब बातें उठती है तो वह वॉक आउट कर जाते हैं और सदन के बाहर हंगामा करते हैं। यह अलग-अलग चेहरा भारतीय जनता पार्टी का है जिसे चलने नहीं दिया जायेगा। सरकार पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ राज्य के युवाओं के लिए काम कर रही है और आने वाले समय में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां होंगी। वहीं कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपावाले केवल माहौल बनाकर युवाओं को भटका रहे हैं। राज्य की हेमंत सोरेन सरकार चाहती है कि यहां के युवाओं को नौकरी मिले मगर भाजपा इसे उलझाकर रख देती है।

## मधेपुरा में सड़क हादसे में दो की मौत

**मधेपुरा।** मधेपुरा के चौसा थाना क्षेत्र में मंगलवार को सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। हादसा स्कॉर्पियो द्वारा बाइक को टक्कर मारते हुए ऑटो से टकराने की वजह से हुआ। घटना में 6 व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो खाई में जा गिरी। मृतक ऑटो में सवार थे। घटना लौआ लगन के पास एसएच-58 की है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतकों की पहचान उदाकिशुनगंज अनुमंडल के ही आलमनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बजरहा निवासी गीता देवी (50) और उनेके पोते प्रियम कुमार (8) के रूप में की गई। इस हादसे में ऑटो और बाइक सवार सहित 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## भोजपुर में पीटकर युवक की हत्या

**आरा (भोजपुर)।** भोजपुर में युवक की धारदार हथियार और लोहे की रॉड से पीटकर निर्मम हत्या कर दी। घटना कोइलवर थाना क्षेत्र के गीधा ओपी अंतर्गत सकड्डी गांव में सोमवार की देर रात की है। आरोप है कि दो कट्ठे जमीन के विवाद को लेकर चचेरे भाई ने युवक की हत्या की है। मृतक की पहचान कोईलवर थाना क्षेत्र के गीधा ओपी अंतर्गत सकड्डी गांव वार्ड नंबर 4 निवासी चंद्रमा राय के 32 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार राय के रूप में की गई। वह पेशे से किसान था और गांव पर ही रह कर खेती किया करता था। इधर, मृतक के बड़े भाई वीरेंद्र राय ने बताया कि उनके बड़े पापा राम ईश्वर राय ने उनके पिता चंद्रमा राय को वर्ष 2003 में दो कट्ठा जमीन दी थी। जिस पर वह खेती किया करते थे।

## तिलक में हर्ष फायरिंग, किशोर की मौत

**बक्सर।** बक्सर में भोजपुरी गायक ब्रजेश सिंह के तिलक में हर्ष फायरिंग में एक किशोर को गोली लग गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फायरिंग के समय भोजपुरी सिंगर रितेश पांडेय, निशांत सिंह, शिल्पी राज, नेहा राज समेत कई कलाकार मौजूद थे। परिवार ने पुलिस में शिकायत की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी। जिले के हेठुआ गांव में रविवार रात भोजपुरी गायक का तिलक कार्यक्रम था। यहां भोजपुरी कलाकार स्टेज शो कर रहे थे। इस दौरान रायफल, पिस्टल और कट्टे से फायरिंग की जा रही थी। फयरिंग के दौरान एक गोली 13 साल के अमरजीत नोनिया को लग गई।

## भाई-भाभी ने बहन को खूंटे से बांधकर पीटा

**कटिहार।** कटिहार में एक भाई ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर सगी बहन को खूंटे से बांधकर लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। मामला जमीन विवाद से जुड़ा है। मिला जानकारी के अनुसार, प्राणपुर थाना क्षेत्र के चौमुखा गांव में एक महिला की लाठी डंडे से जमकर पिटाई की गई। महिला का कसूर बस इतना सा था कि उसने अपने भाई की दबंगई का विरोध किया था। जिसके बाद भाई ने उसे पहले रस्सी से बांस के खूंटे में बाधा। फिर उसकी पिटाई कर दी। भाई ने बहन की जमीन पर जबरन घर बनाना चाहता था। इसी को लेकर विवाद शुरू हुआ। भाई ने तीन घंटे तक अपनी सगी बहन को खूंटे में बांधकर रखा। इस दौरान ग्रामीण तमाशबीन बने रहे। घटना की सूचना पाकर प्राणपुर थाने के प्रभारी थानाध्यक्ष अफाक हुसैन दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। पुलिस ने महिला को छुड़वाया। पुलिस ने आरोपी भाई मोहन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

## बैंक कर्मी से लूट: दो बदमाशों ने बाह में मारी गोली

**नालंदा।** नालंदा में बाइक सवार बदमाशों ने मंगलवार को बंधन बैंक कर्मी को गोली मार 2 लाख 90 हजार लूट लिया। मामला रहुई थाना क्षेत्र के सोहसराय हॉल्ट के पास का है। बैंक कर्मी को जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में जख्मी नवादा जिला के पकरीबरामा निवासी सरदार यादव के पुत्र मुकेश कुमार ने बताया कि वह बिहार शरीफ के रामचंद्रपुर बंधन बैंक से 2 लाख 90 हजार रुपए लेकर रहूई स्थित बंधन बैंक जा रहा था। तभी रास्ते में सोहसराय हॉल्ट के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे गोली मारकर जख्मी कर दिया और रुपए से भरा बैग लूट कर फरार हो गए।

# छपरा में राजद नेता का अपहरण

## हथियार के दम पर ऑफिस से उठाया, मारपीट करते हुए गाड़ी में बिठाकर ले गए

**एजेंसी**



**छपरा।** छपरा में मंगलवार सुबह 4 बजे आरजेडी नेता सुनील कुमार राय का अपहरण हो गया। हथियार और नकाब पहनकर पहुंचे बदमाशों ने इस किडनैपिंग को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार साढ़ा स्थित उनके ऑफिस से अपराधियों ने उनका अपहरण किया। सुनील कुमार राय 2019 में युवा राजद के जिला महासचिव थे। 2020 में विधानसभा चुनाव में राजद से बगावत कर छपरा सदर से निर्दलीय चुनाव लड़ चुके हैं। चुनाव हारने के बाद फिर से फखऊ में शामिल हो गए। फिलहाल उनके पास कोई पद नहीं है। सुनील कुमार के अपहरण का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि 5-6 लोग उनके साथ मारपीट करते हुए उन्हें स्कॉर्पियो में बिठा रहे हैं। वारदात स्थल से थोड़ी दूर पर उनका मोबाइल फोन भी मिला है। आशंका है कि लोकेशन ट्रेस ना हो इसलिए अपराधियों ने उनका फोन किडनैपिंग के बाद फेंक दिया। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस अपराधियों की तलाश कर रही है। अपहरण के बाद सुनील राय के साढ़ा स्थित आवास पर लोगों का जमावड़ा लग गया है। घटना के बाद पुलिस सभी बिन्दुओं पर गहराई से जांच कर रही है। राजद नेता सुनील राय जमीनी कारोबार से जुड़े हैं। पूर्व में भी कई बार उनका दूसरों से जमीन को लेकर विवाद हो चुका है।

### घर से दफ्तर 700 मीटर पर, सुबह 4 बजे क्यों पहुंचे इस पर सवाल

सुनील राय के घर से उनका दफ्तर 700 मीटर की दूरी पर है। उनका अपहरण दफ्तर से सुबह 4 बचे हुआ है। इतनी सुबह वह कार्यालय क्यों पहुंचे, इसकी भी पुलिस जांच कर रही है। अपहरण को लेकर राजद नेता के परिजन कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने बताया कि राजद नेता के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस तेजी से जांच में जुटी हुई है। एक स्पेशल टीम बनाकर जांच की जा रही है।

## ब्यूटी क्वीन से पॉलिटीशियन, अब गैंगस्टर बनने का ख्वाब: अपने बॉयफ्रेंड के साथ रह रही श्वेता

**एजेंसी**

**पटना।** पटना से मेयर का चुनाव लड़ चुकीं भाजपा नेत्री श्वेता झा साल 2021 में मिसेज इंडिया का ब्यूटी कॉम्पटीशन जीती थीं, लेकिन अब वह गैंगस्टर बनना चाहती हैं। यह दावा श्वेता के पति चंदन कुमार झा ने किया है। उनका आरोप है कि वह उसे छोड़कर बॉयफ्रेंड अभिषेक यादव के साथ रह रही हैं। चंदन को अभिषेक जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। श्वेता झा से चंदन की शादी 15 साल पहले हुई थी। श्वेता पिछले दिनों चर्चा में तब आई थीं, जब सरकारी जिप्सी और पिस्टल हाथ में लेकर उन्होंने रील बनाई थी। AK-47 और इंसास के साथ उनके फोटो वायरल हुई थी। इसके बाद आर्थिक अपराध ईकाई ने 28 फरवरी को पूछताछ के लिए श्वेता झा को बुलाया था। श्वेता झा का परिवार पटना के अगमकुआं थाने के भागवत नगर इलाके में रहता है। श्वेता के पति चंदन ने बताया कि मेयर पद का चुनाव हारने के बाद श्वेता क्रिमिनल बनना चाहती है। उसने इसे ही अपना मकसद बना लिया है। चंदन ने बताया कि चुनाव हारने के बाद श्वेता ने उससे इस बात का जिक्र किया था। इसके लिए वह बार-बार हथियार दिलाने का प्रेशर भी बना रही थी। AK-47 और इंसास के साथ फोटो उसने कहां खिंचवाई और वह कब की है? इस बारे में मुझे भी नहीं पता है।

### AK-47 और इंसास लेकर फोटो



श्वेता की AK-47 और इंसास रायफल के साथ तीन फोटो वायरल हैं। इसमें वह निशाना साध रही हैं, जबकि एक फोटो में अपने हाथों में हथियार लेकर पोज दे रही हैं। इस बारे में पड़ताल की गई तो पता चला कि सारे फोटो एक सरकारी गेस्ट हाउस के हैं। पर फोटो कब की है? इस सवाल का जवाब अभी नहीं मिल सका है।

## नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में तीसरी बार सीबीआइ के समक्ष पेश नहीं हुए तेजस्वी




**पटना।** नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव मंगलवार को तीसरी बार सीबीआई की पूछताछ में शामिल नहीं हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चार मार्च और 11 मार्च को पेश नहीं होने पर यादव को मंगलवार को पूछताछ के लिए पेश होने का नोटिस दिया गया था। अधिकारियों ने कहा कि तेजस्वी मंगलवार को तीसरे नोटिस पर भी पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। सीबीआई ने हाल में तेजस्वी यादव के पिता और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी से क्रमशः दिल्ली और पटना में पूछताछ की थी।

# करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कालवी का निधन

एजेंसी

**जयपुर।** राजपूत नेता और करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कालवी का मंगलवार को यहां एक सरकारी अस्पताल में निधन हो गया। उनके पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि देर रात उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिसके कारण उनका निधन हो गया। कालवी पिछले कुछ दिनों से जयपुर के सवाई मान सिंह अस्पताल में भर्ती थे। सूत्रों ने कहा कि उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव नागौर जिले के कालवी गांव में मंगलवार को किया गया।

राजस्थान के राज्यपाल कल्याण सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां ने कालवी के निधन पर संवेदना व्यक्त की है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने एक बयान में श्री राजपूत करणी सेना के संस्थापक लोकेन्द्र सिंह कालवी के निधन पर शोक व्यक्त किया है।




उन्होंने कहा है कि कालवी का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने ट्वीट के जरिये कहा कि श्री राजपूत करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कालवी जी के परलोकगमन का समाचार अत्यंत दुखद है। वे अपनी समाजसेवा एवं सेवाभाव के कार्यों के लिए सदैव याद किए जाएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां ने ट्वीट में कहा कि श्री राजपूत करणी सेना के प्रेरक और समाज में अपने कार्यों से अलग मुकाम बनाने वाले लोकेंद्र सिंह कालवी जी का निधन अत्यंत दुखद है। ईश्वर से उनके मोक्ष की प्रार्थना करते हुए परिजन और उनके संगठन से जुड़े लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। उन्होंने अपनी शोक संवेदना में दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

**▶▶ राजस्थान के राज्यपाल कल्याण सिंह और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने जताया शोक**

पूर्व केंद्रीय मंत्री कल्याण सिंह कालवी के बेटे कालवी श्री राजपूत करणी सेना के संरक्षक थे। जिसने ऐतिहासिक तथ्यों के कथित विरूपण के लिए संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत के खिलाफ 2018 में विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। वह राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल खिलाड़ी भी रह चुके हैं।

## नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार व स्तंभकार वेदप्रताप वैदिक



**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ पत्रकार और अंतरराष्ट्रीय मामलों के जाने माने विशेषज्ञ वेदप्रताप वैदिक का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वह 78 साल के थे। बुधवार 15 मार्च सुबह 9 बजे से 1 बजे तक उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके निवास स्थान गुड़गांव में रखा जाएगा। अंतिम संस्कार लोधी शवदाह गृह, नई दिल्ली में बुधवार, शाम 4 बजे किया जाएगा। उनके निजी सहायक मोहन ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वैदिक सुबह गुड़गांव स्थित अपने घर में करीब साढ़े नौ बजे के आसपास शौचालय गए थे और वह वहीं बेहोश हो गए। शौचालय का दरवाजा तोड़ कर उन्हें बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व वैदिक पूरी तरह स्वस्थ थे और कल भी वह दिल्ली गए थे । डाक्टरों ने दिल का दौरा पड़ने को मृत्यु का संभावित कारण बताया है। मोहन ने बताया कि बुधवार 15 मार्च सुबह 9 बजे से 1 बजे तक उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके निवास स्थान गुड़गांव में रखा जाएगा। अंतिम संस्कार लोधी शवदाह गृह, नई दिल्ली में बुधवार, शाम 4 बजे किया जाएगा। उनके परिवार में एक पुत्र और एक पुत्री हैं। उनकी पत्नी का पहले ही निधन हो गया था। वैदिक प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) की हिंदी समाचार एजेंसी भाषा के लगभग दस वर्षों तक संस्थापक-संपादक रहे । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनके निधन पर शोक जताते हुए ट्वीट किया कि श्री वेदप्रताप वैदिक जी एक प्रखर पत्रकार एवं स्तंभकार थे जो अपनी लेखनी से समसामयिक विषयों पर अपनी बेबाक राय रखते थे। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विषयों पर भी उनकी गहरी पकड़ थी। उनके निधन से हिन्दी पत्रकारिता में एक रिक्तता आयी है। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएँ।ॐ शांति।

## स्पीड न्यूज

### सैफुद्दीन बने जामिया के कुलाधिपति

नयी दिल्ली। दाऊदी बोहरा मुस्लिम समुदाय के प्रमुख सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन को जामिया मिल्लिया इस्लामिया का नया कुलाधिपति चुना गया है। उनका पांच साल का कार्यकाल मंगलवार से प्रभावी होगा। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने नजमा हेपतुल्ला का स्थान लिया है, जिनका पांच साल का कार्यकाल पिछले साल पूरा हो गया था। सैफुद्दीन 2014 से दाऊदी बोहरा मुस्लिम समुदाय के प्रमुख हैं। इस समुदाय के सदस्यों की संख्या करीब 10 लाख है ।

### महिला पर पेशाब करने का आरोप में टीटी गिरफ्तार

**लखनऊ।** कोलकाता से अमृतसर जा रही अकाल तख्त एक्सप्रेस में बिहार के किऊल से सवार एक दंपत्ति ने एक व्यक्ति पर पेशाब करने का आरोप लगाया है । शिकायत के बाद उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया । उक्त व्यक्ति बिहार के बेगूसराय का रहने वाला है और सहारनपुर में रेलवे के टीटी के रूप में कार्यरत है, लेकिन वह इस ट्रेन में डयूटी पर तैनात नही था । उस पर आरोप है कि वह शराब के नशे में था ।

### असम : प्रश्नपत्र लीक मामले में 22 गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम में राज्य बोर्ड परीक्षा की 10वीं कक्षा का सामान्य विज्ञान का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में समूचे राज्य से शिक्षकों एवं छात्रों समेत 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सामान्य विज्ञान का प्रश्नपत्र लीक होने के कारण परीक्षा रद्द कर दी गई थी। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

### बिहार के हथियार तस्कर कोलकाता से गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस और बिहार सीआईडी की एक संयुक्त टीम ने शहर के बड़ा बाजार इलाके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। माना जा रहा है कि गिरफ्तार व्यक्ति बिहार में हथियार व मादक पदार्थ रैकेट का सरगना है। अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अहमद अली के रूप में हुई है। वह भारत के पूर्वी हिस्से में हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी में भी शामिल रहा है।

### कराची हमले के दो मुख्य साजिशकर्ता ढेर

**कराची।** कराची पुलिस कार्यालय में पिछले महीने हुए हमले में शामिल प्रतिबंधित पाकिस्तानी तालिबान संगठन से संबद्ध दो आतंकवादियों को पाकिस्तान के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के कर्मियों ने मुठभेड़ में मार गिराया। सीटीडी को रविवार रात टीटीपी के आतंकवादियों के कराची आने की सूचना मिली थी। दो मोटरसाइकिल पर आए चार आतंकवादियों को सोमवार सुबह सीटीडी के कर्मियों ने रोका। रुकने के बजाय उन्होंने गोलियां चला दीं जिससे वहां मुठभेड़ शुरू हो गई। दो आतंकवादी मुठभेड़ में मारे गए और दो अन्य ने आत्मसमर्पण कर दिया।

# अडाणी मामले में जेपीसी की मांग से नहीं हटेंगे पीछे : विपक्ष

### सरकार के आक्रामक तेवरों का उसी तरह से दिया जायेगा जवाब : खड़गे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद में लगातार दूसरे दिन सरकार-भाजपा के राहुल गांधी पर जारी हमले के बावजूद विपक्षी दलों ने अडाणी समूह से जुड़े विवाद की संयुक्त संसदीय समिति से जांच की मांग पर टस से मस नहीं होने के इरादे साफ कर दिए हैं।

विपक्षी दलों की अगुआई कर रही कांग्रेस ने दोनों सदनों में जारी सियासी संग्राम के लिए मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि विपक्ष को अडाणी पर जेपीसी जांच की मांग उठाने की अनुमति देने से लगातार किए जा रहे इन्कार की वजह से संसद का गतिरोध बना हुआ है। कांग्रेस के साथ विपक्षी खेमे में शामिल 16



दलों ने राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अगुवाई में मंगलवार को हुई बैठक में यह भी तय किया कि राहुल के बयान को लेकर भाजपा सरकार के हमलावर तेवरों के दबाव में आने की बजाय अडाणी मामले पर विपक्षी पार्टियों की रणनीति भी ज्यादा आक्रामक होगी। वहीं कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी पार्टी सांसदों के साथ इस मुद्दे पर बैठक की और सरकार की मजबूत घेरेबंदी से पीछे नहीं हटने की रणनीति पर मंत्रणा की।

संसद के दोनों सदनों में राहुल गांधी पर सरकार और भाजपा के हमलों के बीच विपक्षी पार्टियों ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट के अदाणी समूह से जुड़े विवादों को उठाने की कोशिश की। लेकिन सत्ता पक्ष के हंगामेदार तेवरों के आगे विपक्ष की नारेबाजी के स्वर धीमे नजर आए।

राहुल को लेकर सत्तापक्ष की सियासी रणनीति को पहले दिन से ही भांप रहे विपक्ष की कुछ पार्टियों ने सदन की बैठक से पहले इसीलिए संसद परिसर में अदाणी पर जेपीसी के गठन की मांग करते हुए हाथों में बैनर-पोस्टर के साथ विरोध प्रदर्शन किया। भारत राष्ट्र समिति के सांसदों के इस मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के सदस्य भी शामिल हुए।

राहुल गांधी ने तोड़ी चुप्पी : वहीं लंदन के बयान को लेकर संसद में सत्तापक्ष के निशाने पर आए राहुल गांधी ने घमासान के बीच टवीट के जरिए चुप्पी तोड़ते हुए एक बार फिर अदाणी समूह को लेकर सरकार पर हमला किया। राहुल ने कहा पीएम का विदेश जाना और वहां अदाणी को नए बिजनेस मिलना कोई संयोग नहीं है। मोडानी ने भारत की फॉरेन पालिसी को फॉरेन डील पालिसी बना दिया है।

## बुकर पुरस्कार की दौड़ में तमिल लेखक मुरुगन

**नयी दिल्ली।** तमिल लेखक पेरुमल मुरुगन को वर्ष 2023 के लिए अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। बुकर प्राइज फाउंडेशन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार के लिए नामांकित 13 उपन्यासों की लांग लिस्ट में मुरुगन की पुस्तक पायरी को शामिल किया गया है। अनिरुद्धन वासुदेवन ने 2016 में इसका तमिल से अंग्रेजी में अनुवाद किया था। यह उपन्यास एक अंतर-जातीय जोड़े की प्रेम कहानी के इर्द-गिर्द घूमता है। 56 वर्षीय मुरुगन पहले ऐसे तमिल लेखक हैं, जिन्हें इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। गौरतलब है कि पिछले साल हिंदी लेखिका गीतांजलि श्री के उपन्यास टूंब ऑफ सेंड (रेत समाधि) ने बुकर पुरस्कार जीता था। वह बुकर पुरस्कार जीतने वालीं पहली भारतीय लेखिका हैं। पुरस्कार जूरी ने मुरुगन को शानदार रचनाकार विशेष रूप से, जातिगत घृणा और हिंसा की गहरी जड़ों को दर्शाने वाला करार दिया है। मुरुगन ने कहा कि अभी कुछ मिनट पहले किसी ने मुझे यह खबर दी। मैं बहुत खुश हूं और यह मेरे लेखन के लिए बहुत बड़ी स्वीकृति है पायरी झूठी शान के लिए हत्या से संबंधित है। झूठी शान के लिए हत्या हमारे देश में एक बहुत बड़ी समस्या है। मुझे उम्मीद है कि इस उपन्यास के बाद और अधिक लोग इस मुद्दे के बारे में जान पाएंगे।

# एसबीआइ ने फिर महंगा किया लोन

**नयी दिल्ली ।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई ने एक बार फिर लोन महंगा कर दिया है। बैंक ने अपने बेस रेट और बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग रेट में बढ़ोतरी कर दी है। बढ़ी हुई दरें कल यानी 15 मार्च से लागू होंगी। बैंक तिमाही आधार पर अपने बेस रेट और बीपीएलआर में बदलाव करता है। बैंक की वेबसाइट के मुताबिक बीपीएलआर और बेस रेट दोनों में 0.70 फीसदी यानी 70 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी की गई है। 15 मार्च से बैंक का बीपीएलआर 14.15 फीसदी से बढ़कर 14.85 फीसदी हो जाएगा। इसी तरह बेस रेट भी 9.40 फीसदी से बढ़कर 10.10% पहुंच गया है। बेस रेट और बीपीएलआर में बढ़ोतरी का सीधा असर ग्राहकों की जेब पर पड़ेगा। इससे कर्ज महंगा हो जाएगा। यानी उनके लोन

**बेस रेट और बीपीएलआर में की वृद्धि, दरें आज से लागू होंगी**

की किस्त बढ़ जाएगी। बेस रेट और बीपीएलआर बैंक के पुराने बेंचमार्क हैं जिनके आधार पर बैंक लोगों को लोन देता है। नए लोन एक्सटर्नल बेंचमार्क बेस्ड लैंडिंग रेट या रेपो रेट लिंक्ड रेट के आधार पर दिए जाते हैं। बेस रेट और बीपीएलआर में बढ़ोतरी से उन लोगों की किस्त बढ़ जाएगी, जिनका लोन इन बेंचमार्क से जुड़ा है। बीपीएलआर को फंड्स की औसत लागत के आधार पर कैलकुलेट किया जाता था। इसमें पारदर्शिता की कमी थी। यही वजह है कि आरबीआई साल 2010 में बेस रेट लाया था। बेस रेट वह न्यूनतम ब्याज दर होती है जिस पर बैंक लोन दे सकते हैं। इससे नीचे के रेट पर लोन नहीं दिया जा सकता है।

## पहले सेमीकंडक्टर संयंत्र की घोषणा कुछ सप्ताह में होगी: वैष्णव

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि पहले सेमीकंडक्टर संयंत्र की घोषणा कुछ सप्ताह में हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि विनिर्माण परिवेश को बढ़ाने के लिए समर्थ नीतियों और सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता के दम पर देश अगले तीन-चार साल में एक जीवंत चिप उद्योग के लिए तैयार है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने उद्योग मंडल सीआईआई के पार्टनर समित 2023 में एक सत्र के दौरान कहा कि आज भारत में उपयोग होने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल फोन यहीं बनते हैं। यह 10 साल पहले की स्थिति के विपरीत है जब 99 प्रतिशत फोन आयात होते थे। उन्होंने कहा कि और अब परिवेश भारत के पक्ष में हो रहा है। मोबाइल फोन विनिर्माण के क्षेत्र में भारत दूसरे स्थान पर है जबकि निर्यात करने के मामले में तीसरे स्थान पर है।

# पहले से ही हिंदू राष्ट्र है भारत : होसबाले

**समालखा (हरियाणा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबाले ने मंगलवार को कहा कि भारत पहले से ही एक हिंदू राष्ट्र है, जो एक सांस्कृतिक अवधारणा है और इसे संविधान द्वारा स्थापित करने की आवश्यकता नहीं है।होसबाले ने कहा कि राष्ट्र और राज्य दो अलग-अलग चीजें हैं। जहां राष्ट्र एक सांस्कृतिक अवधारणा है, वहीं राज्य वह है, जिसे संविधान द्वारा स्थापित किया गया है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में इस मुद्दे पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हिंदू राष्ट्र के बारे में, हम पिछले 100 वर्षों से कह रहे हैं कि यह एक सांस्कृतिक अवधारणा है, सैद्धांतिक नहीं। उन्होंने कहा कि राज्य और राष्ट्र दो अलग चीजें हैं। राज्य वह है, जिसे संविधान द्वारा स्थापित किया गया है। यह राज्य की शक्ति है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र एक सांस्कृतिक अवधारणा है। भारत पहले से ही एक हिंदू राष्ट्र है। इसे हिंदू राष्ट्र बनाने की जरूरत नहीं है।

**अलग-अलग जेंडर के बीच ही हो सकती है : आरएसएस**



भारत में समलैंगिक विवाह पर जारी विवाद के बीच आरएसएस ने कहा है कि शादी दो अलग-अलग जेंडर के लोगों के बीच ही हो सकती है। हिंदू दर्शन में विवाह संस्कार हैं। होसबोले ने कहा कि संघ समलैंगिक विवाह पर केंद्र सरकार के नजरिए से सहमत है लेकिन शादी दो अलग-अलग जेंडर के लोगों के बीच ही हो सकती है। हिंदू दर्शन में विवाह संस्कार हैं। उन्होंने कहा इसको कॉन्ट्रैक्ट नहीं कर सकते।

## वाणिज्य की खबरें

### बाजार में चौथे दिन भी गिरावट जारी, सेंसेक्स 340 अंक लुढ़का

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला मंगलवार को लगातार चौथे दिन भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स करीब 340 अंक टूटकर 58,000 के नीचे बंद हुआ। अमेरिका में दो बैंकों के विफल होने के बाद वाहन, आईटी और वित्तीय शेयरों में गिरावट देखने को मिली। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 337.66 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ पांच महीने के निचले स्तर 57,900.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, ऊंचे में 58,490.98 और नीचे में 57,721.16 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 111 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ पांच महीने के निचले स्तर 17,043.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा को सर्वाधिक करीब तीन प्रतिशत का नुकसान हुआ। इसके अलावा टीसीएस, बजाज फाइनेंस, विप्रो, कोटक बैंक, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक और टाटा मोटर्स भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

### बिजली क्षेत्र की कोयला मांग को पूरा करने को तैयार कोल इंडिया

**नयी दिल्ली।** गर्मी जल्दी आने और औद्योगिक क्षेत्र में बिजली की मांग में उछाल के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने मंगलवार को कहा कि वह बिजली क्षेत्र की कोयला मांग को पूरा करने के लिए तैयार है। कोयला उत्पादक कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में ऊर्जा क्षेत्र को 15.6 करोड़ टन कोयला आपूर्ति करने की उम्मीद जताई है। यह 2023-24 में क्षेत्र के लिए संशोधित वार्षिक आपूर्ति लक्ष्य 61 करोड़ टन का 25.6 प्रतिशत होगा। कोल इंडिया ने कहा कि कोयले की मांग बढ़ने के बीच कंपनी को अगले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 15.6 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की उम्मीद है। घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत का योगदान देने वाली वाली सीआईएल बिजली उत्पादन संयंत्रों में कोयले की प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। कोल इंडिया के पक्ष में एक बात यह भी है कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक कोयला खदानों के मुहाने पर भंडार 6.8 करोड़ टन होने की उम्मीद है, जो सोमवार तक 5.73 करोड़ टन था। इसके साथ ही, महारत्न कंपनी उत्पादन की गति को बनाए रखते हुए वित्त वर्ष 2022-23 के अंत तक अपने उत्पादन को 70 करोड़ टन पर ले जाने के रास्ते पर है।

### जगुआर लैंड रोवर, टाटा टेक्नोलॉजीज में डिजिटल परिवर्तन के लिए करार

नयी दिल्ली। टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) ने अपने डिजिटल बदलाव में तेजी लाने के लिए टाटा टेक्नोलॉजीज के साथ करार करने की मंगलवार को घोषणा की। जेएलआर में औद्योगिक परिचालन की कार्यकारी निदेशक बारबरा बर्गमीयर ने एक बयान में कहा, ह्यसमझौते के तहत, टाटा टेक्नोलॉजीज कई विभागों से डेटा और जानकारी को एक ही स्रोत में लाकर जेएलआर के विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति श्रृंखला, वित्त और खरीद कार्यक्रम को बदलने के लिए एकीकृत उद्यम संसाधन योजना (ईआरपी) मुहैया कराएगी। पहले चरण में जेएलआर ब्रिटेन की बुनियादी उत्पादन सुविधाएं शामिल होंगी। बाद में अन्य वैश्विक स्थानों के लिए समाधान मुहैया करवाए जाएंगे।

### सोना 480 रुपये चढ़ा, चांदी चमकी

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 480 रुपये की तेजी के साथ 57,380 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

पिछले कारोबारी सत्र में सोना 56,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 2,150 रुपये के उछाल के साथ 66,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि दिल्ली के बाजार में सोने का हाजिर भाव 480 रुपये की तेजी के साथ 57,380 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना तेजी के साथ 1,909 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी का भाव मजबूती के साथ 20.80 डॉलर प्रति औंस रहा।

### तबलेश पांडेय बने एलआइसी के एमडी

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने तबलेश पांडेय को अपना प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। वर्तमान में तबलेश कंपनी में कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। एलआईसी ने मंगलवार को शेयर बाजारों को भेजी एक सूचना में बताया कि उनकी नियुक्ति एक अप्रैल, 2023 से प्रभावी होगी। पांडेय, वर्तमान प्रबंध निदेशक बी सी पटनायक की जगह लेंगे। एलआईसी में मौजूदा समय में कुल चार प्रबंध निदेशक हैं। एक सरकारी अधिसूचना के अनुसार, ह्यएलआईसी के कार्यकारी निदेशक तबलेश पांडे को एक अप्रैल, 2023 को या उसके बाद से पटनायक के स्थान पर प्रबंध निदेशक पद पर नियुक्त किया गया है।

# सारा अली खान की गैसलाइट का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** एक बार फिर से सारा अली खान सिनेमाघरों के स्थान पर अपनी फिल्म को सीधे ओटीटी प्लेटफार्म पर प्रदर्शित करने जा रही हैं। गत वर्ष दर्शकों के सामने अतरंगी रे को लेकर वे आईं थीं और इस बार वे गैस लाइट को लेकर आ रही हैं। गैस लाइट एक मर्डर मिस्ट्री है, जिसमें सारा अपने पिता के खूनी की तलाश कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन पवन कृपलानी ने किया है, जो इससे पहले दर्शकों को रागिनी एमएमएस दे चुके हैं। फिल्म में सारा अली खान के साथ अक्षय ओबरॉय, विक्रांत मैसी, चित्रांगदा सिंह भी हैं। फिल्म 31 मार्च को हॉटस्टार पर रिलीज होगी। आज इसका ट्रेलर जारी किया गया है। अक्षय ने सोशल मीडिया पर फिल्म का ट्रेलर पोस्ट कर लिखा- ये एक मिस्टीरियस फिल्म है। इस फिल्म में मेरा करैक्टर भी काफी मिस्टीरियस है। गैसलाइट फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एक ऐसी फिल्म जहां काम करना मजेदार रहा। फिल्म का निर्देशन पवन कृपलानी ने किया है। यह एक मर्डर मिस्ट्री है। सारा अपने पिता की मौत का कारण तलाश रही है। सारा को अपने सबसे करीबी लोगों पर ही शक है। ये सस्पेंस थ्रिलर की कैटेगरी में सारा अली खान की पहली फिल्म है।



## रणवीर-आलिया की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की शूटिंग पूरी

मुंबई। बालीवुड अभिनेता रणवीर सिंह और अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की शूटिंग पूरी हो गयी है। फिल्मकार करण जौहर ने फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के सेट से कुछ बीटीएस फोटो शेयर की है। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि रणवीर और आलिया ने रॉकी और रानी की प्रेम कहानी शूटिंग खत्म होने के बाद हवन किया। इस दौरान करण जौहर भी उनके साथ दिखे।अन्य तस्वीरों में करण जौहर बाकी कास्ट के साथ सेट पर काम करते हुए नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों के बीच उनके साथ धर्मेंद भी दिखाई दिए। सेट की तस्वीरें को शेयर करते हुए करण जौहर ने कैप्शन में लिखा, साल हो गए है, जब मैंने एक फिल्म का निर्देशन किया था। मैंने एक फिल्म की यात्रा शुरू की थी, जिसे मुझे कई कारणों से बीच में ही रोकनी पड़ी और फिर मुझे सबसे अच्छी टीम का आशीर्वाद मिला। इतने शानदार कलाकारों के साथ काम करके मैं धन्य हूं। इस टीम ने मुझे हर वक्त सपोर्ट किया है। हम 28 जुलाई को आप सभी के साथ प्यार, परिवार, मौज-मस्ती और आनंद को साझा करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते हैं। आपसे फिल्म में मिलते हैं।

## डीआरडीओ की प्रौद्योगिकी के जरिये विकसित दवा को डीसीजीआई ने दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रौद्योगिकी के जरिये रेडियोलॉजी और नाभिकीय आपात स्थितियों के लिए विकसित एक महत्वपूर्ण दवा को डीसीजीआई से मंजूरी मिल गई है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दवा प्रूसियान ब्लू को प्रौद्योगिकी विकास कोष (टीडीएफ) के तहत विकसित किया गया है। टीडीएफ की शुरूआत मुख्य रूप से रक्षा अनुप्रयोग के लिए स्वदेशी अत्याधुनिक प्रणालियों का निर्माण करके आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के मद्देनजर की गई थी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस दवा को फार्मा उद्योग द्वारा विकसित किया गया है, जो दिल्ली के नाभिकीय औषधि तथा संबद्ध विज्ञान संस्थान की तकनीक पर आधारित है।



## स्पीड न्यूज

### पंडित हाता में पुआल के भंडार में लगी आग, लाखों का नुकसान

**चक्रधरपु।** शहर के वार्ड संख्या 8 पंडित हाता में पुआल कटाई मशीन के पास पुआल के भंडारण में आग लग गई। इस आगजनी की घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। घटना मंगलवार दिन के लगभग साढ़े बारह बजे की है। बताया जाता है कि संतोषी मंदिर के समीप पंडित हाता जाने वाले रास्ते में विनोद अवस्थी के पुआल कटाई मशीन के बगल में भारी मात्रा में पुआल का भंडारण कर रखा गया था। ऊपर से गुजरे बिजली तार में हुए शार्ट सर्किट के कारण पुआल के भंडारण में आग लग गई। इसके बाद स्थानीय लोगों की नजर पुआल से उठते धुएं पर पड़ी तो लोग आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना चक्रधरपुर थाना को दी गई। इसके बाद मौके पर दमकल पहुंची और आग बुझाने के प्रयास में जुट गई। जिस जगह पर आग लगी उसके बगल में मवेशी खटाल व बड़ी संख्या में लोगों के घर है। लोगों ने काफी मशक्कत से आग बुझाने का प्रयास किया।

### मोबाईल छीन कर भाग रहे युवक को पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ा, गया जेल

**हंसडीहा।** पैसेंजर ट्रेन में बैठकर गंगा स्नान करने जा रही युवति का मोबाईल छीन कर भाग रहे युवक को पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया जिसे मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक हंसडीहा निवासी विशाल कुमार है। जानकारी के अनुसार रिया कुमारी नामक युवति सोमवार रात 10:45 बजे अपने परिजनों के साथ गंगा स्नान करने भागलपुर जाने के लिए हंसडीहा रेलवे स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन में बैठी थी। इसी बीच एक युवक आया और झपट्टा मारकर मोबाईल छीनकर भागने लगा। युवति द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोग स्टेशन पर पहुँचे और हंसडीहा पुलिस को मामले की जानकारी दी सूचना मिलने के बाद पुलिस स्टेशन पहुंच युवक की तलाश शुरू कर दी पुलिस को देख युवक एक गड्ढे में छुप गया इसी बीच लाइट चली गई। लाइट जाने के बाद अंधेरे का फायदा उठा कर युवक भागने लगा इतने में लाइट आ गई और पुलिस की नजर भागते युवक पर पड़ी जिसके बाद पुलिस ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। उक्त मामलें में वादी रिया कुमारी के आवेदन पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया।

### क्रिकेट टूनार्मेंट के समापन में विधायक ने किया पुरस्कार वितरण

**हंसडीहा।** सरैयाहाट प्रखंड के धावाटांड क्रिकेट मैदान में मंगलवार को क्रिकेट टूनार्मेंट समापन के दौरान स्थानीय विधायक प्रदीप यादव द्वारा विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया गया।इससे पूर्व धावाटांड और तुरूपडीहा के फाइनल मुकाबले में धावाटांड ने टॉस जीतकर कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।जहां धावाटांड टीम ने कुल 93 रन बनाये। जिसमें नयन 24 रन तथा आशीष ने 19 रन बनाया। वहीं धावाटांड की ओर से पंकज ने तीन विकेट लिये।वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी तुरूपडीहा की टीम ने तीन विकेट से मैच को जीत लिया।तुरूपडीहा टीम की और से सुमन ने 23 एवं सुभाष ने 32 रन बनाया।

# अवैध लॉटरी टिकट के कारोबार का खुलासा 9 कार्टून लॉटरी टिकट समेत 6 गिरफ्तार

## छापेमारी कर रसिकपुर से पुलिस लाखों की नागालैंड स्टेट लॉटरी की बरामद


**खबर मन्त्र संवाददाता**


**दुमका।** अवैध रूप से चल रहे लॉटरी कारोबार का खुलासा करते हुए नगर थाना लाखों की अवैध लॉटरी जप्त करते हुए 6 कारोबारी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दी है। गिरफ्तार आरोपियों में नगर थाना क्षेत्र के रसिकपुर निवासी सरगना नागेंद्र कुमार गुप्ता उर्फ मुन्ना, रसिकपुर दासपाड़ा निवासी रामू कुमार दास, नयन कुमार दास एवं शिव कुमार दास उर्फ संजीत दास है। वहीं मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लखीकुंडी निवासी मो हैदर एवं मसलिया थाना क्षेत्र के होरोडीह गांव निवासी नितीश कुमार साह उर्फ आर्यन गुप्ता है।

मामले में थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नवल किशोर सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि नगर थाना क्षेत्र के रसिकपुर दासपाड़ा में एक घर में अवैध रूप से लॉटरी के टिकट का भारी पैमाने पर खरीद-बिक्री का कारोबार किया जा रहा है। सूचना के आधार पर एसडीपीओ,सदर मो नूर मुस्तफा के नेतृत्व में टीम गठित कर रसिकपुर दासपाड़ा के खपरैल मकान में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस एक कमरे में लॉटरी का टिकट का बंडल बना कार्टून में रखते और कम्प्यूटर पर काम करते 6 युवकों को दबोचने में कामयाब रही। पुलिस मौके से भारी मात्रा में लॉटरी टिकट का बंडल से भरा 9 कार्टून नागालैंड स्टेट लॉटरी टिकट, एक लैपटॉप, प्रिंटर मशीन, 10 मोबाईल, एक स्कूटी, एक ग्लैमर बाईक एवं लॉटरी संबंधित कारोबार का हिसाब-किताब अंकित कॉपी बरामद की है। पुलिस सभी गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ थाना कांड संख्या 78/23 में भादवी की धारा 420, 34 एवं लॉटरी विनिमय अधिनियम 1998 के धारा 6 के तहत मामला दर्ज करते हुए न्यायालय में बयान दर्ज करा सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



गिरफ्तार आरोपी व जप्त लॉटरी टिकट





### अवैध लॉटरी के कारोबार में बच निकलते है बड़े माफिया, फंस जाते है बेरोजगार

अवैध लॉटरी का कारोबार पुलिस मुख्यालय उपराजधानी दुमका के नाक के नीचे नगर थाना क्षेत्र समेत जिले के विभिन्न थाने में कुकुरमुत्ते के जाल की तरफ फैला है। अवैध लॉटरी और जाली लॉटरी के कारोबार से जहां दैनिक मजदूरी करने वाले गरीब-गुरूबा अचानक मालामाल होने के कारण भाग्य अजमाने के लिए प्रतिदिन देहाड़ी मजदूरी के पैसे सुबह-शाम लगा कंगाल हो रहे है, तो दूसरी ओर अवैध कारोबार में संलिप्त माफिया तबके के लोग दिन-दुगुना और रात चौगुना मालामाल हो रहे है। पुलिसिया कार्रवाई से लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग दबे जुबान पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल खड़े कर रहे है। लोगों की माने तो खुलेआम हो रहे अवैध लॉटरी के कारोबार में पुलिस प्रशासन की ऐसी कार्रवाई केवल आईवाश है। स्थानीय प्रशासन द्वारा ऐसी कार्रवाई मासिक कमीशन के पैसे में बढ़ोतरी को लेकर बताया जा रहा है। जिसका खामियाजा छोटे-मोटे बेरोजगार युवक और लाचार व्यक्ति को भुगतना पड़ता है। पुलिसिया कार्रवाई में जहां बड़ी मछली आसानी से बच निकलते है। वहीं छोटे-मोटे कमीशन के लालच में भोले-भाले गरीब फंस जाते है। गिरफ्तार आरोपियों की माने तो सब मैनेज की बात कह बड़े-बड़े माफिया युवकों से काम लेते है और पुलिस की कार्रवाई पर बेरोजगार युवक फंसते है। पुलिसिया फाईल में फुदन सेठ, पादु सेठ नामक कई बड़े कारोबारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करती है। मामला दर्ज भी होती है, लेकिन पैसे के बल पर गिरफ्तारी से पूर्व न्यायालय से जमानत ले लेते है और थोड़े बहुत पैसे की लालच में नवयुवक और लाचार बुजुर्ग कानूनी पचड़े में फंस जिंदगी बर्बाद कर लेते है। पुलिसिया कार्रवाई से कुछ दिनों तक यह अवैध कारोबार बंद रहता है। उसके बाद पुनः फलने-फुलने लगता है। कमोबेश यह स्थिति दुमका समेत पूरे संथाल परगना प्रमंडल की है। जहां प्रतिदिन करोड़ों की अवैध लॉटरी का कारोबार होता है। गरीब और मजदूर तबके के लोग गरीब होते जाते है और अमीर माफिया अमीर होते जाते है।

## एएन कॉलेज में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** एएन कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय बहुविषयक अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार मंगलवार को सम्पन्न हुआ। सेमिनार में 36 शोध पत्र आनलाईन प्रस्तुत किए गए। चार सत्रों में 80 से अधिक शोध पत्र भौतिक रुप में प्रस्तुत किए गए। स्मारिका के अलावा फुल आर्टिकल का कवर पेज एवं बुकलेट का आवरण पृष्ठ डॉ अमरनाथ सिंह के द्वारा रिलीज किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कासिम विश्वविधालय किंग्डम ऑफ साउदी अरबिया के डा ओसामा रावाशदेह का ऑनलाईन संबोधन हुआ। रिसोर्स पर्सन मुरारका कॉलेज सुल्तानगंज के प्राचार्य डॉ अमरकांत सिंह, एसकेएमयू के मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा, साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज के मैथिली शिक्षक डा ध्रुव ज्योति कुमार सिंह उपस्थित हुए। मंच पर प्राध्यापक डा बनानी सिन्हा, डा अनिल कुमार सिंह, डा उमाकांत सिंह मौजूद थे। बेस्ट प्रेजेंटेशन विश्व शांति निकेतन के डा नंदलाल मंडल ने दिया। सेकेंड प्रजेंटेशन रांची विश्वविद्यालय रांची के वनस्पति विभाग शिक्षक डॉ छाया ठाकुर ने दिया। सराहनीय प्रस्तुति में प्रो अनहद लाल ने प्रसांगिक विषय ह्लसमरस समाज के निर्माण में तुलसीकृत रचनाओं की प्रसंगिकताह्न विषय पर रखा। सेमिनार में डॉ संजय कुमार पाठक, डॉ सुमन कुमार, डॉ उमा भारती, डा सुचित्रा हेंब्रम, बिंदु मुर्मू, शालिनी, जाना मुंडा ने अपना अपना विषय प्रस्तुत किया। जिससे सेमिनार से ग्लोबल रिसर्च की एक नई कडी को आयाम दिया जा सकेगा। कार्यक्रम का संचालन डा अमरनाथ सिंह एवं डॉ प्रदीप गोराई ने किया। प्राचार्य डॉ संजय सिंह ने बाहर से आए प्रतिनिधियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किये।

## सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में प्रदीप यादव साक्ष्य के अभाव में हुए बरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** साक्ष्य के अभाव में कांग्रेस के पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव को एमपी-एमएलए विशेष अदालत ने बरी करने का फैसला सुनाया। न्यायालय ने अडानी पावर प्लांट के खिलाफ भूख हड़ताल कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने से संबंधित मामले में गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट के कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव को साक्ष्य के अभाव में बरी करने का फैसला सुनाया है। एसडीजेएम सह एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश जितेंद्र राम की अदालत ने मंगलवार को सजा के बिंदु पर दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद विधायक प्रदीप यादव को साक्ष्य के अभाव में बरी किया। मामले में एक गवाह की गवाही गुजरी। इस मामले में विधायक की ओर से अधिवक्ता पारस कुमार सिन्हा, विजय मरांडी, राजकुमार गुप्ता एवं शिव सेन मरांडी पैरवी और बहस में हिस्सा लिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता से मिली जानकारी के मुताबिक गोड्डा के तत्कालीन डीडीसी मुकुंद दास के लिखित शिकायत पर 18 अप्रैल 2017 को भादवि की धारा 147, 148,149, 353 और 120(बी) के तहत 54/2017 दर्ज किया गया था। दर्ज प्राथमिकी में अडानी पावर प्लांट के विस्थापितों की समस्यायों को लेकर पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव 17 अप्रैल 2017 को गायघाट मौजा में भूख हड़ताल और अनशन पर बैठ गये थे। उसी दिन शाम को करीब 4 बजे सूचक डीडीसी अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जांच की। प्रेसर अधिक होने की वजह से बेहतर इलाज के लिए उनसे अस्पताल चलने का आग्रह किया गया।

लेकिन वे जाने को तैयार नहीं हुए। इस दौरान उन्हें चिकित्सक की सलाह पर दवा दी गयी। सूचक एवं अन्य अधिकारियों के मौके पर पहुंचने के बाद वहां महिला और बच्चों की भीड़ बढ़ गयी। भीड़ में उपस्थित लोग लाठी एवं परम्परागत हथियार से लैस थे। जो अडानी पावर प्लांट के खिलाफ एवं विधायक प्रदीप यादव के समर्थन में नारे लगा रहे थे।



## एक नजर में

### छात्रा के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय के स्नातक समसत्र एक उर्दू विभाग की छात्रा यास्मीन आरा के आकस्मिक निधन हो जाने पर महाविद्यालय परिवार ने शोक व्यक्त किया है। महाविद्यालय में प्राचार्य, प्राध्यापकों तथा छात्र-छात्राओं ने 2 मिनट का मौन धारण कर इस दिवंगत आत्मा की शाँति तथा परिवारजनों को इस वज्राघात को सहन करने की शक्ति के लिए ईश?वर से प्रार्थना की गई। मौके पर प्राचार्य डॉ दुलार हजाम, प्रो ललित मोहन चौधरी, प्रोफेसर जानकी प्रसाद, प्रो श्याम सुंदर प्रसाद, प्रो महोम्मद मंसुर आलम, महेंद्र ठाकुर, महोम्मद असलम, सहित छात्र- छात्राएं मौजूद थे।

### मैट्रिक इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण शुरू

**कोडरमा।** जिले में मंगलवार से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शुरू हो गयी है, कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा को सम्पन्न करवाने को लेकर डीसी के निर्देश पर सभी केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किया गया है। परीक्षा के पहले दिन वोकेशनल विषय की परीक्षा ली गयी, जिसमे मैट्रिक के 1168 परीक्षार्थियों में से 1146 उपस्थित हुए जबकि 22 अनुपस्थित रहे। वहीं इंटर की परीक्षा में 946 में से 930 उपस्थित और 16 अनुपस्थित रहे।

### मदनगुंडी मौजा में राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण में अधिगृहित भूमि पर स्थित संरचना को हटाया गया

**कोडरमा।** चंदवारा प्रखंड के मदनगुंडी मौजा में वैसी संरचना जो राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के चौड़ीकरण में अधिगृहित कर ली गई है, लेकिन विवादित मामला होने के कारण मामले को सिविल कोर्ट कोडरमा में सुनवाई हेतु हस्तांतरित कर दिया गया है। वैसे सभी संरचनाओं को उपायुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को चंदवारा सीओ राम रतन कुमार वर्णवाल एवं चंदवारा थाना पुलिस बल के सहयोग से हटा दिया गया। विदित हो कि चंदवारा अंचल अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 31 चौड़ीकरण का कार्य मदनगुंडी मौजा को छोड़कर लगभग पूर्ण कर लिया गया है। मदनगुंडी में रैयतों का मुआवजा को लेकर मामला सिविल कोर्ट में लंबित होने के कारण रैयतों द्वारा आपत्ति की जा रही थी, लेकिन चौड़ीकरण कार्य की आवश्यकता को देखते हुए ससमय निर्माण कार्य कराये जाने के विभागीय निर्देश के आलोक में संबंधित रैयतों के सहयोग से अधिगृहित जमीन पर स्थित संरचना को हटा दिया गया। इस दौरान थाना प्रभारी नीतीश कुमार, दिनेश राम, रामदेव यादव सहित पुलिस बल तैनात रहे।

### तीन दिवसीय मां मथुरासिनी महोत्सव शुभारंभ

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** माहुरी वैश्य मंडल के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय मां मथुरासिनी महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को ध्वजारोहण व भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। गौरी शंकर मोहल्ला स्थित श्री माहुरी भवन में सर्वप्रथम समाज कि व्योवृद्ध महिला मनोरमा देवी ने ध्वजारोहण किया. इसके उपरांत भवन परिसर से आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की शुरूआत बतौर मुख्य अथिति गया से आए बिहार चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष प्रमोद भदानी व समाज के वरिष्ट सदस्य यदुनंदन लोहानी ने संयुक्त रूप से पंच सेवक को ध्वज प्रदान कर व हरी झंडी दिखा कर किया। शोभायात्रा डॉक्टर गली, स्टेशन रोड, काली मंदिर, भदानी रोड, झंडा चौक, रांची पटना रोड होते हुए सामंतो काली मंदिर पहुंची यहां पूजा अर्चना के उपरांत पुनः रांची पटना रोड होते हुए श्री माहुरी भवन पहुंच कर संपण हुआ। इसके पूर्व शोभायात्रा में शामिल समाज के सैकड़ों सदस्य अपने अपने हाथों में कुलदेवी मां का ध्वज लेकर चल रहे थे। शोभायात्रा में पंच सेवक के रूप में नवयुवक समिति के अध्यक्ष आदि लोग शामिल थे।

कुलदेवी मां की आराधना आज, संगीतमय भजनों का होगा आयोजन

मां मथुरासिनी महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को सुबह 8 बजे से पुजा अर्चना के साथ सवा 13 घंटे का अखण्ड ज्योत के साथ संगीतमय भजनों का कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें डांडिया, महाआरती का आयोजन महिलाओं के द्वारा किया जायेगा। इसी दिन नृत्य नाटिका का भी मंचन आकर्षण का केंद्र होगा। वहीं महोत्सव के अंतिम दिन गुरुवार को समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान व विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरूस्कार दिया जायेगा। इसके अलावा समाज के गोष्टी में सामाज की गतिविधियों की रिपोर्ट समाज के पदाधिकारीगण करेगें। इसी दिन संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा।

### दो अलग-अलग मामलों में नींद की गोली व जहर खाने से दो लोगों की मौत

**कोडरमा।** जिले में दो अलग-अलग मामलों में नींद की गोली खाने और जहर खा लेने से दो लोगों की मौत हो गई। पहला मामला डोमचांच थाना अंतर्गत डोमचांच बाजार का है। बीती रात एक व्यक्ति ने नींद की गोली ज्यादा खाने से सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान 36 वर्षीय सुशील कुमार केडिया पिता स्व. अशोक केडिया, डोमचांच निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सुशील केडिया मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं थे और नींद का गोली खा रहे थे। रात में ज्यादा गोली खा लेने से तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में केला टोल में एक व्यक्ति ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार 50 वर्षीय बोधी तुरी पिता स्व. भोला तुरी ग्राम केलाटोल निवासी ने घरेलू विवाद को लेकर बीती रात जहर खा लिया। उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना पुलिस को देने के बाद कोडरमा पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### डा. कुलदेव दरभंगा में सम्मानित

**गढ़वा।** मिथिला के पावन भूमि दरभंगा में निषाद परिवार सर्विसमैन, बिहार की ओर से आयोजित अमर शहीद जुब्बा सहनी शहादत दिवस सह चतुर्थ वार्षिक मिलन समारोह के अवसर पर महर्षि वेद व्यास परिषद विद्वत प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह चिकित्सा पदाधिकारी डा. कुलदेव चौधरी को अंगवस्त्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। डा. चौधरी लगातार सामाजिक कार्यों में रुचि लेते रहे हैं और इनके सामाजिक गतिविधि से समाज को एक गति मिली है और निरंतर सामाजिक परिवर्तन दिख रहा है। यही कारण है कि विशिष्ट समाज सेवा के लिए मुंबई में सम्मानित किया गया था और इसी कड़ी में सरकारी सेवाकर्मियों के कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित कर दरभंगा में सम्मानित किया गया। मौके पर डा. चौधरी ने कहा कि अलग-अलग पेशे से जुड़े लोग अपना कार्य करते रहें, लेकिन उसी में थोड़ा समय निकालकर सामाजिक उत्थान के लिए चिंतन करना चाहिए।

## मागे पर्व पर पूर्व सीएम मधु कोड़ा, सांसद गीता कोड़ा के साथ थिरके विजय गागराई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** सिंहभूम आदिवासी समाज रांची के सौजन्य से मागे पर्व पर रांची के धुर्वा स्थित सरना स्थल में मागे मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, सांसद गीता कोड़ा, खरसावां विधायक दशरथ गागराई, पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई, पूर्व विधायक देवेंद्र नाथ चंपिया, लोकायुक्त सचिव सचिन्द्र बिरुवा, सेल्स टैक्स कमिश्नर मोहन सिंह दोराईबुरु, एडीएम चिंटू दोराईबुरु मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मागे मिलन के पूर्व पूजारी गुरुचरण पुरती ने आदिवासी रीति रिवाज से पूजा अर्चना किया। जिसके बाद मागे पर्व के मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, सांसद गीता कोड़ा, विधायक दशरथ गागराई एवं डा. विजय सिंह गागराई ने मागे के गीत पर मांदर एवं नगाडा के धून पर हर्षोल्लास के साथ मागे पर्व मनाया। इस मौके पर सभी अतिथियों को स्वादिष्ट व्यंजन परोसा गया एवं सम्मानित कार्यक्रम भी आयोजित की गई। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने कहा कि मागे पर्व प्रत्येक आदिवासी बहुल गांव में धूमधाम से मनाने की जरूरत है। विधायक दशरथ गागराई ने लोगों को मागे पर्व की शुभकामनाएं और बधाई देते हुए अपने संबोधन में लोगों से खुशी पूर्वक पर्व मनाने की अपील किए एवं कहा कि आदिवासी समाज के संस्कृति को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा सभी लोग मागे पर्व खुशी के साथ मनाएं.उन्हें हर तरह की मदद की जाएगी। यह कार्यक्रम देर रात तक चला। जिसमें मुख्य रूप से दामोदर सिंकू, चंदन होनहागा,गुरु चरण सिंकू समेत काफी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे।



### जहां सम्मान न मिले वहां कदापि नही जाना चाहिए: राजहंस जी

**हंसडीहा।** सरैयाहाट प्रखंड क्षेत्र के पोखरिया गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में मंगलवार को तीसरे दिन सती प्रसंग और ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनाया गया।जिसे सुनने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम पंडाल में उमड़ पड़ा। श्रीमद् भागवत कथा में मन्द्राचल से पहुंचे व्यास पंडित बाबा राजहंस जी महाराज ने सती प्रसंग, ध्रुव चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ध्रुव जी ने 6 महीने ही भगवान को प्राप्त किया था। धर्म को सुरक्षित तब रखा जा सकता है। जब हमारी भारतीय संस्कृति को बनाये रखेंगे। सती कथा प्रसंग में बताया कि भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष के यहां आयोजित यज्ञ में पहुंच गईं।

## 14 अप्रैल से तीन दिवसीय फिल्मोत्सव, होगा क्षेत्रीय कलाकारों का जुटान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** ट्राईबल फिल्म एकेडमी के तत्वावधान में चक्रधरपुर में तीन दिवसीय कोल्हान क्षेत्रीय फिल्मोत्सव-2023 का आयोजन होगा। इसे लेकर मंगलवार को होटल सागर में प्रेसवार्ता का आयोजन हुआ। प्रेसवार्ता के माध्यम से मारवाड़ी स्कूल कैम्पस पोड़ाहाट स्टेडियम में होने वाले तीन दिवसीय जनजातीय फिल्म महोत्सव कार्यक्रम की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बताया गया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 14 अप्रैल से होगा और समापन 16 अप्रैल को किया जाएगा। कार्यक्रम कोल्हान प्रमंडल स्तर पर होगा। जिसमें हो, मुंडा, उरांव, संथाल, भूमिज एवं अन्य आदिवासी कलाकार भाग लेंगे। कार्यक्रम के पहला दिन मॉडर्न डांस, दूसरा दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अंतिम दिन फिल्म प्रदर्शनी, कलाकारों का सम्मान तथा अवार्ड शो सहित विभिन्न आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया जाएगा। ट्राईबल फिल्म एकेडमी के अध्यक्ष मदन बोदरा ने बताया कि आदिवासी हो समाज युवा महासभा, सागोम तथा सिंगी एण्ड सिंगी सोसाईटी(प्रबंधएनएसएस) जैसे विभिन्न सामाजिक संगठन के सहयोग से चक्रधरपुर जैसे क्षेत्र में आदिवासी कलाकारों के लिए जनजातीय फिल्म महोत्सव रखा जा रहा है। महोत्सव से विभिन्न आदिवासी कलाकारों को जोड़कर फिल्म जगत की दिशा से अवगत कराएंगे । सहयोग तथा सरकार की सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए सभी आदिवासी कलाकारों को ट्राईबल फिल्म एकेडमी की ओर से प्रोत्साहित करेंगे।

प्रेसवार्ता में हो इंटरटेनमेंट के प्रोपाराईटर कालिया जामुदा, सरना फिल्म प्रोडक्शन के प्रोपराईटर सावन सोय, आदिवासी हो समाज युवा महासभा के राष्ट्रीय कमेटी के महासचिव गब्बर सिंह हेम्ब्रम, कलाकार प्रकाश उर्फ प्रियतम पुरती, लक्ष्मी बोदरा, अनिता कोड़ा जोंको, विवेक बांकिरा, साहिल मुर्मू, बल्ड डोनर फाउंडर रविन्द्र गिलुवा, आदिवासी हो समाज युवा महासभा के प्रदेश संगठन सचिव राहुल पुरती आदि लोग मौजूद थे।



## नशे में धुत्त बाइक सवार ने सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर में मारी टक्कर, दो की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मसलिया।** थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास सोमवार रात सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर में बाइक सवार तीन बाईक सवार युवकों ने टक्कर मार दी। जिसमें दो युवकों की मौत हो गई। जिसमें एक युवक बाबूशल किस्कू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे राजेश मरांडी ने मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के झुनको गांव के बाइक सवार युवकों ने पलासी सप्ताहिक हाट से नशे की हालत में वापस घर लौट रहे थे। नशे की हालत में होने की वजह से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट सड़क किनारे खड़ा ट्रैक्टर दिखाई नहीं दिया और उसी में पीछे से टक्कर मार दी।

सूचना मिलने पर मसलिया पुलिस मौके पर पहुंच घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद बाबुशल को मृत घोषित कर दिया। रात करीब दो बजे गंभीर रूप से घायल राजेश ने भी दम तोड़ दिया। एक अन्य घायल इलाजरत है। मौत के बाद परिजन अस्पताल प्रबंधन को बगैर कोई जानकारी दिए हुए शव लेकर चले गए। मंगलवार की सुबह मसलिया पुलिस को जब इसकी जानकारी मिली तो पुलिस ने गांव जाकर राजेश के शव को कब्जे में लिया।

मामले में थाना प्रभारी ईश्वर दयाल मुंडा का कहना है कि दोनों शवों को कब्जे में ले लिया गया है। पोस्टमार्टम करने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ट्रैक्टर को भी जब्त कर लिया गया है। बाइक चालक बाबूशल बिना हेलमेट के ही बाइक चला रहा था।